


13:10:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 280 epaper.rashtriyakhabar.com आश्विन, कृष्णपक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

समैर्विवाहं कुरुते न हीनैः समैः सख्यं व्यवहारं कलां च।

गुणैर्विशिष्टंश्च पुरो दधाचि विपश्चितस्तस्य नयाः सुनीताः॥

**भावार्थ** : जो मनुष्य विवाह, मित्रता आदि संबंध अपनी बराबरी के लोगों से करता है, अपने से हीन लोगों से घनिष्ठ संबंध नहीं बनाता, बड़े व प्रशंसित लोगों के बीच अपने कार्यों/ गुणों का बखान नहीं करता वह समझदार श्रेष्ठ आचरणों वाला कहा जाता है।




**पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 18.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .25 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .44 बजे

## मारन के खाते से चुराए गए पैसे वापस मिले

**चेन्नई**: द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन के खाते से ऑनलाइन साइबर जालसाजों द्वारा चुराई गई 99,999 रुपये की राशि वापस मिल गई है। श्री दयानिधि मारन के बैंक एक्सिस बैंक ने कहा कि खाते से चुराया गया पैसा वापस पा लिया गया है। इसके पहले श्री दयानिधि ने चेन्नई पुलिस की साइबर अपराध शाखा में शिकायत दर्ज कराई थी कि ऑनलाइन धोखेबाजों ने उनके खाते से 99,999 रुपये चुरा लिए हैं। उन्होंने शिकायत में आरोप लगाया कि ऑनलाइन धोखेबाज़ों ने सभी सामान्य सुरक्षा प्रोटोकॉल को दरकिनार करते हुए, नेट बैंकिंग ट्रांसफर के माध्यम से उनके एक्सिस बैंक बचत खाते से 99,999 रुपये चुरा लिए। ऐसे लेनदेन के लिए नियोजित मानक सुरक्षा पद्धति वन-टाइम पासवर्ड न तो उसके लिंक किए गए मोबाइल नंबर पर उत्पन्न हुई और न ही प्राप्त हुई।

## चंदा देने से इनकार करने पर पिता, पुत्र पर हमला

**अगरतला**: त्रिपुरा में दुर्गा पूजा के लिए जबरन चंदा वसूली के खिलाफ मुख्यमंत्री की चेतावनी के कुछ घंटों बाद सिपाहीजला जिले के बिशालगढ़ में पूजा आयोजकों के एक समूह ने बुधवार को अल्पसंख्यक समुदाय के परिवार के दो सदस्यों के साथ मारपीट की। रौथखला युबा संगठन के युवाओं के एक समूह ने बुधवार को एक पिता और उसके बेटे की कथित तौर पर पिटाई कर दी क्योंकि वे दुर्गा पूजा दान के रूप में पांच रुपये देने के लिए सहमत नहीं हुए थे। पिता को त्रिपुरा मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया गया और बेटे को गंभीर हालत में अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बिशालगढ़ पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आठ लोगों के खिलाफ एक विशिष्ट मामला दर्ज किया गया है ।

## पंजाब के पांच बड़े शहरों में निगम चुनावों की अधिसूचना जारी

**चंडीगढ़**: पंजाब सरकार ने राज्य के पांच बड़े शहरों जालंधर, लुधियाना, पटियाला, अमृतसर और फगवाड़ा में 15 नवम्बर को निगम चुनाव कराने की गुरुवार को घोषणा कर दी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यहां बताया कि इस सम्बंध में अधिसूचना जारी कर राज्य चुनाव विभाग को भी पत्र के माध्यम से राज्य सरकार ने अपने इस फैसले से औपचारिक तौर पर अवगत करा दिया है। अब चुनाव विभाग चुनाव कार्यक्रम तय कर इसकी घोषणा करेगा। अमृतसर, पटियाला, जालंधर और लुधियाना के महापौर और पार्षदों का कार्यकाल इस साल जनवरी में ही समाप्त हो चुका है और वहां चुनाव न कराने को लेकर राज्य सरकार पहले से ही विपक्ष के निशाने पर थी। राज्य सरकार ने इन निगमों में वॉर्डबंदी आदि का काम पूरा कर लिया है। उल्लेखनीय है राज्य में 39 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए भी चुनाव एक से 15 नवम्बर के बीच होंगे।

## ड्रोन के मलबे से 2 की मौत

**मॉस्को**: दक्षिणी रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में गुरुवार को वायु रक्षा बलों द्वारा एक ड्रोन को मार गिराए जाने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर ने यह जानकारी दी। बेलगोरोड क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर कहा, परिचालन सेवाओं द्वारा मलबे से दो लोगों के शव बरामद किए गए - एक पुरुष और एक महिला। उन्होंने कहा कि एक बच्चा अभी भी मलबे के नीचे फंसा हो सकता है। ग्लैडकोव ने कहा कि ड्रोन को बेलगोरोड शहर के पास पहुंचने पर मार गिराया गया। एक आवासीय इमारत पूरी तरह से नष्ट हो गई और मलबा गिरने से कम से कम दो लोग घायल हो गए।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**घने जंगल के इलाके में दुर्गाराम चौधरी ने की थी पूजा**

# संधिपूजा के वक्त तोप दागा जाता है यहां


▶▶ बादशाह अकबर से जुड़ा है इसका इतिहास

▶▶ नदिया के घने जंगलों में पहली पूजा हुई

▶▶ बलि के वक्त नारायण शिला हटायी जाती है

राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता**: नदिया जिला के इस पूजा की कहानी ऐतिहासिक है। कहा जाता है कि जेसोर (बांग्लादेश) के राजा प्रतापादित्य युद्ध में जाने वाले थे। वह बारह भूइयां के राजाओं में से एक थे। उन्होंने अपने छोटे बच्चे के देखभाल की जिम्मेदारी अपने दीवान दुगार्राम चौधरी को सौंप दी। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि अंदेशा था का बादशाह अकबर की सेना चारों तरफ हमला करने के लिए आगे बढ़ रही थी। कहा जाता है कि राजा के बेटे को बचाने के लिए ही दुगार्राम ने



मां दुर्गा की प्रतिज्ञा ली थी। वह इस बच्चे की जान बचाने के लिए चुपचाप पश्चिम बंगाल के नदिया के घने जंगलों में चले आये।

ऐतिहासिक कथन के मुताबिक जेसोर (अब बांग्लादेश में) के स्वतंत्र राजा ने झुकने से इनकार कर दिया। यह खबर सुनकर दिल्ली का बादशाह हैरान रह गया। सेनापति मानसिंह को बुलाया। उसने आदेश दिया कि प्रतापादित्य को जीवित या मृत पकड़ लिया जाए। गुप्तचर द्वारा यह समाचार पाकर प्रतापादित्य चिंतित हो गये। क्योंकि, जब युद्ध शुरू होगा तो उसके नाबालिग बेटे की जिम्मेदारी कौन लेगा। राजा के इस विचार को जानने के बाद दीवान दुगार्राम चौधरी ने नाबालिग राजकुमार को कार्यभार संभालने की बात कही। इसी बीच मान सिंह ने विशाल सेना के साथ जेसोर पर हमला कर दिया। दुगार्राम राजा के बेटे के साथ भागकर पश्चिम बंगाल के वर्तमान नादिया जिले के थानारपारा पुलिस स्टेशन के धोरादह गाँव में चले गए। तब चारों ओर जल ही जल और ।

›› पेज 2 भी देखें

**कार्यक्रम** › कौशल विकास मंत्रालय के दीक्षांत समारोह में पीएम का संबोधन

# कौशल विकास से युवाओं को वैश्विक अवसर: मोदी

▶▶ युवाओं के लिए नये अवसर बनते जा रहे हैं

▶▶ श्रम में महिलाओं की भागीदारी काफी बढ़ी है

▶▶ पहले की सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया था

राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली**: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत में रोजगार के नए अवसरों का निर्माण इस समय नयी ऊंचाइयों को छू रहा है ओर बेरोजगारी दर छह वर्ष के न्यूनतम स्तर पर है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार कौशल विकास को बढ़ा देश कर हमारे युवाओं के लिए वैश्विक स्तर पर अवसर बढ़ाने में लगी है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की अर्थव्यवस्था का जैसे-जैसे विस्तार हो रहा है, आप जैसे युवाओं के लिए नई संभावनाएं बनती जा रही हैं। अभी हाल ही में हुए एक सर्वे में सामने आया है कि भारत में रोजगार निर्माण एक नई ऊंचाई पर पहुंचा है। भारत में बेरोजगारी दर अपने छह साल के सबसे निचले स्तर पर है। श्री मोदी कौशल दीक्षांत समारोह को वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, दोनों में ही बेरोजगारी तेजी से कम हो रही है। जिसका मतलब है कि विकास का लाभ गांव और शहर, दोनों ही जगहों पर बराबर पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी देश के प्राकृतिक संसाधनों और सामर्थ्य को उपयोग में लाने के लिए जिस एक महत्वपूर्ण शक्ति की जरूरत होती है, वो है युवा शक्ति। और यह युवाशक्ति जितनी सशक्त होती है, उतना ही देश का विकास होता है, देश के संसाधनों के साथ न्याय होता है। उन्होंने कहा कि आज भारत इसी सोच के साथ अपनी युवाशक्ति को सशक्त कर रहा है, पूरे परिस्थितिकी तंत्र में अभूतपूर्व सुधार कर रहा है। और इसमें भी देश की

›› पेज 2 भी देखें



**मोदी पिथौरागढ़ पहुंचे , पार्वती कुंड में की पूजा अर्चना**

**नैनीताल**: प्रधामनंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार की सुबह उत्तराखंड के पिथौरागढ़ पहुंचे और पार्वती कुंड में पूजा अर्चना की तथा आदिकैलाश के दर्शन किये। श्री मोदी बरेली से सीधे चीन सीमा से सटे छोटे कैलाश (आदि कैलाश) पहुंचे। ज्योलिकोंग एयरपोर्ट से वह पार्वती कुंड पहुंचे और शिव एवं पार्वती की पूजा अर्चना की। यहां मौजूद पुरोहितों ने उन्हें पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना करायी। उन्होंने आदि कैलाश के दर्शन भी किये तथा डमरू और शंख भी बजाया। पार्वती ताल के किनारे बैठ कर उन्होंने आदि कैलाश पर्वत के दर्शन किये। प्रधानमंत्री यहां गुंजी पहुंचेंगे और उच्च हिमालयी क्षेत्र के गुंजी, नाभि, कुटी, बूंदी गांवों के ग्रामीणों से मुलाकात करेंगे। वह यहां भारत तिब्बत सीमा पुलिस, एसएसबी और सीमा सड़क संगठन के जवानों से भी मुलाकात की।

बिहार में बक्सर-आरा रेलखंड पर बेपटरी हुई नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस

# रेल हादसे में चार मरे सैकड़ों घायल



▶▶ घटनास्थल पर पहुंच स्थानीय ग्रामीण बने देवदूत

▶▶ रास्ता साफ करने में जुटी है रेलवे की पूरी टीम

▶▶ इस मार्ग की 31 ट्रेनें कैंसल व 95 का रूट डायवर्ट

राष्ट्रीय खबर

**बक्सर**: बक्सर और आरा के बीच रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के समीप विरान में दिल्ली से गुवाहाटी जा रही गाड़ी संख्या 12506 नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस बुधवार-गुरुवार की रात्रि करीब 9.50 बजे दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इस दौरान ट्रेन की सभी 21 बोगियां पटरी से उतर गईं, जिनमें एसी-3 टियर की दो बोगियां पलट गईं। इस हादसे में 4 यात्रियों की मौत होने की सूचना है जबकि सैकड़ों घायल हैं। मगर घायलों की स्थिति देख मौत के आंकड़े बढ़ने की संभावना है, स्थानीय सुत्रों के अनुसार राहत व बचाव दल तकरीबन दो घंटे के पश्चात मौके पर पहुंचे।

मगर ऐन मौके पर आसपास के सैकड़ों लोग देवदुत बनकर पहुंचे व घायलों को निकाल अस्पताल भेजवाये। नजदीकि रघुनाथपुर गांव सहित आस-पास के की गांवों से युवाओं की फौज ने प्राथमिक रूप से यात्रियों की मदद की। कोई पीने का पानी लाया तो कोई खाना। रेस्क्यू टीम को पहुंचने में 2 घंटे लगे। तब तक ग्रामीणों ने 150 से ज्यादा लोगों

›› पेज 2 भी देखें

मणिपुर में मैतेई आरक्षण का फैसला देने वाले जज का तबादला

# न्यायमूर्ति मुरलीधरण अब कोलकाता भेजे गये

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली**: सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम बुधवार को मणिपुर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति एम.वी. के स्थानांतरण की सिफारिश करने के अपने संकल्प पर कायम रहा। मुरलीधरन को बेहतर न्याय प्रशासन के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय में भेजा गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. की अध्यक्षता वाला कॉलेजियम। चंद्रचूड़ ने 9 अक्टूबर को न्यायमूर्ति मुरलीधरन को कलकत्ता उच्च न्यायालय में



स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया था। अगले ही दिन, 10 अक्टूबर को, न्यायमूर्ति मुरलीधरन ने कॉलेजियम से अनुरोध किया था कि या तो उन्हें उनके मूल मद्रास उच्च न्यायालय में वापस स्थानांतरित कर दिया जाए या उन्हें मणिपुर उच्च न्यायालय में ही रहने दिया जाए। कॉलेजियम को उनके द्वारा किए गए अनुरोधों में योग्यता नहीं दिख रही है। इसलिए, कॉलेजियम श्री न्यायमूर्ति मुरलीधरन को कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की अपनी 9 अक्टूबर, 2023 की सिफारिश को दोहराने का संकल्प लिया। कॉलेजियम ने कहा कि उसने न्यायमूर्ति मुरलीधरन के स्थानांतरण की सिफारिश करने से पहले मणिपुर उच्च न्यायालय और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के मामलों से परिचित सुप्रीम कोर्ट के

›› पेज 2 भी देखें

## केंद्रीय योजनाओं मे गड़बड़ी उजागर करने वालों का तबादला

**नईदिल्ली**: नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने उन अधिकारियों का तबादला कर दिया है, जिनमें तीन ऐसे भी शामिल हैं जो संयोगवश मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश की गई बारह प्रमुख ऑडिट रिपोर्टों में से दो से जुड़े थे और उनके प्रभारी थे। सीएजी की इन बारह रिपोर्टों से केंद्र सरकार के कई मंत्रालयों और विभागों के कामकाज में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का खुलासा हुआ। संसद का मानसून सत्र, जहां ये रिपोर्टें पेश की गईं, 11 अगस्त को समाप्त हो गया। स्थानांतरण आदेश 12 सितंबर को जारी किए गए। पता चला है कि जिन दो भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा अधिकारियों का तबादला किया गया है, वे उन ऑडिट रिपोर्टों के प्रभारी थे, जिन्होंने द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना और आयुष्मान भारत में भ्रष्टाचार का खुलासा किया था। आयुष्मान भारत रिपोर्ट का ऑडिट शुरू करने वाले तीसरे अधिकारी का भी तबादला कर दिया गया। सीएजी कार्यालय के 12 सितंबर के आदेश 1901 के अनुसार, ए सिन्हा, जो ऑडिट, इंफ्रास्ट्रक्चर (पीडीए, इंफ्रास्ट्रक्चर), नई दिल्ली के प्रधान निदेशक थे, को स्थानांतरित कर महालेखाकार (ए एंड ई), केरल के रूप में तैनात किया गया है। सिन्हा को मार्च 2023 में ही पीडीए, इंफ्रास्ट्रक्चर पद सौंपा गया था। आदेश में कहा गया है कि पीडीए, इंफ्रास्ट्रक्चर के पद का अतिरिक्त प्रभार राजीव कुमार पांडे के पास रहेगा। उन्होंने भारतमाला परियोजना चरण- क(बीपीपी -1) के कार्यान्वयन के तहत राजमार्ग परियोजनाओं पर सीएजी रिपोर्ट के प्रभारी थे, जिसमें अनियमितताओं के उदाहरण पाए गए थे। सीएजी कार्यालय के आदेश 1902, दिनांक 12 सितंबर के अनुसार, दत्तप्रसाद सूर्यकांत शिरसाट निदेशक (एएमजी क्क), लेखापरीक्षा महानिदेशक, केंद्रीय व्यय, नई दिल्ली को 'स्थानांतरित कर दिया गया है और मौजूदा पद पर इस कार्यालय में निदेशक (कानूनी) के रूप में तैनात किया गया है।

मोदी के उत्तराखंड दौरे के बीच ही कांग्रेस ने कहा यह लूट है

# गंगाजल पर जीएसटी के सवाल पर घमासान

▶▶ विभाग ने आनन फानन में सफाई जारी की

▶▶ कांग्रेस ने पूछा आखिर मणिपुर कब जाएंगे

▶▶ मल्लिकार्जुन खडगे ने खुद की टिप्पणी

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली**: कांग्रेस ने आज गंगाजल पर कथित तौर पर 18 प्रतिशत जीएसटी के सवाल पर केंद्र सरकार को घेरा। यह बयान उस वक्त पर आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद गंगा के उदगम वाले राज्य उत्तराखंड के दौरे पर हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने




यह सवाल भी जड़ दिया कि चारों तरफ घूमने के बाद भी प्रधानमंत्री आखिर मणिपुर का दौरा कब करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने एक्स पर यह बयान जारी किया। उन्होंने लिखा, मोदी जी, मोक्ष प्रदाता मां गंगा का महत्व एक आम भारतीय के लिए जन्म से लेकर जीवन के अंत तक बहुत अधिक है। अच्छा है कि आप आज उत्तराखंड में हैं, लेकिन आपकी सरकार ने पवित्र गंगा जल पर ही 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया है। आपने एक बार भी नहीं सोचा कि जो लोग अपने घर में गंगा जल रखने का आदेश देते हैं उन पर कितना बोझ पड़ेगा। यह

›› पेज 2 भी देखें

**टिप्पणी** › कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रदूषण के साथ रिश्ता भी जांचा परखा गया

# ए आई की बिजली खपत किसी छोटे देश जितनी होती है

▶▶ समय की बचत का फायदा लेकिन

▶▶ ऊर्जा खपत का आकलन बहुत अधिक

▶▶ अधिक ऊर्जा यानी अधिक प्रदूषण भी है

राष्ट्रीय खबर

**रांची**: आज के दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग बढ़ता ही जा रहा है। यहां तक कि जटिल चिकित्सा अथवा शल्य चिकित्सा में भी यह विधि डाक्टरों की मदद करने लगी है। दूसरी तरफ रोबोटिक्स की दुनिया में भी इसकी



वजह से तेजी से तरक्की हो रही है। इसके बीच ही यह नया चिंता का विषय सामने आया है कि इसमें बिजली की खपत बढ़ रही है जो प्रदूषण को बढ़ावा देने वाली है। एक आकलन के मुताबिक यह एआई एक छोटे देश जितनी बिजली का उपयोग कर सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कोडर्स को तेजी से कोड करने में मदद करने, ड्राइवरों को सुरक्षित ड्राइव करने और दैनिक कार्यों को

›› पेज 2 भी देखें

## एआई सेवा की बढ़ती मांग को देखते हुए

एआई सेवा की बढ़ती मांग को देखते हुए, यह बहुत संभावना है कि आने वाले वर्षों में एआई से संबंधित ऊर्जा खपत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, पीएचडी लेखक यूनिवर्सिटिट एम्स्टर्डम के एलेक्स डी व्रीस कहते हैं। 2022 के बाद से, जेनरेटिव एआई, जो टेक्स्ट, इमेज या अन्य डेटा का उत्पादन कर सकता है, में तेजी से वृद्धि हुई है, जिसमें ओपनएआई का चैटजीपीटी भी शामिल है। इन एआई उपकरणों को प्रशिक्षित करने के लिए मॉडलों को बड़ी मात्रा में डेटा फीड करने की आवश्यकता होती है, यह प्रक्रिया ऊर्जा गहन है। न्यूयॉर्क स्थित एआई-डेवलपिंग कंपनी हगिंग फेस ने बताया कि उसके बहुभाषी टेक्स्ट-जनरेटिंग एआई टूल ने प्रशिक्षण के दौरान लगभग 433 मेगावाट-घंटे (एमडब्ल्यूएच) की खपत की, जो एक वर्ष के लिए 40 औसत अमेरिकी घरों को बिजली देने के लिए पर्याप्त है। एआई का ऊर्जा फुटप्रिंट प्रशिक्षण के साथ समाप्त नहीं होता है। डी व्रीज के विश्लेषण से पता चलता है कि जब उपकरण को काम पर लगाया जाता है - संकेतों के आधार पर डेटा उत्पन्न करना - हर बार जब उपकरण एक पाठ या छवि उत्पन्न करता है, तो यह महत्वपूर्ण मात्रा में कंप्यूटिंग शक्ति और इस प्रकार ऊर्जा का भी उपयोग करता है। उदाहरण के लिए, चैटजीपीटी को चलाने में प्रतिदिन 564 एमडब्लूयएच बिजली खर्च हो सकती है।

मौसम के बदलाव के बीच अमेजन का इलाका सूखे की चपेट में

# पानी की कमी से तैरता हुआ गांव सूखी झील में फंसा

राष्ट्रीय खबर

**मनोस**: अमेजन के इलाके में एक तैरता हुआ गाँव सूखी झील के किनारे फँसा हुआ है क्योंकि अमेजन भयंकर सूखे की चपेट में है तैरता हुआ गाँव में रहने वालों को अब गंभीर सूखे के कारण भोजन, ताजा पानी और ईंधन तक पहुँचने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पुराकेक्वारा झील में नाटकीय रूप से घटते जल स्तर ने नावें और तैरती इमारतों को कीचड़ में डूबो दिया है। यह ब्राजील के इस हिस्से पर गर्मी और सूखे के



विनाशकारी प्रभावों का नवीनतम उदाहरण है - इस महीने की शुरूआत में पानी का तापमान बढ़ने के कारण सौ से अधिक नदी डॉलफिन किनारे पर बहकर मर गईं - और अधिकारियों का कहना है कि स्थिति और खराब होने वाली है।

राज्य के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण के अनुसार, पुराक्वेक्वारा झील रियो नीग्रो नदी प्रणाली का हिस्सा है, जो

›› पेज 2 भी देखें

**अवार्ड** 222 खिलाड़ियों व 52 प्रशिक्षकों को मिला हेमंत सोरेन के हाथों कैश अवार्ड

# आने वाला समय देश का कोई भी खेल बिना झारखंड के खिलाड़ी पूरा नहीं हो पाएगा:सीएम

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** सीएम हेमंत सोरेन के हाथों गुरुवार को 270 से अधिक खिलाड़ियों, कोचों को कैश अवार्ड से सम्मानित किया गया। खेल-कूद एवं युवा कार्य निदेशालय की ओर से मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खेलगांव में आयोजित सम्मान राशि वितरण समारोह में सम्मानित किया गया। इनमें 21 खेलों के 222 प्लेयर्स और 15 खेलों के 52 कोच भी शामिल थे।

इनके बीच करीब 5 करोड़ रुपये का अवार्ड बांटा गया।इस दौरान सीएम ने कहा कि राज्य में खेल गतिविधियों, खेल संस्कृति विकसित करने पर उनकी व्यक्तिगत रुचि भी रही है। सरकार खिलाड़ियों, कोचों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी प्रयासरत है। मौके पर खेलमंत्री हफिजुल हसन अंसारी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, सीएम की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, सीएम के सचिव विनय चौबे, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव, रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसएसपी रांची व कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल थे।

सम्मान समारोह में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इस तरह का स्टेडियम (खेलगांव) भारत में यदा-कदा ही है। इसमें भी झारखंड एक नंबर पर आएगा। इस स्टेडियम की शोभा आज यहां उपस्थित खिलाड़ी व प्रशिक्षक बढ़ा रहे हैं। खेलगांव के अंदर खेलों का प्रदर्शन व आयोजन जिस तरीके से हो रहा है कि इस खेलगांव का जो संदेश है, वो संदेश सिर्फ झारखंड ही नहीं पूरे देश-दुनिया में गूंजे। हम इस परिकल्पना के साथ आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं कि आने वाला समय देश का कोई भी खेल बिना झारखंड के खिलाड़ी पूरा नहीं हो पाएगा।हर खेल में हमारे महिला-पुरुष खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। हर खेल में झारखंड के खिलाड़ी अपना हुनर का प्रदर्शन करें।

खिलाड़यों को तराशने का काम सरकार करेगी। खेल पर वे खुद नजर बनाए रखते हैं। जो 20 वर्षों में नहीं हो पाया, या कहें कि गाड़ी थम सी गई थी, खिलाड़यों को समझ नहीं आ रहा था कि क्या करें, लेकिन अस उनके भविष्य की चिंता अब सरकार करेगी।सीएम ने कहा कि राज्य में खेल का नया समां बांधने की कोशिश शुरू है। हमारे यहाँ के कई हॉकी खिलाड़ी भारतीय टीम में खेल रहे हैं। इसे देखते झारखंड में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन का प्लान हुआ। संबंधित खेल संगठनों और हॉकी इंडिया के सहयोग से अब रांची में वीमेन एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। इस चैंपियनशिप का आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। हर वर्ष एक बड़ा टूनार्मेंट कराने का प्रयास होगा। देश में झारखंड पहला राज्य होगा जहाँ खिलाडियों का डाटा संग्रह करते योजनाएं तैयार होंगी।

गौरतलब है कि सम्मान समारोह में वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए अलग-अलग इवेंट में पदक जीतने वाले 222 खिलाड़ियों के बीच 4 करोड़ 46 लाख 20 हजार रुपए सम्मान राशि के तौर पर बांटे गए। इसके अलावा साल 2022-23 के लिए कुल 52 खेल प्रशिक्षकों के बीच 48 लाख 30 हजार रुपए पुरस्कार राशि बांटी गई। पुरस्कार के लिए जिन 222 खिलाड़ियों का चयन हुआ, उनमें सबसे ज्यादा राशि लॉन बॉल के खिलाड़ियों में रूपा रानी तिर्की, लवली चौबे, चंदन कुमार सिंह, सुनील बहादुर और दिनेश कुमार शामिल रहे।रूपा रानी तिर्की और लवली चौबे को 47-47 लाख रुपए बतौर नकद पुरस्कार से नवाजा गया। सीएम ने चीन के हांगझाऊ में हुए एशियन गेम्स के महिला हॉकी में ब्रांज मेडल जीतने वाली झारखंड की सलीमा, निक्की व संगीता को 12-12 लाख रूपए दिए।

## राज्यपाल से मिले सीएम हेमंत सोरेन कई विषयों पर हुई दोनों में चर्चा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। राजभवन के सूत्रों के अनुसार यह शिष्टाचार मुलाकात थी। मुख्यमंत्री बीच-बीच में राजभवन आते हैं और राज्य में चल रही गतिविधियों और सरकार के कार्यों की जानकारी राज्यपाल को देते हैं। मुख्यमंत्री के राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने स्वागत किया और उनको राज्यपाल के कक्ष तक ले गये। सीएम के साथ प्रधान सचिव वंदना दादेल और सचिव विनय चौबे भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुष्पगुच्छ देकर राज्यपाल का अभिवादन किया। दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। सीएम कुछ बिंदुओं को लेकर विस्तार से राज्यपाल को बताते नजर आए। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि किन-किन बिंदुओं पर चर्चा हुई। इससे पहले राज्यपाल और सीएम ने तस्वीरें भी खिंचवाई।

झारखंड में भ्रष्ट ब्यूरोक्रेट्स रूपी घोड़े को चरने की मिली है छूट

## ईडी के आग्रह के बाद भी नहीं दर्ज हो रही एफआइआर: बीजेपी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्वैच्छिक सेवानिवृत आइपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव ने गुरुवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते कहा कि राज्य के कई वरीय पदाधिकारी आज भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। ईडी ने पर्याप्त प्रमाण व सबूतों के साथ सरकार को पत्र लिखा है। झारखंड को हमारे पुरखों ने खून पसीने से सींचा है। यह राज्य पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की देन है लेकिन आज जिस प्रकार से वर्तमान राज्य सरकार ने इसे भ्रष्टाचार में आकंठ डुबा दिया है, उससे चिंता होती है। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी उपस्थित रहे।अरुण उरांव ने कहा कि जिन पदाधिकारियों की जिम्मेवारी राज्य को सजाने और संवारने की थी, वे आज लूट, भ्रष्टाचार में शामिल हो चुके हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इन बातों से दुखी होकर उन्होंने राज्य के सबसे बड़े पदाधिकारी मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। ब्यूरोक्रेसी राज्य की स्टील फ्रेम होती है लेकिन आज उसमें ही जंग लग गया है। राज्य को दीमक की तरह ये ब्यूरोक्रेसी खाने में जुटी है। राज्य के कई ऐसे शीर्ष पदाधिकारियों के नाम अखबारों में आये भी हैं। करेक्ट एंड स्टिक की पॉलिसी अपनायी जानी चाहिए। जो ईमानदार हैं, काम करते हैं, उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और जो भ्रष्ट हैं, उन्हें उचित दंड भी मिलना चाहिए। लेकिन यहां ऐसा नहीं हो रहा।आरोपी अधिकारियों के खिलाफ ईडी ने परिश्रम कर के साक्ष्य इकट्ठे किए और राज्य सरकार को शेयर किया है। जैसा कि अपराध नियंत्रण की धारा 6(2) ऐसा निर्देश ईडी को प्राप्त है। जिस पर शीघ्र कारवाई की जिम्मेवारी सरकार की बनती है। बावजूद इसके सरकार चुप्पी साधे बैठी है। इससे राज्य का बड़ा नुकसान हो रहा है। साथ ही भ्रष्ट अधिकारियों और उनके मातहत लोगों का मन भी बढ़ रहा। आज राज्य में काम करने वाले ईमानदार और विकास चाहने वाले अधिकारी हाशिए पर हैं। राज्य सरकार को अलग अलग विभागों में प्रभावी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करनी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं होते देख अच्छे पदाधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गये।

## भाजपा नेताओं को चुल्लू भर पानी में डूब कर मर जाना चाहिए : नायक

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह सूचना अधिकार कार्यकर्ता विजय शंकर नायक ने आज ही के दिन सूचना अधिकार कानून संपूर्ण भारत पर लागू किए जाने एवं आरटीआई दिवस पर अपने प्रतिक्रिया में कहीं । इन्होंने यह भी बताया कि आज ही के दिन केंद्र में बैठी पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने दिनांक 12.10.2005 को सूचना अधिकार कानून को संपूर्ण भारत में लागू कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया था ताकि देश की जनता इस कानून के माध्यम से सरकारी कागजातों तक अपनी पहुंच बना सके, कोई भी आम आदमी आरटीआई के माध्यम से सरकार से कोई भी दस्तावेज मांग कर ले सके। आजाद भारत में पहली बार एक ऐसा कानून कांग्रेस की सरकार ने देश को दिया जिससे काफी क्रांतिकारी अमूल- चूल परिवर्तन किए गए और भ्रष्टाचारियों के नकेल भी कसे गए थे । मगर आज यह कानून झारखंड में मृत प्राय हो चुका है आज 3 वर्ष से अधिक हो चुके हैं, राज्य सूचना आयोग मृत प्राय होने से सूचना आमजनो को नहीं मिल पा रहा है और तो और राज्य के सूचना आयोग में 25,000 से अधिक द्वितीय अपीलवाद एवं शिकायतवाद वर्षो से लंबित पड़े हुए हैं तो सरकारी कार्यालयो में लाखों आवेदन पेंडिंग है। कोई देखने या सुनने वाला नहीं है । 9 मई 2020 से ही राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त के सभी पद रिक्त पड़े हुए। श्री नायक ने आगे बताया कि पूर्व के मुख्यमंत्री श्री अर्जुन मुंडा के कार्यकाल में राज्य सूचना आयोग में 10 सूचना आयुक्त के पद सृजत कर 10 पदों में सूचना आयुक्त का मनोनयन कर दिया गया था वह सूचना अधिकार कानून के लिए स्वर्णिम काल था । आज हेमंत और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने पर 10 सूचना आयोग के पदों को कम कर मात्र 6 सूचना आयुक्त का पद बनाया गया और 4 सूचना आयुक्त के पद को खत्म तो किया ही गया साथ ही साथ सूचना आयोग को भी डेड कर दिया गया ।

## निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक रखी जारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** 2021 में हुए मधुपुर उपचुनाव के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज 4 प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार द्वारा कुछ अतिरिक्त दस्तावेज को प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की गई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक इन सभी 4 मामलों में निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवी की।बता दें कि निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयान बाजी को लेकर देवघर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। याचिका में प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि घटना के 6 माह के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। दरअसल, मधुपुर उपचुनाव के दौरान कि निशिकांत दुबे पर कुल 4 प्राथमिकी मधुपुर सब डिवीजन के अलग-अलग थानों में की गई थी। प्रार्थी का कहना था कि प्राथमिकी में जो सेक्शन लगाए हैं उसमें सिर्फ कंप्लेंट केस हो सकता है एफआई आर नहीं। बता दें कि मामले को लेकर देवघर टाउन थाना में कांड संख्या 527/2021 दर्ज किया गया था।

**प्रदर्शन** लाठी चार्ज के विरोध में आक्रोशित कर्मियों ने आज मुख्यालय सड़क को किया जाम

## मोदी सरकार न तो एचइसी का और न कर्मियों का भला चाहती है : सुबोधकांत

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** एचइसी कर्मियों पर बुधवार को हुई लाठी चार्ज के विरोध में आज कर्मियों ने एचइसी हेडक्वाटर रोड को जाम कर जमकर नारेबाजी की। लाठी चार्ज से आक्रोशित कर्मी इस रोड से किसी भी वाहन को आने जाने नहीं दे रहे थे। सड़क जाम कर रहे कर्मियों का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि एक तो एचइसी प्रबंधन यहां के कामगारों को पिछले कई महीनों से वेतन नहीं दे रहा है। उपर से हक के लिए उठाने वाले कामगारों पर लाठी चार्ज कराता है। यह सब नहीं चलने वाली है। एचइसी प्रबंधन होश में आ जाये नहीं तो अधिकारियों को जोरदार विरोध का सामना करना पड़ेगा। सुबोधकांत ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के कारण एचइसी के कामगारों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हुई है। क्योकि पिछले 19 महीनों से यहां के कर्मियों को वेतन नहीं दिया गया है। बार बार के आग्रह के बाद भी केंद्र की मोदी सरकार चुप्पी साधे हुई है। जो स्पष्ट कराता है कि केंद्र सरकार न तो एचइसी को पुनरूद्धार करना चाहती है और न ही यहां के कामगारों को भला चाहती है। दरअसल करीब 19 महीने का वेतन बकाया होने से एचइसी कर्मियों के सब्र का बांध बुधवार को टूटा। जब एचइसी कर्मियों ने बकाया वेतन भुगतान की मांग करते हुए निदेशक (वित्त) राजेश कुमार द्विवेदी और निदेशक (उत्पादन) एसडी सिंह का घेराव कर दिया। जिससे अधिकारी करीब नौ घंटे तक अपने कार्यालय में ही बंधक बने रहे। शाम के समय अधिकारियों ने सीआइएसएफ की सुरक्षा में बाहर निकलने की कोशिश की। तो कर्मियों ने विरोध शुरू कर दिया। इस लाठीचार्ज के बाद एचईसी कर्मियों में काफी आक्रोश है। इसके विरोध में एचईसी कर्मियों ने आज सुबह से ही एचईसी हेडक्वाटर रोड को जाम कर रखा है। एचईसी कर्मियों का कहना है कि हम अपनी मांग शांति पूर्ण ढंग से रख रहे थे। ऐसे में हमारे उपर लाठीचार्ज किया गया। यह हम बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारे उपर सीआइएसएफ के जवानों ने ऐसे लाठी चलाई जैसे हम कोई अपराधी हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सीआईएसएफ ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर लाठी चार्ज किया। ऐसे में चाठीचार्ज करने वाले जवानों को सस्पेंड किया जाए और उनके लंबित वेतन दिया जाए।

## पेज एक का शेष

### संधिपूजा के वक्त तोप.. ..

घना जंगल था। वह उसमें नाबालिग राजकुमार के साथ छिपकर दिन बिताने लगा। कुछ दिनों बाद युद्ध खत्म होने की खबर सुनकर दीवान दुगार्राम ने राजा को सूचित किया कि उसका बेटा ठीक है। अपने बेटे की जान बचाने के लिए प्रतापदित्य ने खुशी-खुशी दुगार्राम को पांच महल दान में दे दिये। पांच महलों का एक महल वर्तमान धोराडाह है। दुगार्राम ने इसी घने जंगल को साफ करके पुआल की छत वाली एक छोटी झोपड़ी में दुर्गा पूजा शुरू की। बाद में 1753 में वहां पक्का चबूतरा का निर्माण कर भव्यता के साथ दुर्गा पूजा की शुरूआत की गई। उसी परंपरा के अनुसार पूजा आज भी जारी है।

दुगार्राम चौधरी के वंशज पुष्पेन चौधरी ने कहा, हमने पिता और दादा से सुना है कि एक ही लकड़ी में बनी सभी मूर्तियों की मूर्ति की पूजा की जाती थी। उस समय मां सोने के आभूषण पहनती थीं। 100 ढाक बजाए जाते थे और संधि पूजा के वक्त तोपे दागकर इसकी सार्वजनिक जानकारी दी जाती थी। इस पूजा को अब इलाके में बुड़िमा की पूजा यानी बुढ्ढी मां की पूजा के नाम से जाना जाता है। यहां की पूजा देवी को विभिन्न प्रकार की मछलियों का भोग लगाया जाता है। इस पूजा मंडप में शालग्राम शिला, मां मंगलचंडी और बाणेश्वर की पूजा की जाती है। मछली चढ़ाते समय नारायण शिला को वेदी से उतारकर ले जाया जाता है।

### कौशल विकास से युवाओं .. ..

अप्रोच दोतरफा है। हम अपने युवाओं को कौशल और शिक्षा के माध्यम से नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार कर रहे हैं और सरकार करीब चार दशक बाद नई शिक्षा नीति लेकर आयी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार काम देने वाले और परंपरागत क्षेत्रों को बढ़ावा दे रही है। आज पूरी दुनिया मान रही है कि ये सदी भारत की सदी होने वाली है। और इसके पीछे भी बहुत बड़ी वजह भारत की युवा आबादी ही है।

### रेल हादसे में चार मरे .. .. ..

को बोगियों से बाहर निकाला लिया था तथा जरुरतमंदों को अस्पताल पहुंचाया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात को कोई सो रहा था तो कोई सोने की तैयारी में था इसी दौरान ट्रेन दुर्घटना की खबर आग की तरह फैल गई। बिना देरी किए लोग घटनास्थल की ओर निकल पड़े। मौके पर काफी अंधेरा था मोबाइल के रौशनी में बोगियां जमीन पर बिखरी नजर आई। लोगों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और सैकड़ो घायल, फंसे रोते-चिल्लाते लोगों को बोगियों से बाहर निकाला। घायलों, जरूरतमंदों को अस्पताल भेजवाया गया।

इस दौरान करीब 2 घंटे के बाद रेस्क्यू टीम भी पहुंच गई। फिर भी लोग बिना हारे डटे रहे और रेस्क्यू टीम के साथ लोगों की मदद में जुटे रहे। रुप को क्लियर करने के लिए रेलवे जुटा हुआ है। हादसे के दूसरे दिन भी दिल्ली-हावड़ा रेल रूट ठप है। ट्रैक पर नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस की 21 बोगियां बिखरीं पड़ी हैं। इसे क्लियर करने में 300 से ज्यादा कर्मचारी लगे हुए हैं। रेलवे के मुताबिक रात तक एक ट्रैक शुरू किया जा सकता है। हादसे के बाद से अब तक 31 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। 95 का रूट डायवर्ट किया गया है।

सुबे के मुखिया नीतीश कुमार ने घटना की शोक जताई है तथा मृतकों के परिजनों को चार लाख व घायलों को 50 हजार की मुआवजा राशि देने का एलान किया है। गुरुवार की सुबह केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी घटना स्थल पर पहुंचे व स्थिति का जायजा लिया। अश्विनी चौबे ने कहा कि 4 लोगों की मौत हुई है। करीब 75 लोगों को चोटें आई है। स्थानीय लोगों ने बहुत मदद की, जिसके कारण घायलों को रेस्क्यू करना आसान हुआ। भाजपा नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि दुर्घटना कैसे हुई, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल लोगों को बचाना जरूरी है।

### न्यायमूर्ति मुरलीधरण अब कोलकाता .. ..

न्यायाधीश से परामर्श किया था। कॉलेजियम ने जुलाई में मणिपुर उच्च न्यायालय के नियमित मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल की सिफारिश की थी। सरकार ने पत्र लिखकर कहा था कि वह जल्द ही मणिपुर के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति मृदुल की नियुक्ति की अधिसूचना जारी करेगी। न्यायमूर्ति मुरलीधरन द्वारा 27 मार्च को पारित एक आदेश, जिसमें मणिपुर सरकार को निर्देश दिया गया था कि वह मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने के लिए याचिकाकताओं के मामले पर शीघ्रता से विचार करें को जातीय हिंसा के लिए प्रमुख कारण माना जाता है, जिसकी आग अब भी सुलग रही है।

### गंगाजल पर जीएसटी के सवाल .. ..

आपकी सरकार की लूट और पाखंड की पराकाष्ठा है। पार्टी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मणिपुर की स्थिति पर एक एनिमेटेड वीडियो भी डाला, जिसमें शवों के पड़े होने और हिंसा के कारण राज्य के जलने के दृश्य दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस ने कहा, देश पूछ रहा है- पीएम मोदी मणिपुर कब जाएंगे।

कांग्रेस का बयान आते ही संभावित राजनीतिक हंगामा को भांपते हुए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने गुरुवार को एक स्पष्टीकरण जारी किया जिसमें कहा गया कि गंगा नदी का पानी जीएसटी से मुक्त है। सीबीआईसी ने कहा, देश भर के घरों में पूजा में गंगाजल का उपयोग किया जाता है और पूजा सामग्री को जीएसटी के तहत छूट दी गई है।

### ए आई की बिजली खपत .. .. ..

कम समय लेने वाला बनाने के वादे के साथ आता है। लेकिन 10 अक्टूबर को जर्नल जूल में प्रकाशित एक टिप्पणी में, डिजीकोनॉमिस्ट के संस्थापक ने दशार्या कि व्यापक रूप से अपनाए जाने पर यह उपकरण एक बड़ी ऊर्जा पदचिह्न हो सकता है, जो भविष्य में कुछ देशों की बिजली मांगों से अधिक हो सकता है।

गूगल कंपनी की ईमेल सेवा में जेनरेटिव ए आई को शामिल कर रहा है और ए आई के साथ अपने सर्च इंजन को सशक्त बनाने का परीक्षण कर रहा है। कंपनी वर्तमान में प्रतिदिन 9 बिलियन खोजों तक की प्रक्रिया करती है। उसे प्रति वर्ष जितनी बिजली की आवश्यकता होगी, जो आयरलैंड की वार्षिक बिजली खपत के बराबर है।

अनुमान के आधार पर 2027 तक दुनिया भर में एआई से संबंधित बिजली की खपत सालाना 85 से 134 टी डब्ल्यू एच तक बढ़ सकती है। यह राशि नीदरलैंड, अर्जेंटीना और स्वीडन जैसे देशों की वार्षिक बिजली खपत के बराबर है।

### पानी की कमी से तैरता हुआ .. ..

सितंबर के अंत से रिकॉर्ड निचले स्तर के करीब है। प्राधिकरण के एक प्रवक्ता ने बताया, जल स्तर में गिरावट का गहरा प्रभाव पड़ रहा है। कुछ निवासियों ने पानी तक पहुँचने के प्रयास में टूटी हुई झील के तल में कुएँ खोदने का सहारा लिया है।

स्थानीय निवासी इसहाक रोड्रिग्स ने बताया, हमारी दुकानों पर कोई ग्राहक नहीं है। हम अलग-थलग हैं, नावें झील में प्रवेश या बाहर नहीं जा सकती हैं, ।हम तब तक यहीं रहेंगे जब तक भगवान हमें पानी नहीं भेज देते। भीषण सूखा पूरे राज्य में फैला हुआ है। नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने सोमवार को सीएनएन को बताया कि राज्य की 62 में से बयालीस नगर पालिकाएं आपातकालीन स्थिति में थीं और 300,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। हालात और भी खराब होने की आशंका है। राज्य प्राधिकरण के प्रवक्ता ने कहा, अगले कई हफ्तों में लगभग 500,000 लोगों और 50 नगर पालिकाओं के प्रभावित होने की संभावना है। सितंबर के अंत में, अमेजॉन के गवर्नर विल्सन लीमा ने आपातकाल की स्थिति घोषित की और सूखे से सबसे अधिक प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराने सहित सहायता उपायों के एक पैकेज की घोषणा की।

यह भीषण सूखा, राज्य की नदियों में वन्य जीवन को भी नष्ट कर रहा है। मनौस के पश्चिम में लेक टेफे में 100 से अधिक डॉलफिन की असामान्य मौतें पानी के अत्यधिक उच्च तापमान से जुड़ी हो सकती हैं। इस चरम घटना का कारण निर्धारित करना अभी भी जल्दबाजी होगी लेकिन हमारे विशेषज्ञों के अनुसार, यह उच्च तापमान से जुड़ा है।

## शहर >> अपडेट

### डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**रांची**: झारखंड शिक्षा परियोजना, रांची द्वारा जिला स्तरीय कला उत्सव 2023 का आयोजन 10 और 11 अक्टूबर को दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में 50 विद्यालयों के 300 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अपनी उत्कृष्ट कला एवं कौशल का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहराया एवं विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया।शाइना गुप्ता ने टू-डी पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एवं वेद वत्सल ने टू-डी पेंटिंग प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

**हेल्थ रिव्यू**

ईडी ने रिम्स प्रबंधन से मांगी है स्वास्थ्य रिपोर्ट

# कारोबारी विष्णु अग्रवाल का नहीं हो सका हेल्थ रिव्यू

- विष्णु अग्रवाल काफी दिनों से रिम्स में भर्ती हैं
- कल विष्णु अग्रवाल का हेल्थ रिव्यू किया जाएगा

राष्ट्रीय खबर

**रांची**: गलत दस्तावेज पर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में ईडी की कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेजे गए विष्णु अग्रवाल काफी दिनों से रिम्स में भर्ती हैं। उनके लंबे दिनों से जेल की जगह अस्पताल में रहने के बाद ईडी की ओर से स्वास्थ्य रिपोर्ट की मांग की गई थी। इसके बाद 12 अक्टूबर को रिम्स की विशेष मेडिकल बोर्ड द्वारा विष्णु अग्रवाल का हेल्थ रिव्यू हुआ, ज्ञात है कि तबीयत खराब होने पर कारोबारी विष्णु अग्रवाल को रिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां मेडिसीन विभाग के हेड डॉ विद्यापति के यूनिट में उनका इलाज चल रहा है। डॉ विद्यापति के अनुसार अभी विष्णु अग्रवाल की तबीयत स्थिर है। मीडिया को बताया कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप और इंफेक्शन की शिकायत के साथ विष्णु अग्रवाल को रिम्स में भर्ती कराया गया था।10 अक्टूबर को रिम्स के हाई लेवल मेडिकल बोर्ड जिसमें रिम्स अधीक्षक डॉ हितेंद्र बिरुआ, डॉ विद्यापति, डॉ शशिबाला सहित अन्य चिकित्सकों ने पूजा सिंघल के स्वास्थ्य की जांच की थी।




अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिम्स प्रबंधन ने पूजा सिंघल की हेल्थ रिपोर्ट ईडी को भेज दी है। गौरतलब हो कि ईडी ने रिम्स प्रबंधन से यह पूछा था कि किस वजह से पूजा सिंघल और विष्णु अग्रवाल को रिम्स में भर्ती कर रखा गया है।अगर स्वास्थ्य समस्या अधिक है तो अभी तक मेडिकल बोर्ड का गठन क्यों नहीं हुआ। इन सवालों के जवाब में रिम्स प्रबंधन ने आनन-फानन में पूजा सिंघल की मेडिकल बोर्ड से जांच कराकर रिपोर्ट ईडी को भेज दी है और कल विष्णु अग्रवाल का हेल्थ रिव्यू किया जाएगा।

रांची में सड़क पर उतरे एचईसी कर्मचारी

## लाठीचार्ज के विरोध में किया जाम, 19 महीने से नहीं मिला है वेतन





राष्ट्रीय खबर

**रांची**: एचईसी कर्मचारियों ने सीआईएसएफ द्वारा बुधवार रात हुए लाठीचार्ज के विरोध में रोड जाम कर दिया है दरअसल 19 माह से वेतन नहीं मिलने के विरोध में कर्मी लगातार आंदोलनरत हैं। बुधवार को कर्मियों ने निदेशक के घेराव का फैसला किया और उनके दफ्तर के बाहर धरना पर बैठ गए। शाम होने के बाद भी कर्मियों के नहीं हटने पर निदेशक अपने चैंबर से निकले और जाने लगे। इस दौरान कर्मियों ने उनके सामने अपनी बात रखनी चाही। इसी बीच सीआईएसएफ जवानों ने कर्मियों पर बल प्रयोग कर दिया। इसमें तीन कर्मी घायल हैं। उस घटना के विरोध में कर्मचारी अब सड़क पर उतर गए हैं। बता दें बुधवार रात विवाद बढ़ने पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची थी लेकिन कर्मचारियों की ओर से कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था।

दुर्गा पूजा को लेकर तैयार हो रही राजधानी

## दुर्गा पूजा की तैयारी सभी तरफ जोर-शोर से



राष्ट्रीय खबर

**रांची**: दुर्गा पूजा की तैयारी सभी तरफ जोर शोर से देखी जा रही है। पूजा को लेकर पंडाल भी सज कर तैयार है। राजधानी में अब इन पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, अब पंडाल समितियों की ओर से सड़क पर तोरणद्वार निमार्ण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। 15 अक्टूबर यानी रविवार से नवरात्रि की शुरूआत है। वहीं, पांचवे और छठे दिन से पूजा पंडाल भक्तों के लिये खोल दिये जायेंगे। जहां लोग पंडालों का दर्शन कर पायेंगे। ऐसे में राजधानीवासियों को ये जानने की उत्सुकता है कि किस पंडाल में भक्तों के लिये क्या खास है।बकरी बाजार राजधानी का सबसे आकर्षित पूजा पंडालों में से एक है। यहां अधिकांश भक्तों की लंबी कतार और भीड़ देखी जाती है। आयोजकों की मानें तो इस बार पंडाल पूरी तरह घुमावदार होगा और श्रद्धालु सबसे पहली सीढ़ी से पंडाल के ऊपर चढ़ेंगे और फिर घुमावदार तरीके से गोल घूमकर नीचे आएंगे। जहां पर माता रानी की प्रतिमा होगी व नीचे फर्श पर एक बड़ा शीशा लगा होगा। जहां श्रद्धालु अपनी झलक भी देख पाएंगे और पूरे पंडाल की साज-सज्जा उस शीशे में नजर आएगी। पंडाल का रंग दिन में तीन बार बदलेगा। सुबह-शाम व रात। पंडाल को चतुर्थी पर ही खोला जायेगा।आरआर स्पोर्टिंग क्लब भी राजधानी की प्रसिद्ध पंडालों में से एक है। पुनर्जन्म और बैकुंठधाम की थीम पर बन रहा। आरआर स्पोर्टिंग क्लब का दुर्गा पूजा पंडाल पुनर्जन्म और बैकुंठधाम की थीम पर तैयार किया जा रहा है।रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति का पंडाल बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के साथ साथ जननी और जन्मभूमि थीम पर आधारित है। 35 लाख की लागत से करीब 20 फीट चौड़ा, 100 फीट लंबा और 35 फीट ऊंचा पंडाल होगा। पंडाल में प्रवेश करते ही मां के गर्भ में पल रहे शिशु और नारी के अलग-अलग रूप एक बेटी, एक मां के रूप को प्रदर्शित किया जाएगा। इस पंडाल के माध्यम से यह बताने की कोशिश की गई है की अगर बेटी नही तो सृष्टि का सृजन पूरे तरीके से रुक जाएगा।कोकर पूजा कमिटी के द्वारा भव्य पूजा पंडाल बनाया गया है। इस बार पूजा पंडाल का निर्माण हाथी के स्वरूप में किया गया है। इसमें बताया जा रहा है की हाथ जब सुड उठाएगा तब ही श्रद्धालू पंडाल के अंदर प्रवेश कर माता रानी का दर्शन कर पाएंगे। सबसे खास बात इसमें यही है की हाथो का कान लगातार हिलता ही रहेगा।

27 अक्टूबर से रांची में हो रहा है आयोजन

## महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी



राष्ट्रीय खबर

**रांची**: हॉकी इंडिया ने बुधवार को प्रतिष्ठित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी। टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन झारखंड में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होगा।बता दें कि भारतीय महिला टीम ने हाल ही में हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। अब एक नए टूर्नामेंट के लिए तैयार है। सविता टीम का नेतृत्व करेंगी और दीप ग्रेस एक्का को उप-कप्तान बनाया गया है।भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी। फिर, टीम का सामना 28 अक्टूबर को मलेशिया से होगा। भारत का तीसरा मैच 30 अक्टूबर को चीन से और 31 अक्टूबर को जापान से होगा। इसके बाद टीम अपना आखिरी लीग मैच 2 नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगी। टूनार्मेंट का सेमीफाइनल और फाइनल क्रमशः 4 और 5 नवंबर को खेला जाएगा। आगामी प्रतियोगिता पर बोलते हुए, मुख्य कोच जेनेक शोपमैन ने कहा, एक टीम के रूप में हमारी गति और हमारे निरंतर सुधार को जारी रखने के लिए यह एक महत्वपूर्ण टूनार्मेंट है। हमें हांगझोऊ से सीखी गई बातों को अमल में लाने और एक बार फिर खुद को परखने का मौका मिलेगा। झारखंड के रांची में होने वाले टूनार्मेंट के साथ, हम घरेलू प्रशंसकों के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और एक टीम के रूप में अपनी प्रगति दिखाने के लिए उत्सुक हैं।भारतीय टीम इस प्रकार है। सविता (कप्तान), बिचू देवी, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, दीप ग्रेस एक्का, निशा, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, मोनिका, ज्योति, बलजीत कौर, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी और वैष्णवी फाल्के।

## एक बार फिर चियांकी एयरपोर्ट का तैयार होगा बाउंड्री वॉल



राष्ट्रीय खबर

**रांची**:चियांकी एयरपोर्ट डालटनगंज, पलामू का बाउंड्री वॉल एक बार फिर से तैयार किया जाएगा। अभी इसके पशिचमी हिस्से में यह काम होगा। बाउंड्री वॉल के साथ इसके ऊपर बाड़ भी लगाए जाएंगे। इन कामों पर 96 लाख 2 हजार 900 रुपये खर्च होने की उम्मीद है। इस काम के अलावा ईंट की नाली (कवर के साथ) भी तैयार होगी। इसके लिए 65 लाख 26 हजार 900 रुपये तय किए गए हैं। इन दोनों कामों के लिए भवन निर्माण विभाग, झारखंड की ओर से टेंडर नोटिस भी जारी कर दिया गया है। वेबसाइट पर 16 अक्टूबर को निविदा जारी की जाएगी। 20 अक्टूबर तक बिड जमा होंगे। 26 अक्टूबर को इसे खोला जायेगा। जिसे भी इन कार्यों का आवंटन होगा, उसे 6 महीने में निर्धारित काम को पूरा करना होगा।पलामू सांसद बीडी राम के मुताबिक क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार लाने को पूर्व में ही क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के अंतर्गत चियांकी एयरपोर्ट को भी केंद्र ने सम्मिलित कर लिया है। पर राज्य सरकार की लापरवाही से एयरपोर्ट का भूमि अधिग्रहण का मामला लटका हुआ है।

**स्पेशल ट्रेन**

11 दिसंबर को चलेगी ये स्पेशल ट्रेन

## यदि आप करना चाहते हैं दक्षिण भारत का सफर तो अभी ही करवा लें टिकट बुक

राष्ट्रीय खबर

**रांची**: भारतीय रेलवे की ओर से देखो अपना देश के तहत भारत गौरव ट्रेन शुरू की जा रही है। यह एक स्पेशल ट्रेन होगी। इस ट्रेन के जरिए लोग दक्षिण भारत के धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे। यह ट्रेन 11 दिसंबर को मालदा टाउन से शुरू होगी और बिहार, झारखंड, ओडिशा के विभिन्न स्टेशनों पर रुकेगी ताकि यात्री इसमें यात्रा कर सकें।भारत गौरव ट्रेन के बारे में जानकारी देते हुए रांची पर्यटन प्रभारी ज्योति कुमारी ने बताया कि इस ट्रेन में कुल 790 यात्री यात्रा करेंगे। 790 यात्रियों के लिए तीन श्रेणियों में बोगियां बनाई गई हैं। जिसमें सात स्लीपर क्लास और तीन एसी बोगियां बनाई गई हैं। एसी बोगी में भी दो क्लास बनाये गये हैं। एक है स्टैंडर्ड क्लास और एक है कम्फर्ट क्लास।रांची रेल पर्यटन प्रभारी ज्योति कुमारी ने बताया कि इस ट्रेन के जरिए यात्रियों को दक्षिण भारत क्षेत्र और धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस ट्रेन में बैठे लोग दक्षिण भारत के तिरूपति, रामेश्वरम, कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम, मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जैसे धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे।



यह स्पेशल ट्रेन मालदा टाउन से होते हुए दुमका, न्यू फरक्का, पाकुड़, रामपुरहाट, हंसडीहा, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, क्विल, जमुई, झाझा, जसीडीह, जामताड़ा, चितरंजन, कुल्टी, धनबाद, बोकारो, रांची, राउरकेला, झारसुगुड़ा, संबलपुर होते हुए दक्षिण भारत के लिए प्रस्थान करेगी।इस ट्रेन का प्रति व्यक्ति किराया सबसे कम है। एसी कंफर्ट क्लास के लिए रेट 22750 रुपये हैं, जबकि एसी कंफर्ट क्लास के लिए 39 हजार रुपये हैं। रेलवे द्वारा निर्धारित किराये के अनुसार यात्रियों के रहने और खाने की व्यवस्था की गयी है। ट्रेन के परिचालन को लेकर अधिकारियों ने बताया कि लोग इस ट्रेन के बारे में वेबसाइट पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं रेलवे की तरफ से नंबर भी जारी किया गया है। जिसका नंबर है 8595937903। अधिकारियों ने बताया कि यात्री इस नंबर और इस वेबसाइट पर भारत गौरव ट्रेन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सरला बिरला स्कूल के विद्यार्थियों का जिला स्तरीय कला-उत्सव में शानदार प्रदर्शन

**रांची**: सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय कला उत्सव 2023- 24 में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की छात्रा अवनि चौधरी ने शास्त्रीय नृत्य (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं के ऋतुराज रॉय ने विजुअल आर्ट टू डाइमेंशनल (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान, कक्षा दसवीं की रोहिणी राज ने लोकगीत (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान तथा कक्षा नवम के सार्थक लाल ने लोकगीत (बालक वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 11वीं कक्षा के साहिल ने अवनद्य वाद्य संगीत वादन (बालक वर्ग) में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अवनि चौधरी, ऋतुराज रॉय और रोहिणी राज को कला उत्सव के राज्य स्तर के लिए भी चयनित किया गया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल अपने छात्रों की उपलब्धि पर गौरवान्वित है। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी।

## न्यूज फटाफट

### जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करना इतिहास में एक निर्णायक क्षण

**रांची**: एपीएस रांची ने युवामंथन मॉडल जी20 का आयोजन किया। यह युवाओं के लिए सार्वजनिक भाषण, कूटनीति और रणनीति में उत्कृष्टता प्राप्त करने की एक अनूठी पहल है। शिखर सम्मेलन में जी 20 देशों के नेताओं के रूप में कार्य करने वाले 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। आर्मी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रिंसिपल अभय कुमार सिंह ने कहा कि दिसंबर 2022 से भारत का जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करना, इतिहास में एक निर्णायक क्षण है। जिसका लक्ष्य व्यावहारिक वैश्विक समाधानों को बढ़ावा देना और जी20 की थीम ह्यवसुधैव कुटुंबकम (एक पृथ्वी-एक परिवार-एक भविष्य) की भावना को मूर्त रूप देना है। उन्होंने कहा कि परस्पर जुड़ी दुनिया में भारत के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, युवामंथन मॉडल जी20 (वाईएमजी 20) उन्हें शामिल करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। जो सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर उनकी आवाज को बढ़ाता है। चर्चा के प्रमुख परिणामों में साझा भविष्य लोकतंत्र में युवा और शासन व्यवस्था में युवा विधायिका और राजनीति में युवा पर आम सहमति शामिल है। प्रतिभागियों ने जी20 देशों के बीच ज्ञान साझा करने के महत्व पर भी जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि एक टिकाऊ और समावेशी दुनिया को आकार देने के लिए नवीन विचारों के अवसर पर प्रकाश डाला। व्यावहारिक चर्चाओं को बढ़ावा देने और युवाओं में आवश्यक कौशल का पोषण करने के लिए स्कूल की प्रतिबधता पर जोर दिया। युवामंथन मॉडल जी20 छात्रों को सार्वजनिक बोलने रणनीति निर्माण, टीम निर्माण और बहुपक्षीय बातचीत जैसे कौशल विकसित करने और एक बेहतर दुनिया में योगदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण सीखने का अवसर प्रदान करता है।

### भारती कुमारी व हरियट कुजूर ने जीता टीएलएम प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता

**रांची**: झारखंड शिक्षा परियोजना एवं भारती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रांची जिले के तीन प्रखंड ओरमांझी, कांके एवं रातु से चयनित 50 सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा टीएलएम प्रस्तुतीकरण डोरंडा सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड शिक्षा परियोजना के डिप्टी डायरेक्टर महीप कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संबोधन करते हुए उन्होंने शिक्षकों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हर टीएलएम अद्भुत है। कार्यक्रम में प्रखंड स्तर पर चयनित शिक्षकों ने जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में अपने द्वारा बनाए गए टीएलएम की प्रस्तुती दिया। इस अवसर पर उपस्थित चयन समिति ने सबसे बेहतर प्रस्तुति करने पर इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कांके प्रखंड के मध्य विद्यालय अरसंडे के शिक्षिका श्वेता कुमारी प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ओरमांझी प्रखंड से दुसरा स्थान भारती कुमारी रा. उ.म.वि. पाहन टोली ईरबा तथा राजकीय मध्य विद्यालय डहु के हरियट गुलाब कुजूर सहायक शिक्षिका ने तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय सहित ओरमांझी प्रखंड का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस टीएलएम प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में ओरमांझी से दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने पर दोनों विद्यालय के प्रधानाध्यापकों पुष्पा लुगून एवं अवधेश कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए शिक्षकों को बधाई दी।

### एमबी स्कूल के ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मिला येलो बेल्ट

**रांची**: एमबी स्कूल बुंडू में आज ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। इस बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में 25 खिलाड़ियों का टेस्ट लिया गया। जिसमें सभी खिलाड़ी टेस्ट में सफल रहे। बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट सकील अंसारी और जमील अंसारी के देख में लिया गया। न्यू बेल्ट पाने वाले खिलाड़ियों में मनीषा मुंडा, साक्षी सतुआ, खुशी तिर्की, देवकी मुंडा, ममता महतो, नेहा कुमारी, नीतू कुमारी, ममता कुमारी, आइरा असमा अली, सुभद्रा पूर्ति, खुशबू कुमारी, अंजलि कुमारी, बसंती कुमारी, मनय मुंडा, जयपाल महतो, तरूण सिंह मुंडा, विवेक उरांव, अभिषेक कुमार अहीर, विकास तिर्की, मो.आसिम अंसारी तथा पीयूष ठाकुर शामिल है इन सभी ने किक वाइट से येलो बेल्ट मिला है। एमबी स्कूल की वाइस प्रिंसिपल जाहिदा कौसर अली ने खिलाड़ियों को येलो बेल्ट प्रदान कर सम्मान दिया और साथ ही स्कूल के शिक्षकों ने भी खिलाड़ियों को बेल्ट देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के संबोधित करते हुए बताया कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन सिखाता है साथ ही हम मानसिक मैं और शारीरिक रूप से फिट भी रहते हैं। ताइक्वांडो एक ऐसा खेल है जो आपको आत्मरक्षा करना सिखाती है। मौके पर दीपक यादव, सुब्रत, बिपिन, दिनेश, अपराजिता, कुणाल, बिप्ति, बबीता, ज्योति, काजल, सीता, अभिषेक, मीना, सोबिता, निकिता और बेनजीर आदि उपस्थित थे।

### संतोष कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर व्याख्यानमाला

**रांची**: संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आइक्यूएसी सेल द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। व्याख्यान माला का विषय था राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. तपन कुमार शांडिल्य उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आज नैतिक एवं मूल्य पर शिक्षा की आवश्यकता है। ज्ञान की जागृति सत्यम, शिवम, सुंदरम से संभव है। शोध, नवाचार एवं उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की जरूरत है। मातृभाषा में शिक्षा की परम आवश्यकता है। यह शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान एवं परंपरा से जुड़ने का बेहतर अवसर प्रदान करता है। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार झा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं को दूर करके इसे और भी प्रभावी बनाया जा सकता है। संस्थान की निदेशिका डॉ. रश्मि ने कहा कि शिक्षा नीतियों को अनुपालन करके शैक्षिक परिसर को गतिमान बनाया जा सकता है।

### नेवरी के ग्रामीणों ने मंदिर की जमीन की घेराबंदी करने पर किया हंगामा

**रांची**: विकास विद्यालय नेवरी के द्वारा प्राचीन बुढ़ा महादेव मंदिर परिसर की 9 डिसमिल जमीन को अवैध तरीके से अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसका जनप्रतिनिधियों एवं सैकड़ों ग्रामीण गोलबंद होकर आज सुबह घटना स्थल पर पहुंच कर जोरदार विरोध किया। लोगों ने चारदीवारी कार्य को रूकवा दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सजंय कुमार महतो व नेवरी मुखिया साधो उरांव ने बताया कि प्राचीन बूढ़ा महादेव मंदिर के जमीन को अतिक्रमण से रोक लगाने के लिए ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त व अंचल अधिकारी कांके को लिखित आवेदन दिया गया है। उसके बावजूद मंदिर के जमीन को अवैध तरीके से अतिक्रमण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कांके अंचल द्वारा कार्य को रोक लगाने के लिए विद्यालय प्रबंधन को हिदायत दिया गया था। परन्तु जबरन स्कूल प्रबंधन द्वारा चारदीवारी का कार्य किया जा रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने गोलबंद होकर कार्य को बंद कराया। इस के अलावा ग्रामीणों ने बताया कि हमारे जनप्रतिनिधियों से विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभद्र व्यवहार भी किया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य नेवरी मदन महतो, उप मुखिया मजहर अंसारी, सतीश सिंह, मुकेश कुमार, कामेश्वर महतो, पचू महतो, संदीप पाहन, कुलदीप, पेशावर, सूरज सिंह, नरेश ठाकुर, देवलाल ठाकुर तथा अनिल कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### बहावलपुरी पंजाबी समाज ने प्रतिभावान वेदांशी मिढा को किया शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**रांची**: बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं महिला समिति द्वारा आज समाज के विनय मिढा एवं ऋचा मिढा की सुपुत्री सुश्री वेदांशी मिढा को सम्मानित किया गया। ये कुछ महीने पूर्व अपना एमबीबीएस कंप्लीट किया है। उनके रांची पहुंचने पर उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष ललित किंगर ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और सचिव अश्विनी सुखीजा ने मोमेंटो प्रदान कर वेदांशी को सम्मानित किया।

शहर >> अपडेट

## बाउंड्री वॉल पर खर्च होंगे 98 लाख रुपये

**मेदिनीनगर:** चियांकी एयरपोर्ट बाउंड्री वॉल एक बार फिर से तैयार किया जाएगा। अभी इसके पश्चिमी हिस्से में आधा से अधिक काम बाकी है। बाउंड्री वॉल के साथ इसके ऊपर बाड़ भी लगाए जाएंगे। इन कामों पर 96 लाख 2 हजार 900 रुपये खर्च होने की उम्मीद है। इस काम के अलावा ईंट की नाली (कवर के साथ) भी तैयार होगी। इसके लिए 65 लाख 26 हजार 900 रुपये तय किए गए हैं।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

## जिला प्रशासन ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**पलामू:** दुर्गा पूजा के दौरान पूजा समितियों और श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए शहर में विशेष सफाई को लेकर हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने शहर के विभिन्न वार्डों एवं दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। जिसमें मुख्यत: ब्लॉक रोड स्थित पंचसरोवर मंदिर, महावीर मंदिर, दुर्गा मंदिर पटेल चौक, हरिहर चौक,स्टेशन रोड,गमहरिया स्कूल के निकट,देवी मंदिर दिनेश चौक,मोहम्दाबाद देवी मंदिर के साथ लम्बी गली,राम बिग्हा एवं अनुमंडल परिसर में अधिष्ठापित होने वाले पूजा पंडालों का निरीक्षण कर विशेष सफाई 3 दिनों के अन्दर पूरा करने का निर्देश सभी पर्यवेक्षकों को दिया ।साथ ही दुर्गा पूजा को देखते हुए निकाय के विभिन्न बिजली के खम्भो पर अधिष्ठापित एलईडी लाइट जो वर्तमान में खराब है ।बनाने का निर्देश बिजली मिस्त्री को दिया । अम्बेडकर चौक से लेकर गमहरिया नहर मोड तक एवं जेपी चौक से लेकर गांधी चौक तक एवं स्टेशन रोड को विशेष तौर पर सफाई एवं नाली में ब्लीचिंग पाउडर के साथ उपरोक्त जगहों पर फौगिंग कराने का भी निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा दिया गया।

अभियान

### आंगनबाड़ी में बांटो अंडा, कुपोषण को मारो डंडा अभियान चलाया

# बच्चों की पुकार,पूरा करो वादा सरकार

- राज्य में बच्चों एवं महिलाओं में व्यापक कुपोषण है
- मध्याह्न भोजन में अंडा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** यूनाइटेड मिल्ली फोरम,बेरमो इकाई के द्वारा आज बेरमो प्रखंड के 11 आंगनबाड़ी केंद्रों (करगली 3 नंबर तिरहुत नगर, करगली धौड़ा नंबर 3, रामनगर 1, रामनगर 2, चांचनी, कोढ़ीया पट्टी प्रेम नगर, बेरमो स्टेशन खटाल, जरीडीह बाजार सब्जी पट्टी गली, जरीडीह पोस्ट ऑफिस गली, कुरपनिया पानी टंकी) पर 210 बच्चों को अंडा खिलाया गया फोरम के प्रदेश महासचिव अफजल अनीस ने बताया कि भोजन के अधिकार अभियान, झारखंड द्वारा आज 12 अक्टूबर को राज्य व्यापी अंडा अभियान का आयोजन किया गया है। अनीस ने कहा कि झारखंड सरकार ने पिछले तीन सालों में कई बार आंगनवाड़ी में बच्चों को प्रति सप्ताह 6 दिन अंडा देने की घोषणा किया है लेकिन आज तक यह घोषणा धरातल पर नहीं उतरी है। केवल आंगनवाड़ी ही नहीं, बल्कि सरकार ने मध्याह्न भोजन में भी बच्चों को पांच दिन प्रति सप्ताह अंडा देने की घोषणा कई बार की है। लेकिन यह भी मात्र घोषणा बन के रह गया है। झारखंड सरकार को उनका वादा याद दिलाने के लिए भोजन का अधिकार अभियान, झारखंड व राज्य के अनेक संगठनों द्वारा 12 अक्टूबर को आंगनवाड़ी में अंडा अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण, स्थानीय संगठन व अभियान के प्रतिनिधि चंदा करके बच्चों को अंडा खिलाएंगे। इस अभियान से शायद सरकार को आंगनवाड़ी के बच्चे याद आ जाएं।अनीस ने कहा कि राज्य में बच्चों एवं महिलाओं में व्यापक कुपोषण है।

2019-21 के सरकारी आंकड़ों (एनएफएचएस-5) के अनुसार राज्य के पांच वर्ष के कम उम्र के 40% बच्चे कुपोषित है (उम्र के अनुसार वजन कम है)। राज्य की एक-चौथाई व्यस्क महिलाओं का बीएमआई सामान्य से कम है। विभिन्न सरकारी सर्वेक्षणों में यह भी बार-बार पाया जाता है कि राज्य के आदिवासी-दलित बच्चे अन्य समुदायों की तुलना में ज्यादा कुपोषित हैं।बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अंडा एक बेहतरीन खाद्य पदार्थ है। इसमें विटामिन सी के अलावा अन्य अधिकांश आवश्यक पोशक तत्व हैं। अंडे न केवल अत्यंत पौष्टिक है बल्कि स्वादिष्ट और किफायती भी है। इससे न केवल पोषण के लिए फायदा है, बल्कि आंगनवाड़ी व मध्याह्न भोजन में रोज अंडा देने से आंगनवाड़ी व विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति भी सुधरेगी। झारखंड में कुपोषण की स्थिति केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के अधिकांश क्षेत्रों से बद्तर है। ऐसी परिस्थिति में तो आंगनवाड़ी व मध्याह्न भोजन में अंडा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन सरकार का ध्यान बच्चों के भविष्य की ओर नहीं है। मीडिया के खबरों के अनुसार आंगनवाड़ी में अंडे देने के लिए निजी ठेकेदारों के लिए केंद्रीकृत ठेके की व्यवस्था की जा रही है, जिसके कारण अंडा देने में देरी हो रही है। केंद्रीकृत ठेके में भ्रष्टाचार और देरी होना ही है जिसका सीधा प्रभाव बच्चों के कुपोषण पर पड़ेगा। आंगनवाड़ी में ठेकेदारी की जरूरत है ही नहीं - आंगनवाड़ी स्थानीय स्तर पर ही अंडा खरीद सकती हैं। विद्यालयों में मध्याह्न भोजन में वर्तमान में सप्ताह में दो अंडे मिलते हैं जो स्थानीय स्तर पर ही खरीद कर दिया जाता है। अगर विद्यालयों में यह व्यवस्था सफलतापूर्वक चल रही है, तो आंगनवाड़ी में भी चलेगी।

## नवरात्र को लेकर, जगह-जगह डांडिया-गरबे की तैयारियां

**बेरमो:** नवरात्र पर शहर पूरी तरह उत्सव के उत्साह में सरोबार है। जोर-शोर से अब इसे लेकर महिलाएं और युवतियां काफी उत्साहित और विभिन्न स्थानों में रिहर्सल के दौर चल रहे हैं। नवरात्रि के शुरू होते ही शहर में गरबे और डांडिया की धूम रहती है। फुसरो के चार्मिंग सलोन अकादमी के द्वारा डांडिया का आयोजन 18 अक्टूबर को आर एस कंपलेक्स मे धूमधाम से आयोजित होगा। उक्त जानकारी आकादमी के आशा वर्मन ने दी। कहा कि डांडिया धार्मिक महत्व के साथ ही यह आनंद व मस्ती के रंग बिखरने के लिए जाना जाता है। महिलाओं के लिए अपने संस्कृति से जुड़ने का सुनहरा अवसर होता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम दिन के दो बजे शुरू होगी और रात10 बजे तक चलेगी। कहा कि फुसरो शहर में गरबा का रंग चढ़ने लगा है और लोग इसकी तैयारियों में जुट गए हैं। इनमें शामिल होने के लिए प्रतिभागी प्रैक्टिस में जमकर पसीना बहा रहे हैं। कहा कि पहले रास-गरबा सिर्फ गुजराती समाज तक सीमित था लेकिन अब इसकी लोकप्रियता व इसके प्रति इतना लगाव बढ़ गया है कि शायद ही कोई ऐसा समाज होगा जिसमें इसका आयोजन नहीं होता है। श्रीमती आशा बर्मन ने कहा कि खाना, नाश्ता और कोल्ड ड्रिंक आदि की व्यवस्था की गई है। डांडिया मे भाग लेने के लिए इस नंबर पर 9006710107 संपर्क कर सकते हैं।

## चट्टानी एकता के बदौलत हुआ 11वां वेतन समझौता व 85 हजार बोनस: संयुक्त मोर्चा



**गिद्दी:** कोयला कामगारों की चट्टानी एकता की बदौलत एनसीडब्ल्यूए 11वां वेतन समझौता व सालाना बोनस 85 हजार मिल पाया है। उक्त बातें संयुक्त मोर्चा द्वारा सिरका परियोजना के हाजरी घर के समीप मजदूरों की एक सभा में श्रमिक प्रतिनिधियों ने कही। ट्रेड यूनियन ने मजदूरों के एकजुट होकर किए गये आंदोलन के लिए धन्यवाद किया व आभार जताया। सभा की अध्यक्षता वरीय श्रमिक नेता सुशील कुमार सिन्हा ने की। जबकि संचालन दीपक कुमार ने किया। मौके पर कमरुद्दीन खान, मुस्तफा खान, संतोष कुमार सिंह, सुखदेव महतो, भुट्टो मांझी, शिव शंकर समेत कई कामगार मौजूद थे।

## सीसीएल अनुदानित स्कूलों में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**बेरमो :** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह पखवाड़ा दिवस जो 30 अक्टूबर से लेकर 5 नवंबर तक तक मनाया जा रहा है इस मौके पर कथारा प्रक्षेत्र के छह अनुदानित विद्यालयों को कथारा क्षेत्र के सीएसआर पदाधिकारी चंदन कुमार के निर्देश पर कथारा उच्च विद्यालय, गर्ल्स हाई स्कूल, रिफोरोमेंटिभ स्कूल आसनपानी ,संत अंथोनी स्कूल जारंगडीह और स्वामी विवेकानंद स्कूल जारंगडीह में विद्यालयों मेंकराया जा रहा है इसी के तहत विद्यालयों में स्वच्छता को लेकर शपथ ग्रहण करवाया गया स्कूल की साफ सफाई करवाई गई। आज बुधवार को बच्चों से । भ्रष्टाचार का विरोध करें,राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे । विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई । जिसमें विवेकानंद स्कूल के कल 47 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया ।इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका मुक्ता कुमारी, वरीय शिक्षक वीरमनी पांडे,साजेश कुमार, अनीता सिंह ,रीता कुमारी, साजिदा खातुन आदि मौजूद थे।

## भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता कांग्रेस में हुए शामिल

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** इन दिनों कांग्रेस बेरमो विधानसभा मे लगातार अपनी पार्टी विस्तार पर फोकस करती नजर आ रही है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को बोकारो जिला के जरिडीह प्रखंड के चिलगड्डा पंचायत के गोपालपूर टोला में एक सादे समारोह में गांव के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता जिसमे महिलाओ की संख्या अधिक थी भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह स्वंय उपस्थित होकर पार्टी में शामिल हुए लोगो को माला पहना कर स्वागत किया। भाजपा छोड़ कांग्रेस मे शामिल होने वालो मे पंचायत अध्यक्ष कालीचरण हेम्ब्रम पंचायत समिति सुकर मनी देवी वार्ड सदस्य किशोर कुमार महली के अलावे रेजुका देवी, मंजू देवी, सुमन देवी, नुनीबाला देवी, कमली देवी, बाला देवी, फुलवा देवी, बैजन्ती देवी, सकुन देवी, भुटकी देवी, सकिया देवी, ज्योति देवी, फेकनी देवी, बुटली देवी, बालेश्वरी देवी, सूरजमनी देवी, सुलोचना कुमारी, मुरलीधर मांझी आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## स्कूल वैन और बाइक की टक्कर में दो सगे भाईयों की मौत





राष्ट्रीय खबर

**गोला:** रामगढ़ बोकारो (एनएच 23) में गोला थाना क्षेत्र के मगनपुर चौक के समीप गुरुवार को स्कूल वैन और बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिससे बाइक में सवार दो सगे भाइयो की घटना स्थल में ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान गोला थाना क्षेत्र के मुरुडीह गांव निवासी सुधीर महतो (30 वर्ष) और छुट्टू उर्फ लखन महतो (28 वर्ष) पिता भुटका महतो के रूप में की गई है। वहीं स्कूल वैन का चालक चोकाद गांव निवासी रामू मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक इलाज के बाद घायल रामू मुंडा को रिम्स रेफर कर दिया गया। इसके अलावे स्कूल वैन में बैठे संध्या कुमारी,सालनी कुमारी सहित आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। बताया जाता है कि छुट्टू बाबू महतो अपने बड़े भाई सुधीर महतो को पेटरवार के सदमा गांव से बाइक द्वारा मुरुडीह ला रहा था। इस बीच उक्त स्थल पर ट्रेलर को ओवरटेक करने के क्रम में स्कूल वैन से बाइक की भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों भाईयो की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुँची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में कर लिया। घटना की सूचना पर मुरुडीह गांव में मातम है। एक साथ दोनों भाइयो की मौत पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक सुधीर का एक मासूम बच्चा है। बताया गया कि धमनाटांड़ स्थित चेतन्या पब्लिक स्कूल से बच्चों को छुट्टी के बाद वापस घर ले जाया जा रहा था। इसी बीच यह घटना घटी।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## वन अधिकार समिति का हुआ शांति पुर्नगठन

**बेरमो /जारंगडीह** :बृहस्पतिवार को बेरमो प्रखंड के जारंगडीह दक्षिणी पंचायत सचिवालय में मुखिया श्रीमती सुमन्ती देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन कर वनाधिकार समिति का गठन किया गया। ज्ञात हो कि यह बैठक बेरमो अंचल अधिकारी के ज्ञापांक संख्या 638 के अनुपालन व आलोक में किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया जिसमें जयपाल मुंडा, शैलेंद्र मुखी, कल्लू बोदरा, उषा देवी, गीता देवी, रानी होनहागा, अभिषेक कुमार, शुभम कुमार, माच्पुरी देवी, राजेंद्र कुमार सागर, विजेन्द्र राउत, सलीम अंसारी आदि का चयन किया गया। इस अवसर पर मुखिया के अलावे उपमुखिया पूजा देवी, पंचायत सचिव आदि के अलावे उक्त पंचायत के लगभग सभी वार्डो से लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर बेरमो थाना में शांति समिति की बैठक

**बेरमो:** दुर्गा पुजा शांति पूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर शुक्रवार को बेरमो थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अशोक कुमार ने किया। बैठक में फुसरो नप के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुमार कुंभकार मौजूद थे। थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करना होगा। पूजा के अवसर पर डीजे साउंड नहीं बजाई जाएगी एवं हर पंडाल एवं मेला में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी ।थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। पर्व के दौरान माहौल खराब करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। किसी प्रकार की अपवाह की खबर मिले तो तुरंत प्रशासन को खबर करें ।

## जिले में रावण दहन की अनुमति नहीं दिए जाने संबंधित मामले पर जिला प्रशासन ने किया खंडन



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** एक हिन्दी दैनिक अखबार के अपना रामगढ़ पेज पर शीर्षक 'रावण दहन कार्यक्रम स्थगितः सचिव' के साथ छपी खबर पर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा खंडन जारी किया गया है। मामले को स्पष्ट करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी जावेद हुसैन ने कहा है कि शांतिपूर्ण तरीके से रावण दहन कार्यक्रम के आयोजन पर किसी प्रकार की कोई रोक नहीं है लेकिन रावण दहन कार्यक्रम के दौरान होने वाले भीड़भाड़ एवं इस दौरान विधि व्यवस्था संधारित करने के मद्देनजर जिला प्रशासन को कई व्यवस्थाएं करनी होती है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा है कि इस तरह की खबरें छापी जाने के पूर्व जिला प्रशासन का पक्ष भी स्पष्ट रूप से रखा जाना चाहिए वहीं उन्होंने सभी जिले वासियों से इस तरह की भ्रामक खबरों पर त्वरित रूप से विश्वास न करने की अपील की है। गौरतलब हो कि आगामी रावण दहन कार्यक्रम के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को निम्न दिशा निर्देश दिए गए हैं। रावण दहन कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित रखने हेतु पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग किया जाय। रावण दहन कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित रखने हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ वोलेन्टियर की तैनाती की व्यवस्था पूजा कमिटि द्वारा किया जाय । रावण दहन कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं का प्रवेश एवं निकास द्वार बनाया जाय तथा मजबूत बैरिकेडिंग की व्यवस्था किया जाय एवं इस मौके पर यातायात व्यवस्था सुद्दढ़ रखने हेतु हर संभव प्रयास किया जाय। रावण दहन का कार्यक्रम वाले स्थानों पर आगजनी से बचाव हेतु फायर एग्जिट, फर्स्ट ऐड बॉक्स एव पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था कमिटि के माध्यम से करायी जाये। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल में सीसीटीवी कैमरा लगाने की व्यवस्था की जाये । कार्यक्रम स्थल पर यातायात व्यवस्था सुद्दढ़ रखा जाय एवं कार्यक्रम स्थल से उचित दूरी पर पार्किंग की व्यवस्था किया जाये। सिद्ध कान्हू मैदान में रावण दहन के अवसर पर मैदान के किसी भी सरकारी सम्पति की क्षती होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी पूजा समिति की होगी ।

### भव्य समारोह में निवर्तमान बीडीओ को दी गई विदाई

## बीडीओ को विदाई देते हुए भावुक हुए लोग



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा:** चितरपुर प्रखंड के निवर्तमान बीडीओ उदय कुमार का तबादला दूसरे जिले के प्रखंड में कर दिया गया। तबादला के बाद निवर्तमान बीडीओ की विदाई के लिए बुधवार को प्रखंड परिवार की ओर से बाजे गाजे के साथ भव्य विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।इस तरह का भव्य कार्यक्रम जिले में प्रथम बार किया गया कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रखंड वासी वा कर्मचारी भावुक हो गए ।प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित इस समारोह में उपस्थित प्रखंड कर्मचारियों ने निवर्तमान बीडीओ को मोमेंटो एवं झारखंडी गमछा देकर सम्मानित किया ।साथ ही नए बीडीओ ज्ञान मनी एक्का का स्वागत झारखंडी गमछा वा बुक्के देकर किया गया ।इस दौरान नए बीडीओ ने कहा की जिस तरह से उदय कुमार ने काम किया उसी तरह से कार्य करने का प्रयास करेंगे ।इनका मार्गदर्शन हमेशा लेते रहेंगे ।आगे समारोह में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने निवर्तमान बीडीओ के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके विकासात्मक कार्य में सहयोग को भी गिनाया ।मौके पर मुखिया अरविंद सिंह,सुनीता देवी,उत्तरी पंचस रीना देवी ,पूर्वी पंचस जुली गुप्ता, सुकरीगढ़ा पंचस आशु देवी,प्रधान सहायक संजय कुमार नायक,नाजिर योगेश गुप्ता, बिपिओ विवेक कुमार सिंह,लेखा लिपिक राजू ठाकुर,कुणाल तिवारी,कमल कुमार,प्रकाश दीप पटवा,विजय महतो,सहित कई पंचायत प्रतिनिधि व राजनीतिक दल के सदस्य उपस्थित थे।

घटना

### तरमी रेलवे साइडिंग से मानवीय संवेदना को तार-तार करने वाली घटना

## तीन साल की मासूम बच्ची को तालाब में फेंका, हुई मौत

- मामले की छानबीन शुरू कर दी है
- बच्ची की उम्र महज तीन साल के करीब बताई जा रही है

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** बोकारो जिले के बेरमो स्थित तरमी रेलवे साइडिंग से मानवीय संवेदना को तार-तार करने वाली एक खबर आ रही है, जहां तालाब में एक बच्ची को फेंक दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। बच्ची के शव को चंद्रपुरा पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं, मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में चंद्रपुरा थाना के एसआई संतोष कुमार ने बताया कि बच्ची को तालाब में फेंकने वाली महिला की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही इस घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। बच्ची की उम्र महज तीन साल के करीब बताई जा रही है।

**क्या है पुरा मामला** - मिली जानकारी के अनुसार, लगभग 10:30 बजे दिन में एक महिला लाल रंग की साड़ी पहने हुए आती है और लगभग 3 साल की एक बच्ची को तालाब में फेंक कर भाग जाती है। इस घटना को दूसरे छोर पर स्नान कर रहे कुछ युवक देख लेते हैं। वे दौड़कर इस छोर आते हैं और बच्ची को बचाने का प्रयास करते हैं, लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो गई थी. वहीं, युवकों ने बच्ची को फेंकने वाली महिला को भी पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन महिला जंगल की ओर भाग गई ।युवकों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाना चंद्रपुरा को दी। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस अपनी कार्यवाही में जुट गई है।

## खेल से खिलाड़ियों में होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार: डीडीसी

**पलामू:** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में स्थानीय पुलिस स्टेडियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स का आरंभ किया गया। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बैलून उड़ाकर खेल समारोह का उद्घाटन किया। पूरी कार्यक्रम की अध्यक्षता व स्वागत भाषण जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने किया .खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। जबकि शिक्षक परशुराम तिवारी ने संचालन किया। उद्घाटन सत्र में सभी प्रखंडों के एथलीटों ने कस्तूरबा सतबरवा एवं लेस्लीगंज के बैंड पार्टी के साथ मार्च पास्ट किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डीडीसी श्री आनंद ने कहा कि शारीरिक व मानसिक दृढ़ता के लिए खेल जरूरी है। खेल हमें सफलता में नियंत्रित रहने एवं असफलता को हैंडल करने की सीख देता है। खेल से नकारात्मकता नष्ट होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## फुसरो में सैमसंग स्मार्ट प्लाजा शोरूम का हुआ रिओपनिग





राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** फुसरो मेघदूत मार्केट स्थित सैमसंग स्मार्ट पलाजा (विद्या इंटरप्राइजेज) शोरूम का रिओपनिग हुआ। प्रो.रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने बताया कि प्रतिष्ठान पर सैमसंग की सम्पूर्ण वेरायटी हमेशा उपलब्ध रहेगी एवं बिक्री उपरांत सर्विस सेवा के लिए भी अतिशीघ्र तत्पर रहेगे। बताया कि अब उन्हें सैमसंग सीरीज के फोन, फ्रीज, टीवी, लैपटॉप और वाशिंग मशीन एक ही छतके नीचे उपलब्ध है। शोरूम में आसानी से लोगों को फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। सैमसंग कम्पनी के सम्पूर्ण रेज का बेरमो-फुसरो में कोई प्रतिष्ठान नहीं था। अब लोगो को सैमसंग की समान खरीदारी के लिए रांची, घनबाद और बोकारो जाने की जरूरत नही पडेगी ।उपस्थित लोगो ने शोरूम के उज्वल भविष्य की कामना भी की।

संपादकीय

# घरेलू बचत में कमी अर्थव्यवस्था का संकेत

आम तौर पर कोरोना से पहले भी कई बार वैश्विक मंदी के दौरान भारत उतना अधिक प्रभावित नहीं हुआ था। इसकी खास वजह दूसरे देशों के मुकाबले भारतीय परिवारों की बचत वाली निजी अर्थव्यवस्था है। हर घर में बैंक के अलावा भी बचत की एक सामाजिक प्रथा हम अपने पुरखों से सीखकर आये हैं। इस प्रथा को महाराज समुद्रगुप्त के काल में प्रचलन में लाया गया था, जो धीरे धीरे पूरे देश की आदत में शामिल हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के हालिया आंकड़ों से संकेत मिलता है कि घरेलू क्षेत्र की वित्तीय बचत में संकुचन हुआ है। दूसरी ओर, घरेलू क्षेत्र की शुद्ध देनदारियां बढ़ गई हैं। वाणिज्यिक बैंकों और आवास वित्त कंपनियों से परिवारों द्वारा लिए गए आवास ऋण में वृद्धि में प्रकट हुई। एक तर्क यह भी दिया गया है कि महामारी के बाद उपभोग व्यय की दबी हुई मांग जारी हुई जिसके कारण वित्तीय बचत में गिरावट आई। लेकिन ये स्पष्टीकरण हाल के दिनों में घरेलू वित्त की वास्तविक तस्वीर को पूरी तरह से उजागर नहीं करते हैं।



पिछले चार वर्षों के रुझानों के संदर्भ में देखे गए आंकड़ों से पता चलता है कि देनदारियों में वृद्धि से घरेलू बचत पर ग्रहण लग गया है। घरेलू बचत में गिरावट और जीवनयापन की बढ़ती लागत के कारण घरेलू कर्ज में तेज वृद्धि हुई है। इसमें से ज्यादातर कर्ज गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का है। पूंजीगत परिसंपत्ति (जैसे आवास ऋण) में निवेश के विपरीत, उधार का बड़ा हिस्सा आय और उपभोग के बीच अंतर को पाटने के लिए उपयोग किए जाने की संभावना है। वित्त वर्ष 2012 के बाद से, वास्तविक पीएफसीई 5।8 फीसद सीएजीआर से बढ़ी, जबकि घरेलू आय उसी अवधि के लिए 4।8 फीसद सीएजीआर से बढ़ी। इसलिए उपभोग व्यय में वृद्धि घरेलू आय में वृद्धि से अधिक हो गई है। पिछले दिनों उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, यह पिछले 69 साल की सबसे लंबी कमी है। इसलिए, आरबीआई की डेटा की आशावादी व्याख्या के बावजूद, घरेलू क्षेत्र के आर्थिक स्वास्थ्य के बारे में चिंता के कई कारण हैं। इसके अलावा, परिवारों की वार्षिक वित्तीय देनदारियां वित्त वर्ष 2012 में 3।8 फीसद की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद के 5।8 फीसद तक तेजी से बढ़ीं। इससे पता चलता है कि परिवार अपनी उपभोग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर उधार ले रहे हैं। पिछले वित्त वर्ष (22-23) में वित्तीय देनदारियों में वृद्धि की दर आजादी के बाद दूसरी सबसे ज्यादा थी। वित्तीय वर्ष 2007 में, वृद्धि दर 6।7 फीसद से भी अधिक तेज थी। पूर्ण रूप से, वित्त वर्ष 2011 में शुद्ध घरेलू संपत्ति 22।8 ट्रिलियन रुपये थी। ऋ22 में यह गिरकर 16।96 ट्रिलियन रुपये रह गया। वित्त वर्ष 23 में यह गिरकर 13।76 ट्रिलियन रुपये हो गया। इस बीच घरेलू कर्ज बढ़ गया है। एफई ने बताया कि वित्तीय देनदारियों के स्टॉक के संदर्भ में, घरेलू ऋण वित्त वर्ष 2013 में सकल घरेलू उत्पाद के 37।6 फीसद पर तेजी से बढ़ा, जबकि वित्त वर्ष 2012 में 36।9 फीसद था। इन दबावों के अलावा, उच्च मुद्रास्फीति के बीच वेतन में वृद्धि नहीं हुई है। उच्च मुद्रास्फीति के समय में, पिछले आठ वर्षों में अखिल भारतीय स्तर पर वास्तविक मजदूरी में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। स्वास्थ्य और शिक्षा की लागत बढ़ रही है, जिसका अधिकांश हिस्सा निजी तौर पर वहन करना पड़ता है। 2021 में, भारत की चिकित्सा मुद्रास्फीति 12 फीसद थी, जो सभी एशिया में सबसे अधिक थी। पांच साल में इलाज का खर्च दोगुना हो गया है। इसके अलावा, शिक्षा मुद्रास्फीति की दर भी 11-12 फीसद के काफी ऊंचे स्तर पर रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि उच्च मुद्रास्फीति के बीच, गिरती या स्थिर घरेलू आय, संभवतः कम बचत और उच्च उधारी का मुख्य कारण है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़े भी अर्थव्यवस्था की तत्काल विकास क्षमता के बारे में चिंता पैदा करते हैं। निजी उपभोग से वृद्धि को मिलने वाला समर्थन अनुमान से कमजोर हो सकता है, भले ही निजी पूंजीगत व्यय चक्र में देरी होती दिख रही हो। अब कोरोना काल को याद कर लीजिए। जब लॉकडाउन लगा तो घरों में हर रोज पिकनिक का माहौल हो गया। जब लॉकडाउन लंबा खींच गया तो यह पिकनिक समाप्त हो गयी क्योंकि आय बंद थी। अब जीएसटी की मार से कराहते छोटे व्यापारी अपने कारोबार को कोरोना के बाद से अब तक सही तरीके से संभाल तक नहीं पा रहे हैं। ऐसे में घरेलू बचत का कम होना खतरनाक संकेत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अमेरिका की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पिछली बार जब अमेरिकी बैंकों को दिवालिया घोषित किया जा रहा था तो भारत में घरेलू बचत की अर्थव्यवस्था ने इस सूनामी को पछाड़ दिया था। अब यह भंडार खाली होता जा रहा है। निरर्थक जुबान चलाने से बेहतर है कि इस घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ठोस काम हो।

# क्या हमास जैसे हमले के लिए हम तैयार हैं?

इस्राइल पर हमास ने हमला किया।इस हमले में 20 मिनट में पांच हजार के आसपास राकेट दागे गए।इतना ही नहीं यह इस्राइल का सुरक्षा घेरा और दीवार तोड़कर अपनी सुरक्षा और मारक क्षमता के लिए विख्यात इस्राइल में घुंस गए।उन्होंने इस्राइल में भारी तबाही मचाई। इस हमले में इस्राइल के एक हजार से ज्यादा नागरिक मारे गए। तीन हजार के आसपास घायल हुए हैं। सूचनाएं हैं कि 150 के आसपास महिला और बच्चों सहित इस्राइल के नागरिकों का अपहरण कर लिया।हमास के आंतकियों ने महिलाओं का निवस्त्र कर उनके सम्मान को तार- तार करने कोई कसर नही छोड़ी।

इस्राइल की सुरक्षा व्यवस्था, सेना और गुप्तचर व्यवस्था पूरी दूनिया में विख्यात हैं।इस सबके बावजूद वहां इतना बड़ा नुकसान हुआ। ईश्वर न करे ,काश कभी ऐसा हमला हम पर ,भारत पर हो तो क्या हम इसके लिए तैयार हैं?हमें इस पर सोचना होगा। साथ ही आने वाली प्रत्येक परिस्थिति के मुकाबले के लिए हमें अपने को अभी से तैयार करना होगा।



**अशोक मधुप**
वरिष्ठ पत्रकार

इस्राइल के पास दुनिया का आधुनिकतम सुरक्षा, प्रतिरक्षा और विश्व विख्यात सूचनातंत्र है।फिर भी वह इस हमले के सामने विफल होकर रह गया। 20 मिनट में पांच हजार मिजाइल छोड़ने, और टैंको से दीवार तोड़कर इस्राइल की सीमा में जल, थल और ग्लाइडर से एक साथ घुंसने की तैयारी एक दिन में नही हुई होगी।लंबा समय लगा होगा, किंतु इस्राइल के सुरक्षा और गुप्तचर तंत्र को इसकी भनक तक नही लगी। इस्राइल ही नही उसके मित्र देश अमेरिका तक को भी इस हमले की भनक तक नही हुई।ऐसा ही अमेरिका पर हमले के समय हुआ था।

रोज दुनिया बदल रही है।युद्ध बदल रहा है।युद्ध का मैदान बदल रहा है। अल-कायदा के आतंकियों ने 11 सितंबर 2001 की सुबह चार अमेरिकी विमानों को हाईजैक कर लिया था। इन सभी का मकसद विमानों को अलग-अलग ऐतिहासिक स्थलों पर क्रैश कराने का था। सबसे पहला क्रैश अमेरिकन एयरलाइन फ्लाइट 11 का हुआ था, जो कि न्यूयॉर्क शहर में सुबह 8.46 बजे वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के उत्तरी टावर से टकराई थी। इसके 17 मिनट बाद ही यूनाइटेड एयरलाइंस फ्लाइट 175 बिल्डिंग के दक्षिणी टावर से टकराई। हाई अलर्ट जारी होने के बावजूद सुबह 9.37 बजे अमेरिकन एयरलाइंस फ्लाइट 77 वॉशिंगटन स्थित अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन से टकराई। चौथे हाईजैक हुए विमान यूनाइटेड एयरलाइंस फ्लाइट 93 का लक्ष्य व्हाइट हाउस या यूएस कैपिटल बिल्डिंग को निशाना बनाने का था, लेकिन यात्रियों से भिड़ंत की वजह से आतंकियों के हाथ से विमान का नियंत्रण छूट गया और यह पेन्सिलवेनिया के शैंक्सविल में मैदानी इलाके में गिर गया। अमेरिका में हुए इस हमले तक को सोच भी नही सकता था कि यात्री विमानों को शस्त्र के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।रूस यूक्रेन युद्ध लगभग 20 माह से जारी है।रूस के पास परमाणु हथियार हैं, किंतु यह हथियार दिखाने और अपनी शक्ति बताने के लिए है। दुनिया की बड़ी शक्ति होते भी 20 माह से युद्धरत रूस कुछ ज्यादा नही कर पा रहा।यूक्रेन के द्रोण रूस की मिजाइल पर भारी पड़ रहे हैं।

भारत में मुंबई पर आतंकी हमला हमने देखा हैं।दिल्ली में संसद पर हुए हमले के घाव हम भूले नहीं हैं। आंतकियों के खुराफाती दिमाग किस तरह घटना का अंजाम दें, कुछ कहा नही जा सकता।इन सब के लिए सिर्फ मजबूत रक्षा तंत्र बनाने की जरूरत है। अभी खालिस्तानी गुरपतवंत पन्नू ने धमकी दी है कि खालिस्तान के लिए भारत पर हमास जैसे हमले किये जाएंगे। पाकिस्तान के कुछ कट्टर मुल्ला धमकी दे रहे हैं कि वह इस्राइल से लड़ने के लिए हमास को परमाणु बम देंगे।

दुनिया के देश आधुनिक युद्धास्त्र बनाने में लगे हैं। परमाणु बम, हाइड्रोजन बम के आगे के विनाशक बम पर काम चल रहा है। अभी से हमें इसके लिए सोचना और तैयार होना होगा।

30अक्तूबर 2021 को पुणे इंटरनेशनल सेंटर द्वारा आयोजित ह्यपुणे डॉयलॉगह्न में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भविष्य में खतरनाक जैविक हथियार दुनिया के लिए गंभीर परिणाम साबित हो सकता है। दुनिया के लिए किसी भी जानलेवा वायरस को हथियार बनाकर इस्तेमाल करना गंभीर बात है। एनएसए डोभाल ने अपने बयान में कोरोना वायरस का उदाहरण देते हुए जैविक हथियारों का मुद्दा उठाया। ह्यआपदा एवं महामारी के युग में राष्ट्रीय सुरक्षा की तैयारियों ह्न पर बोलते हुए अजीत डोभाल ने कहा कि आपदा और महामारी का खतरा किसी सीमा के अंदर तक सीमित नहीं रहता और उससे अकेले नहीं निपटा जा सकता । इससे होने वाले नुकसान को घटाने की जरूरत है। अभी तक पूरी दुनिया इस खतरे से जूझ रही है कि परमाणु बम किसी आंतकवादी संगठन के हाथ न लग जाए। उनके हाथ में जाने से इसे किस तरह रोका जाए? उधर आतंकवादी नए तरह के हथियार प्रयोग कर रहे हैं। शिक्षा बढ़ी है तो सबका सोच बढ़ा है। दुनिया के सुरक्षा संगठन समाज का सुरक्षित माहौल देने का प्रयास कर रहे हैं।आंतकवादी घटनाएं कैसे रोकी जांए, ये योजनाएं बना रहे हैं। आंतकवादी इनमें से निकलने के रास्ते खोज रहे हैं। वे नए-नए हथियार बना रहे हैं। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सैंटर पर हमले से पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि विमान को भी घातक हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इसमें विमानों को बम की तरह इस्तेमाल किया गया।माचिस की तिल्ली आग जलाने के लिए काम आती है । बिजनौर में कुछ आंतकवादी इन माचिस की तिल्लियों का मसाला उतार कर उसे गैस के सिलेंडर में भर कर बम बनाते विस्फोट हो जाने से घायल हुए। इस्राइल दूसरे विश्व युद्ध से संघर्ष झेल रहा है। इसने प्रत्येक परिस्थिति के लिए अपने को तैयार किया हुआ है।ढाला हुआ है।इस तरह के हमलों के लिए उसने प्रत्येक घर में बंकर बनाए हुए हैं।वहां का लगभग प्रत्येक व्यक्ति एंव महिला युद्ध के लिए हर समय तैयार रहते हैं।वहां सैन्य प्रशिक्षण आवश्यक है।

हमास के हमले का सबसे बड़ा सबक यह है कि दुनिया का कोई भी देश इस तरह के हमले नही रोक सकता।बस इस तरह के हमलों को रोकने की व्यवस्था कर सकता है। इस्राइल का सुरक्षा चक्र आइरन डोम पांच हजार मिजाइल के हमले के सामने कारगर नही रहा। हमें सोचना होगा कि क्या यह इस तरह के भारी मिजाइल हमलों को रोकने में सक्षम है। या कोई अन्य सिस्टम चाहिए।हमें राष्ट्रीय आपदा या इस प्रकार के आतंकी हमले की हालत में अपना सहायता तंत्र विकसित करना होगा।उन्हें सभी प्रकार के हमलों या राष्ट्रीय आपदा के समय जनता की सुरक्षा , मदद, उपचार आदि देने के लिए तैयार करना होगा।

नज़रिया

# शादी-ब्याह: बढ़ता दिखावा-घटता अपनापन



**डॉ सत्यवान सौरभ**
स्तंभकार

भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन-किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाए ?
जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मयार्दा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। आज अगर कुछ युवा समाज को राह दिखा रहे हैं तो इसकी सराहना करनी चाहिए। लेकिन चाहे कोई कितना विरोध करे, वह तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक समाज के बहुसंख्यक लोगों की सहमति न हो। आज के इस दिखावे के युग में यह कब होगा, समय बताएगा।

**ऐसी शादियों को देखकर मध्यम व निम्न वर्ग भी शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाने से जरा भी नहीं हिचकिचा रहे। यहां तक कि लोग शादी में अपना स्तर, रुतबा और झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन करने के लिए कर्ज लेकर भी महंगी शादियां आयोजित कर रहे हैं।**

हम बात करेंगे शादी समारोहो में होने वाली भारी-भरकम व्यवस्थाओं और उसमें खर्च होने वाले अथाह धन राशि के दुरुपयोग की। सामाजिक भवन अब उपयोग में नहीं लाए जाते हैं, शादी समारोह हेतु यह सब बेकार हो चुके हैं कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियां होने की परंपरा चली परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है! अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियां होने लगी है। शादियों के आयोजन के लिए बड़े नामी-गिरामी सैवन स्टार होटल बुक करने की भी परिपाटी बनती जा रही है। इन होटलों में लाखों रुपए खर्च कर शादी का सैट खड़ा किया जाने लगा है। शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिया जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता ह। आगंतुक और मेहमान सीधे वही आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं। इतनी दूर होने वाले समारोह में जिनके पास अपने चार पहिया वाहन होते हैं वहीं पहुंच पाते हैं और सच मानिए समारोह के मेजबान की दिली इच्छा भी यही होती है कि सिर्फ कार वाले मेहमान ही रिसेप्शन हॉल में आये। और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी है।

ऐसी शादियों को देखकर मध्यम व निम्न वर्ग भी शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाने से जरा भी नहीं हिचकिचा रहे। यहां तक कि लोग शादी में अपना स्तर, रुतबा और झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन करने के लिए कर्ज लेकर भी महंगी शादियां आयोजित कर रहे हैं। एक मजेदार चीज और है। जो शादी ड्रीम वैडिंग कही जाती थी, उसे टूटने में दो पल नहीं लगते। कल तक जहां तलाक इक्का-दुक्का सुनाई देते थे, वे आज सैंकड़ों गुना बढ़ गए हैं।
जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मयार्दा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। इस संस्कार में रिश्तेदारों का मिलना जुलना शुभ माना जाता है मगर आजकल की शादियों में प्रत्येक परिवार अलग-अलग कमरे में ठहरते हैं जिसके कारण दूरदराज से आए बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है। क्योंकि सब अमीर हो गए हैं पैसे वाले हो गए है। मेल मिलाप और आपसी स्नेह खत्म हो चुका है। सब अपने को एक दूसरे से रईस समझते है। और यही अमीरीयत का दंभ उनके व्यवहार से भी झलकता है।

# कुम्हार

प्रेरक- प्रसंग

एक कुम्हार चिलम बनाया करता था, एक बार वह किसी तीर्थ स्थान पे गया, पूजा आराधना श्रद्धापूर्वक किया, फिर थकान मिटाने के लिए पास में ही रखी एक चौकी पे सो गया। कुम्हार हो नींद में एक सपना आया जिसमें एक देवता उससे पूछ रहे थे की 'तुम क्या करते हो'कुम्हार ने हाँथ जोड़कर कहा की चीलमे बनता हु।
देवता के कहा जिंदगी भर चीलमे ही बनता रहेगा क्या, घड़ा क्यों नहीं बनाता। तुम्हे पता है चीलमे बनाकर तुम कितने लोगों का स्वास्थ्य का नुक्सान कर रहे हो।



तुम्हारा खानदानी काम मटका बनाना है वह बनाता, बर्तन उपयोगी होते है। एसा कहकर देवता अद्दश्य हो गया, और कुम्हार की भी नींद खुल गयी नींद खुलने पर कुम्हार स्वप्न की बात को याद करता रहा और उसने चिलम बनाना छोड़ दिया और घड़े बनाना सुरु कर दिया, और फिर उसे कमाई भी दुगनी होने लगी, कुम्हार ने कुछ घड़े पानी भरकर रस्ते में भी रख दिए ताकि आते-जाते प्यासे लोग पानी पी सके, उसे कुम्हार के अंदर एक तृप्तता सी आ गयी वह उत्साह से जीवन जीने लगा। कहानी का तात्पर्य यह है की हर किसी को अचे कार्य करने के लिए कुछ प्रेरणा मिलती है, वह हमारे ऊपर है की हम उस बात पर अमल करते है की नहीं।

जानकारी

# रामेश्वरम से पम्बन ब्रिज



देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी-ब्रिज (First Vertical Lift Railway Sea Bridge) का निर्माण जोर-शोर से जारी है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु में यह पुल जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। ये ब्रिज रामेश्वरम को तमिलनाडु से जोड़ेगा। मार्च 2019 में पीएम मोदी ने इस परियोजना की आधारशिला कन्याकुमारी में रखी थी। नवंबर 2019 से नए पंबन ब्रिज (Pamban Bridge) का निर्माण शुरू हुआ था। रामेश्वरम से पम्बन ब्रिज मानव इंजीनियरिंग की एक शानदार रचना है। यह रामेश्वरम द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ने का काम करता है। बता दें कि यह पुल दोनों ओर से समुद्र से घिरा हुआ है। नीले पानी और आकाश का मनमोहक दृश्य देखकर आपका दिल खुश हो जाएगा। यह पुल खूबसूरत नजारा पेश करने के साथ ही ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व भी रखता है। पौराणिक कथा के मुताबिक इस स्थान पर भगवान श्रीराम ने लंका तक जाने के लिए पुल बनाया था। ऐसे में यहां पर जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से अप्रैल तक है।

# Airtel का धांसू प्लान



क्या Airtel Rs 999 Postpaid Plan: अगर आप एक साथ पूरी फैमिली के लिए नया पोस्टपेड प्लान तलाश कर रहे हैं तो हम आपको Airtel के धांसू पोस्टपेड प्लान के बारे में बता रहे हैं। Airtel के पास फैमिली प्लान लिस्ट में कई ऑप्शन भी हैं, जिसमें 599 रुपये, 999 रुपये और 1199 रुपये वाले तीन प्लान शामिल हैं। Airtel के 999 रुपये में आने वाले पोस्टपेड प्लान (Airtel Postpaid Plan 2023) में एक साथ 4 फैमिली मेंबर्स ऐड हो सकते हैं, जिसमें 1 प्राइमरी और 3 ऐड ऑन कनेक्शन होते हैं। आइए Airtel के 999 रुपये वाले पोस्टपेड प्लान के बारे में विस्तार से जानते हैं।

Airtel का 999 रुपये वाला पोस्टपेड प्लानः
Airtel के 999 रुपये वाला प्लान में प्राइमरी कनेक्शन के लिए प्रति माह 100GB डाटा दिया जा रहा है। वॉयस कॉलिंग की बात करें तो इस प्लान में अनलिमिटेड कॉलिंग मिलती है। वहीं रोजाना 100 स्टर मिलते हैं। इस प्लान में ग्राहकों को फेमिली मेंबर्स के लिए 3 फ्री ऐड ऑन रेगुलर वॉयस कनेक्शन मिलते हैं। प्लान में 190GB मासिक डाटा मिलता है, जिसमें प्राइमरी कनेक्शन के लिए 100GB डाटा, वहीं तीनों अन्य कनेक्शन के लिए 30GB डाटा मिलता है। इस प्लान में 200GB तक डाटा रोलओवर मिलता है। इस प्लान में 200GB तक डाटा रोलओवर मिलता है। डाटा लिमिट पूरी होने के बाद इंटरनेट चार्ज 2p/MB तक लगता है। अन्य फायदों की बात की जाए तो इस प्लान में 6 महीने के लिए Amazon Prime मेंबरशिप मिलती है। वहीं 1 साल के लिए Disney+ Hotstar मोबाइल सब्सक्रिप्शन मिलता है। इस प्लान में हेंडसेट प्रोटेक्शन, Airtel Xstream Play और Wynk प्रीमियम का एक्सेस मिलता है। ग्राहक इस प्लान में 9 ऐड ऑन कनेक्शन शामिल कर सकते हैं, जिसमें प्रति कनेक्शन के लिए अलग से 299 रुपये प्रति माह चार्ज लगता है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



"कुछ मीडिया संगठनों द्वारा पूछे गए सवाल पर मेरे जवाब को गलत तरीके से कोट किया जा रहा है, जो कि मैंने नहीं कहा है। सांप्रदायिकता भड़काने वाले संगठन पीएफआई का मैंने कभी समर्थन नहीं किया है। मैं धर्म के नाम से सांप्रदायिकता फैलाने वाले व्यक्ति/संगठन के खिलाफ हूं और सदैव रहूंगा।"

**दिग्विजय सिह**
पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता



"मुझे आपकी परफॉर्मेंस बहुत पसंद आई, यह देखने लायक है, विशाल ने तो यहां तक सुना है कि आप वाकई 3 साल से मेहनत कर रहे हैं। यह एक शानदार वापसी है। मैंने 'अमी जे तोमार' विभिन्न शैलियों में सुना है बारीकियां हमेशा छूट गई हैं।"

**श्रेया घोषाल**
बॉलिवुड गायिका

संपादक के नाम पत्र

## संवेदना ही धर्म की मंजिल की नींव है

संवेदनाहीन मानव पत्थर दिल निर्दयी और निष्ठुर हो जाता है। उसे अपने आपका ही ख्याल नहीं रहता तो वह दूसरों की क्या परवाह करेगा। ऐसा मानव इंसान न रहकर शैतान के रूप में परिवर्तित हो जाता है। पर उसे धार्मिक कहलाने का अधिकार नहीं है। संवेदना ही धर्म की मंजिल की नींव जिस पर धार्मिकता का महल खड़ा किया जा सकता है। स्वार्थ, लोभ और मोह के वशीभूत होकर कोई संवेदनशील होता है। तो उसे वास्तविक संवेदना नहीं कहा जा सकता। जिसके पीछे अपेक्षाओं के भाव निहित है। वह तो सौदेबाजी की तरह व्यापार ही माना जायेगा। दूसरो की पीड़ा दर्द उसे अपने आप का ही अपने उपर बोलता हुआ मानकर तत्काल उसको सहयोग पहुंचाने के लिए तत्पर हो जाये। जिसमे उसे अपने आप के हिताहित का ध्यान भी नहीं ऐसा महान पुरुष ही धर्म का श्रृंगार बन सकता है। समाज मे फैली कुरीतियों को खत्म करना होगा। तभी समाज को सही दिशा मिल सकती है। इंसान की बात तो छोडीये । पशु जगत मे भी संवेदना विद्यमान है। समय समय पर सैकड़ो उदाहरण देखने को मिलते है। राणा प्रताप के स्वामी भक्त घोड़े चेतक ने संवेदना मे ओतप्रोत होकर अपने प्राणों को भी हंसते हंसते न्यौछावर कर दिये। जिस मानव मे संवेदना नहीं उसकी तो पशु जगत से तुलना करने में भी शर्म महसुस होती है।
एक तरफ मानवता चिंता कर रही है दूसरी तरफ हम विलासीता मे डूबे उनकी तरफ आंख उठाकर देखने की भी फुर्सत नहीं है। तो क्या यह मानवता पर कलंक नहीं है। ? जाति धर्म, भाषा और प्रांतवाद के संकीर्ण नजरिए ने मानव ने मानव को पहचानने से भी इन्कार कर दिया है। आपस में ही एक दूसरे से द्वेष भाव रखकर अट्टहास कर हर्षित होनेवाला साक्षात राक्षस है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### बीडीओ ने किया पदभार ग्रहण

**हजारीबाग:** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को नवागत बीडीओ नम्रता जोशी ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान बीडीओ कृतिबाला लकड़ा ने अपना पदभार सौपा। इस अवसर पर प्रधान सहायक श्रीकर चौधरी, प्रखंड नाजिर फणीभूषन प्रसाद, प्रखंड समन्वयक पीएमए वाई अजय जायसवाल, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्यामनाथ वर्मा, बीएफटी दिलीप दास, महेंद्र टुडू समेत कई प्रखंडकर्मी मौजूद थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन

**हजारीबाग:** हजारीबाग 12 अक्टूबर 2023 को जन शिक्षण संस्थान, हजारीबाग के द्वारा पंचायत सचिवालय गोविंदपुर, विष्णुगढ़, हजारीबाग में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रखण्ड के उप प्रमुख श्री सरयू साव उपस्थित थें। इसके अलावे निदेशक जन शिक्षण संस्थान, हजारीबाग श्री रवीश कुमार, मुखिया श्रीमती रीता कुमारी, पंचायत समिति सदस्या श्रीमती अवन्ति देवी, प्रशिक्षिका श्रीमती संगीता देवी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों से कुल 268 लाभार्थियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रवीश कुमार ने जन शिक्षण संस्थान के उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और बताया की संस्थान का उद्देश्य मात्र प्रशिक्षण प्रदान कर कौशलमंद बनाना नहीं है। बल्कि इसका उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त कर लोगों के जीविका के साधन को बढ़ावा देना है। उप प्रमुख श्री सरयू साव ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड में संस्थान द्वारा चलाये जा रहे गतिविधियों की सराहना की और संस्थान को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ग्राम विकास समिति की बैठक

**हजारीबाग:** बड़कागांव लंगातु अन्नपूर्णा मंदिर के स्थित खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति विलेज मोबिलाइजर का बैठक किया गया। जिसका अध्यक्षता गोविंद महतो व संचालन रामचंद्र साव ने किया। जिसमें मुख्य प्रस्ताव जितने भी खनन स्थापित ग्राम विकास समिति चिरुडीह बड़कागांव हजारीबाग झारखंड सदस्य गण है ।सभी लोग कंपनी में एक ही मांग की जॉइनिंग लेटर के साथ काम दिया जाए ।कार्यालय का उद्घाटन 16 अक्टूबर को किया जाएगा। मौके पर गोविंद महतो, रामचंद्र साहू, मोहम्मद साबिर, दिनेश कुमार रविदास, प्रकाश ठाकुर, प्रमोद महतो, आलोक राम, लखन साहू, सुनील कुमार, अनवर हुसैन, नॉलेश यादव, बलदेव महतो, शशि कुमार , पूरन महतो, खेमानी साहू, राम लखन महतो, मनोज कुमार, किरण गंजू के अलावा अन्य लोगों उपस्थित थे। साथ ही राजकुमार सिंह अध्यक्ष, विजय भुईयां सचिव व मोहित राम कोषाध्यक्ष चुने गए । बड़कागांव के महुगाई कला पंचायत भवन में लोकसभा चुनाव की तैयारी करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राजकुमार सिंह ने की जबकि संचालन इंद्रदेव राम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य संयोजक संजय सिंह एवं प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां शामिल हुए। बैठक में पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमे सेअध्यक्ष राजकुमार सिंह, उपाध्यक्ष जगदेव गांझु, चैता गांझू, शमशेर आलम, सचिव विजय भुइयां, संयुक्त सचिव नितेश सिंह ,अयूब मियां, राजू भुईयां संगठन सचिव योगेन्द्र गांझू कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप ठाकुर मोजय साहबविकल चौधरी, सुरेश यादव ,सतीश राणा को सर्व समिति से चुना गया। संजय सिंह ने कहा कि आगामी 2024 में होने वाला लोकसभा विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी किया जा रहा है।

**उद्घाटन**

### सांसद ने चार द्विवसीय स्वावलंबन मेले का किया उद्घाटन

# विकास एवं रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण कदम: संसद

● 35 कारीगरों को 90 दिनों का प्रशिक्षण प्रदान किया

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** सिडबी ने अपने प्रतिबद्धता के साथ हजारीबाग व पूरे प्रदेश के सूक्ष्म उद्यमों के विकास और रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने का संकल्प दिखाया है। सिडबी, भारत के एमएसएमई (माइक्रो, स्मॉल, और मीडियम एंटरप्राइज) क्षेत्र के शीर्ष वित्तीय संस्थान के रूप में, अपनी योजनाओं और पहलों के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में ऋण और क्रेडिट-प्लस पहलकदमियों को साथ मिलकर आगे बढ़ा रहा है। सांसद जयंत सिन्हा के प्रयासों के परिणाम स्वरूप सिडबी ने 12 अक्टूबर को हजारीबाग जिले में एक महत्वपूर्ण कॉन्क्लेव का आयोजन किया, जिसमें वित्तीय समावेशन, सूक्ष्म उद्यम संवर्धन, ग्रामीण विकास, और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सिडबी द्वारा की गई विभिन्न आयोजनों की जानकारी प्रदान की गई। सांसद जयंत सिन्हा जी ने कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए कहा कि सिडबी कॉन्क्लेव हजारीबाग के सूक्ष्म उद्यमों के विकास एवं रोजगार सृजन में एक महत्वपूर्ण कदम है। सिडबी के सूक्ष्म उद्यम संवर्धन कार्यक्रम (एमईपीपी) के तहत, हजारीबाग सहित पूरे प्रदेश में 1100 उद्यमों की स्थापना होने की योजना है। जिससे लगभग 2200 युवाओं के लिए नौकरी के अवसर पैदा होगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में आजीविका सृजन को प्रोत्साहित करेगा। इस कॉन्क्लेव में आयोजित स्वावलंबन मेले के माध्यम से, सूक्ष्म उद्यमी, कारीगर, और स्वयं सहायता समूह अपने ग्राहक-आधार को व्यापक बनाने के अवसर का आनंद उठा सकेंगे और मेले के स्थल पर अपने उत्पादों की बेचैनी भी दूर कर सकेंगे।

राज्य में पहला जीआई प्रमाण झारखंड के सोहराई-कोहबर चित्रकला को ह्यप्रोजेक्ट केयर के तहत चिन्हित किया है। सिडबी ने जोराकाथ गांव के 35 कारीगरों को 90 दिनों का प्रशिक्षण प्रदान किया है ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करने हेतू बाजार से परिचित होने के अवसर उपलब्ध कराए जा सके। इस कॉन्क्लेव में सिडबी ने हजारीबाग में कार्यरत विभिन्न सामाजिक संगठनों को आर्थिक सहायता प्रदान की।

सिडबी ने नव भारत जागृति केंद्र को 68 रुपए क्षेत्र में युवाओं के रोजगार हेतू विभिन्न कार्यक्रम के संचालन हेतू जन जागृति केंद्र को 10 लाख रुपए व अक्षय पात्र फाउंडेशन के संबंध 60 रुपए की अनुदान सहायता की घोषणा की है। जिसके तहत हजारीबाग के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहें गरीब और बेहद गरीब वर्गों के 50,000 बच्चों को पौष्टिक और स्वच्छ मुफ्त मध्याह्न भोजन वितरण किया जायेगा। जिससे उनकी कल्याण, स्वास्थ्य और पोषण को मजबूती मिलेगी। सिडबी के प्रस्तावित अनुदान के माध्यम से, लगभग 7.60 करोड़ रुपए का ऋण प्रवाह सूक्ष्म उद्यमों के लिए उत्प्रेरित किया जा सकेगा।

### एनएसएस कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों में भरा देशप्रेम का जज्बा

# अमृत कलश भर बिखेरा मेरी माटी मेरा देश का संदेश



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के एनएसएस कार्यकर्ताओ ने गुरुवार को रैली निकाल ग्रामीणों में देशप्रेम का जज्बा भरा। वहीं अमृत कलश में गांव की मिट्?टी भर मेरी माटी मेरा देश का संदेश बिखेरा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निकाली गई रैली में आजादी के महानायकों का स्मरण करते हुए उन वीर सेनानियों को नमन किया गया। वहीं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वीर शहीदों के अविस्मरणीय योगदान को याद किया गया। उसके बाद गांव की सोंधी माटी से भरे अमृत कलश को कॉलेज में बनी अमृत वाटिका में सुरक्षित रखा गया। रैली के पहले एनएसएस कार्यकताओं ने कॉलेज के द्वार पर विधिवत अमृत कलश का पूजन किया। प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने मेरी माटी मेरा देश के उद्देश्य से कार्यकताओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की सेवा और रक्षा में प्राण न्योछावर करने का सौभाग्य देश के हर नागरिकों के मन में होना चाहिए। जिन वीर सेनानियों के कारण हम आज आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, उनका हम आजीवन ऋणी हैं। उन्हीं महापुरुषों की भावनाओं को दिल में सदैव संजोए रखने का जज्बा ही मेरी माटी मेरा देश का संकल्प और उद्देश्य है। मौके पर सहायक प्राध्यापिका बसुंधरा कुमारी, कुमारी अंजलि, डॉ पुष्पा कुमारी, महेश प्रसाद, एसएस माइटी, पुष्पा कुमारी, दीपमाला, रचना कुमारी, गुलशन कुमार, अनिल कुमार, दशरथ कुमार, दिलीप कुमार सिंह, संदीप खलखो, कश्यप कुणाल, संदीप कुमार सिन्हा समेत सभी प्रशिक्षु व कॉलेज कर्मी मौजूद थे।

# माउंट कायरा स्कूल में कराटे प्रतियोगिता का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत अंतर्गत करीमगंज स्थित माउंट कायरा नेशनल स्कूल में गुरुवार को कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि जे एम.एम के केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू शामिल हुए। प्रतियोगिता की शुरूआत में रामकिशोर मुर्मू ने बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए कहा की हमारा शरीर भी एक मंदिर है और हमें इसे स्वस्थ और स्वच्छ कैसे रखना है यह हम पर निर्भर करता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कराटे खेल कूद से हमारा शरीर हमारा मस्तिष्क हमेशा चुस्त तंदुरुस्त रहता है। रामकिशोर मुर्मू ने कहा की आगे चलकर आप लोग यदि इस क्षेत्र में अच्छा करेंगे तो हमारे देश का नाम रोशन होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को जिस तरह से भी मेरी मदद की आवश्यकता होगी मैं हमेशा हर तरह से उनके लिए तत्पर हूं। वहीं विद्यालय प्रबंधन से भी उन्होंने कहा कि मैं हर तरह से विद्यालय प्रबंधन की सहायता के लिए खड़ा हूं। वहीं कराटे प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए सभी को आकर्षित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा मोमेंटो, प्रमाण पत्र तथा ब्लू बेल्ट से सम्मानित किया गया। कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों में रिया हेमब्रॉम्ब, निखत फातमा, जयंत टुडू,संदीप सोरेन, आदित्य हांसदा, अरसलान खान,आशा मुर्मू शामिल थे।

# अवैध बालू की प्रतिदिन हो रही है चोरी



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** इचाक के आलोंजा की नदि से दर्जनों ट्रैक्टर अवैध बालू चोरी प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर हो रही है। इस संबंध में प्रशासन बेखबर है। नदियों से अवैध बालू व खनन निकासी पर जिला प्रशासन टास्क फोर्स टीम का कई बार गठन भी हुआ। कुछ मिलता जुलता करवाई भी देखने को मिला, लेकिन अवैध बालू कारोबारी पर नकेल कसने में विफल रहा। अलॉन्जा गांव के ग्रामीण किसानों का कहना है नदियों के बालू को उठाने के साथ-साथ आसपास के नदी के किनारे रहे खेतों को भी सटकर बालू निकासी से खेत हम लोगों का नदी में बह जा रहा है साथ ही जिस सड़क से बालू आता जाता है सड़क भी बर्बाद हो गया है।

पैदल आना-जाना मुश्किल है। ग्रामीणों ने यह अभी कहा कि अवैध बालू कारोबारी का मनोबल इतना बढ़ चुका है कि खुलेआम चुनौती देते हुए कहता है कि हमें प्रखंड से लेकर जिला तक मैनेज है। इसको जहां जो करना है कर लो हमें कुछ नहीं होने वाला है। अलॉन्जा नदी से दर्जनों ट्रैक्टरों से दिनदहाड़े बालू निकालकर प्रखंड से लेकर हजारीबाग की मंडियों तक पहुंचाया जाता है। इससे सरकार को लाखों रुपया का राजस्व का नुकसान प्रतिदिन हो रहा है।

अगर इस तरह से कारोबार चलते रहा तो हम सभी ग्रामीण कार्यालय का घेराव करते हुए रोड जाम कर देंगे जिसका सरा जवाबदेही सरकार का होगी। और नहीं तो खेत जो हम लोगों का नदी में बह रहा है उसका मुआवजा दे।

# चुनाव को लेकर झामुमो की तैयारी शुरू

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** बड़कागांव महुगाई कला पंचायत भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजकुमार सिंह एवं संचालन इंद्रदेव राम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य संयोजक संजय सिंह एवं प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां के द्वारा किया गया।

इस दौरान पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया। संजय सिंह के द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को झारखंड मुक्ति मोर्चा का पट्टा देकर स्वागत किया गया और उज्जवल भविष्य की कामना की। संजय सिंह ने कहा कि आगामी 2024 में होने वाला लोकसभा विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी किया जा रहा है। बड़कागांव विधानसभा में 50 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है। हेमन्त भुईयां ने कहा कि हेमंत सरकार के द्वारा सभी सरकारी विद्यालयों को मॉडल विद्यालय बनाने का लक्ष्य है। सभी पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र बनाने का प्रक्रिया शुरू किया जा रहा है। महुगाई पंचायत कमेटी गठन में अध्यक्ष राजकुमार सिंह, उपाध्यक्ष जगदेव गांझु ,चैता गांझू, शमशेर आलम, सचिव विजय भुइयां, संयुक्त सचिव नितेश सिंह ,अयूब मियां, राजू भुईयां संगठन सचिव योगेन्द्र गांझू कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप ठाकुर मोजय साहबविकल चौधरी, सुरेश यादव, राजेश राम, विकास कुमार, दुखन भुईयां विकी कुमार, बबलू कुमार, मोकत साहू , आनंद राणा ,सतीश राणा आदि लोगों को बनाया गया।

**आयोजन**

### शिक्षकों ने बताया पर्यावरण संरक्षण का महत्त्व

# विश्व वन्यप्राणी सप्ताह पर प्रतियोगिता का आयोजन

- जंगल, अभ्यारण और पर्यावरण बचाने को लेकर जनता को जागरूक करने की कोशिश की
- पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों को ध्यान में रखकर पेंटिंग्स और पोस्टर्स बनाए

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** हजारीबाग गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने विश्व वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर हरली स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। दो से आठ अक्टूबर तक इस वन्यप्राणी सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके तहत जंगल, अभ्यारण और पर्यावरण बचाने को लेकर विभिन्न माध्यमों से आम जनता को जागरूक करने की कोशिश की गयी। इस अवसर पर वन्यप्राणी सप्ताह के बाद विद्यालय परिसर और अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन पोस्टरों में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों को ध्यान में रखकर पेंटिंग्स और पोस्टर्स बनाए। इस प्रतियोगिता में अभिषेक कुमार को प्रथम, काजल कुमारी को द्वितीय और खुशबू कुमारी को तृतीय स्थान मिला। सभी विजेताओं को स्कूल के शिक्षकों ने मेडल, डायरी और पेन देकर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि इस वर्ष विश्व वन्यप्राणी सप्ताह का थीम वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी है जो यह बताता है कि साझेदारी यात्रा और सहकारी प्रयासों का महत्व जानवरों के संरक्षण और उनके आवास के संरक्षण के लिए सुनिश्चित करने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने पिछले जून में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में पौधारोपण समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया था। आने वाले समय में नवम्बर महीने में विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस, दिसंबर में विश्व मृदा दिवस और अगले वर्ष मार्च महीने में विश्व जल और स्वच्छता दिवस मनाया जाएगा। इन सभी अवसरों पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## न्यूज फटाफट

### शारदीय दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**हजारीबाग:** इचाक शारदीय दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति का बैठक हुआ। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मनोज कुमार महथा एवं संचालन थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह ने किया। बैठक में सभी अखाड़ा के अध्यक्ष ,सचिव एवं समाजसेवी को निर्देशित किया गया कि पूजा पंडाल में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। विसर्जन 10 बजे रात तक कर देना है। किसी अनजान व्यक्ति को आसपास घूमते देखे तो प्रशासन को सूचित करें, जिन अखाड़ा धारी का लाइसेंस नहीं बना है वह थाना में आवेदन देकर लाइसेंस बनवा ले, सभी पंडालो पर प्रशासन की पैनी नजर ड्रोन कैमरा से किया जाएगा। हुगदड़ मचाने वाले लोगों को बक्सा नहीं जाएगा, सभी अखाड़ों से 10-10 सदस्यों का नाम समय रहते हैं थाना में प्रेषित करना है। बैठक में मौजूद विधायक प्रतिनिधि सच्चीदानंद अग्रवाल राजद नेता प्रदीप मेहता, मुखिया चौहान महतो, सिकंद्र राम, नंदू मेहता ,सकेन्दर मेहता, उमेश मेहता, अशोक राम, मुखिया प्रतिनिधि कुशलचंद मेहता, राकेश मेहता, नेमीचंद मेहता, विजय राम, अभिषेक मेहता ,विनय सिंह ,मुरली मेहता, प्रमोद उर्फ पप्पू मेहता, जमाल मियां, गुल मोहम्मद ,संतोष यादव, मनोहर कुशवाहा, बसंत राम, कुलेश्वर यादव, धनंजय गिरी, रामचंद्र यादव ,रामकुमार सिंह , मनोज मेहता ,मिथिलेश कुमार, महेंद्र मेहता, सौरभ कुमार समेत दर्जनों समाजसेवी मौजूद रहे।

### महूदी में सामाजिक उप समिति दीदी दिव्यांग, भैया का गठन

**हजारीबाग:** बड़कागांव महूदी आजीविका महिला ग्राम संगठन महुदी की बैठक महुदी स्कूल के स्थित चबूतरा मे किया गया। जिसका अध्यक्षता दिव्यांग संगठन ट्रस्ट प्रखंड लोकनाथ राणा ने किया। बैठक मे सामाजिक उप समिति दीदी दिव्यांग भैया की पांच सदस्यीय टीम का चयन किया गया। जिसमें लोकनाथ राणा, राधिका कुमारी, रूबी कुमारी, ममता कुमारी, रजनी कुमारी का नाम शामिल है। जेएसएलपीएस केसीआरपी संगीता कुमारी के उपस्थिति में चुनाव संपन्न हूआ। बैठक में कांति देवी, चम्पा देवी, किरण देवी, पिंकी रानी ,पूनम देवी, हसीन खातून, उमरा खातून, सीता देवी, संगीता देवी आदि उपस्थित थे।

### निधन की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक पहुंचे मिलने



**हजारीबाग:** बरही प्रखण्ड के करसो निवासी बिरेन्द्र यादव के पुत्र लक्की यादव का असामयिक निधन बुधवार को हो गया। निधन की सूचना मिलते ही संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और परिजनो को सांत्वना दिया। पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाते हुए उन्होंने कहा कि इस उम्र में युवक के निधन से न सिर्फ परिवार को बल्कि देश और समाज को भी नुकसान पहुंचा है। इस दु:ख की घड़ी में वह उनके साथ है। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि इंडियन एयरफोर्स के होनहार जवान लक्की यादव की मौत के खबर से काफी मर्माहत और दु:खी हूँ। ज्ञात हो कि स्व. लक्की यादव ऑन ड्यूटी बीमार हो गये थे। दिवंगत युवक की आत्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें और परिवारजनों व स्नेहजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने का शक्ति प्रदान करें। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, संतोष निषाद, ज्योतिष यादव, सचिन यादव, प्रमोद यादव, देवेंद्र यादव, विशाल यादव, राजेन्द्र यादव, सूरज यादव, अमित सिंह, सुरेश गोप, सूरज यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों की बैठक

**हजारीबाग:** बरही भारतीय जनता पार्टी बरही पश्चिम मंडल की एक आवश्यक बैठक होटल उज्जैन पटना रोड बरही में हुई। बैठक में बूथ सशक्तिकरण पंचायत प्रभारी एवं मंडल कार्य समिति की बैठक हुई। जिसमें मंडल के सभी बूथ का पुनरीक्षण किया गया एवं प्रदेश के निर्देशानुसार मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बरही पश्चिम मंडल से हर एक पंचायत से कलश जमा किया गया। वही कहा की उसे प्रदेश में भेजा जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित मंडल के प्रवासी प्रभारी संजीव कतरियार, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, प्रदेश का मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, उपेंद्र सिंह, रसोईया धमना मुखिया गोविंद साहू, महामंत्री प्रमोद सिंह, मनोज उपाध्याय, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, लक्ष्मी सिंह, शंभू सिंह, विमल सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आपराधियों ने कंपनी के हाईवा को किया आग के हवाले

**हजारीबाग:** कटकमसांडी थाना अंतर्गत ग्राम शाहपुर में रेल्वे की पटरी बिछाने के कार्य में लगे रॉयल इंफ्रा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी के साईट पर कुछ अज्ञात अपराधियों के द्वारा आज सुबह 2:30 बजे के करीब 3 हाईवा, 1 रोलर एवं 1 टैंकर में आग लगा दी गई है। साईट पर उपस्थित कंपनी के कर्मियों के अनुसार कुल 4 के संख्या में अपराधी थे। अभी तक के अनुसंधान के अनुसार उपरोक्त घटना को स्थानीय अपराधियों एक गिरोह ने अंजाम दिया है। तथा उन्हें चिन्हित किया गया है। एवं जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी इस घटना में माओवादी या अन्य किसी भी नक्सल संघटन की कोई भी भूमिका सामने नहीं आई है। थाना प्रभारी, कटकमसांडी द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### सूचना अधिकार अधिनियम 2005 का 18 वर्ष हुआ पूर्ण

**हजारीबाग :** सूचना अधिकार अधिनियम 2005 का लागू हुए 18 वर्ष पूर्ण हो गया। इस उपलक्ष्य पर भारतीय नागरिक अधिकार रक्षा मंच के द्वारा केक काटकर बधाई दी साथ ही लोगो के बीच सूचना अधिकार अधिनियम कि प्रति बाँटी गई। इस अवसर पर भारतीय नागरिक अधिकार रक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष चितरंजन गुप्ता ने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 को हम दूसरी आजादी मानते है। जहाँ 15 अगस्त 1947 को हमें फिरंगियों से आजादी मिली थी वहीं 2005 मे सूचना अधिकार अधिनियम लागू होने से भ्रष्टाचार से आजादी व आम नागरिकों को अपने अधिकार प्राप्त करने का हथियार मिला। वहीं अधिवक्ता सह पत्रकार रोहित रंजन उर्फ कुणाल यादव ने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 भ्रष्टाचार पर प्रहार का सशक्त माध्यम है। इस अधिनियम के माध्यम से अब तक कई बड़े घोटालों का खुलासा हुआ है और कई भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जा चुका है। इस मौके पर हजारीबाग सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अरूण प्रभात सिन्हा, अधिवक्ता अम्ब्रिश शंकर ( मुकुल) , रोहित रंजन उर्फ कुणाल यादव पत्रकार सह अधिवक्ता, रवि शर्मा पत्रकार, मोइनउद्दीन , प्रदेश अध्यक्ष भारतीय नागरिक अधिकार रक्षामंच चितरंजन प्रसाद गुप्ता, अजय गुप्ता प्रदेश सचिव भारतीय नागरिक अधिकार रक्षामंच, प्रभु मेहता, राहुल सिह, मिथिलेश सिह, रोहन मेहता, उपेन्द्र सिन्हे, उपेन्द्र मेहता, उपेन्द्र कुशवाहा, अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### पुलिस केंद्र में हुआ मॉक ड्रिल का अभ्यास

**पाकुड़ :** पुलिस अधीक्षक पी जनार्दन के निर्देश पर आगामी दुर्गा पूजा के मद्दे नजर पुलिस केन्द्र पाकुड़ में किसी भी अपात स्थिति व भीड़ से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को अभ्यास कराया गया। अश्रु गैस के गोले छोड़ने की तरकीब बताई गई। किस परिस्थिति में किस हिसाब से भीड़ या अनियंत्रित लोगों के साथ निपटा जाए इसके तरीके का अभ्यास कराया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### गैस सिलेंडर रिसाव के कारण मिष्ठान भंडार कारखाना में लगी

**महेशपुर (पाकुड़) :** प्रखंड मुख्यालय के अंबेडकर चौक स्थित श्याम मिष्ठान भंडार के कारखाना में गुरुवार को गैस सिलेंडर रिसाव के कारण आग लग गई। इस आग लगी की घटना में मिठाई बनाने वाले डेग (बड़ा गमला), चीनी एवं गोदाम का छावनी समेत अन्य सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। आग की लपटे इतनी तेज थी कि मिठाई बनाने वाले कारीगर के अलावे आसपास के लोग दूर भाग खड़े हुए। इस आग लगी की घटना में लगभग 25 से 30 हजार रुपये का सामान जलकर नष्ट होने का अनुमान बताए जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही थाने के एएसआइ मुकुल कुमार भगत, मृत्युंजय कुमार, दिनेश कुमार सिंह एवं केयला उरांव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर दुकान मालिक सुब्रतो मोदक से घटना से संबंधित जानकारी लिया। इस संबंध में मिठाई दुकान मालिक सुब्रतो मोदक ने बनाया की आज सुबह उसके मिठाई कारखाना में कारीगरों के द्वारा मिठाई बनाया जा रहा था। इसी दौरान हल्का सा गैस का रिसाव होने लगा देखते- देखते ही आग रिसाव भयंकर रूप ले लिया और पूरा मिठाई कारखाना आग के चपेट में आ गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पूजा को लेकर पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में दुर्गा पूजा त्यौहार की तैयारी जोरों पर है ।शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग दुर्गा पूजा त्योहार को धूमधाम से मानने की तैयारी में जुट गए है। वहीं पलामू पुलिस ने भी दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर अपनी कमर कस ली है ।पूजा में शांति व्यस्था बहाल रखने के लिए पलामू पुलिस ने एक अहम फैसला लिया है ।पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। पलामू एसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। कई इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। एसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर सोशल मीडिया पर निगरानी को बढ़ाया गया है। आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### हरिहरगंज के नये बीडीओ व सीओ ने संभाला प्रभार

**पलामू :** हरिहरगंज में नए बीडीओ के पद पर प्रशिक्षु आईएएस पलामू के सहायक समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी रवि कुमार ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। यह प्रभार उन्होंने निवर्तमान बीडीओ जयप्रकाश नारायण से ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान बीडीओ ने नए बीडीओ और सीओ को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नये बीडीओ रवि कुमार ने पत्रकारों को बताया कि स्वच्छ और निष्पक्ष प्रशासनिक सेवा उपलब्ध कराते हुए योजनाओं को पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित कराया जाएगा। उन्होंने अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों ,कर्मियों को ईमानदारी से अपने कर्तव्यों और निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी। इसी दिन अंचल पदाधिकारी तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में कामेश्वर वेदीया ने भी पदभार ग्रहण किया।

---

बैठक

#### कोयला उत्खनन के लिए भारत सरकार ने स्वीकृति दी

# मौजा चिलगो 10 के प्रभावित परिवारों को पुनर्वासन के लिए व्यवस्था : डीसी

- विस्थापित परिवारों को बेहतर फैसिलिटी दिया जाए
- स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कंपनी को ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** समाहरणालय स्थित सभागार में अमड़ापाड़ा अंचल के पचुवाड़ा (नार्थ) कोल माइंस के लिए मौजा चिलगो-10 के ग्रामीणों के पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने की। सारदा एजेंसी के प्रतिनिधि के द्वारा चिलगो-10 के ग्रामीणों के लिए पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन को लेकर तैयार कार्य योजना के संबंध में जानकारी दी। कहा कि पचुवाड़ा (नार्थ) कोल ब्लाक के कुल 11 गांवों में पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से कोयला उत्खनन के लिए भारत सरकार ने स्वीकृति दी है।

मौजा चिलगो-10 के प्रभावित परिवारों को पुनर्व्यवस्थापन के लिए निम्नलिखित पैकेज का अनुशंसा किया गया। (1) 7 डिसमिल भूमि, जिसपर 100 वर्ग मीटर क्षेत्र में मकान। (2) रोजगार या 5 लाख रुपए या 20 वर्षों तक दो हजार प्रतिमाह (3) तीन हजार रुपए प्रतिमाह एक वर्ष तक या अनुसूचित जनजाति के प्रत्येक परिवारों को 3 लाख रुपए देने की स्वीकृति दी गई।(4) परिवहन भत्ता 50 हजार रुपए(5) पशुशेड के लिए 25 हजार रुपए(6) एक बारगी पूनस्थापन भता 50 हजार रुपए आदि की अनुशंसा किया गया। इसके अलावा बैठक में शिक्षा को लेकर विद्यालय खोलने, बेहतर अस्पताल का संचालन करने - चिकित्सकों व मेडिकल टीम की तैनाती करने एवं पेयजल एवं बिजली को लेकर उपायुक्त ने कहा कि जब तक सरकारी सेटअप नहीं होता हैं, तब तक कंपनी बिजली उपलब्ध करायेंगे। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि अस्पतालों में दवा उपलब्ध रखना सुनिश्चित करें। वहां के बच्चों को कैसे बेहतर शिक्षा मिले, इसपर पहल करें। जो भी विस्थापित है अगर अपने नाम से वाहन खरीदते हैं तो उनको ट्रांसपोर्टिंग में प्राथमिकता दिया जाए। उपायुक्त ने रैयत परिवारों के सदस्यों को उनके स्किल्ड के अनुसार एन्गेज्मन्ट के लिए अनुकूल व्यवस्था करने को कहा। मौके पर उपस्थित माननीय सांसद विजय कुमार हांसदा ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कंपनी को ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। विस्थापित परिवारों को बेहतर फैसिलिटी दिया जाए।

कंपनी प्रतिनिधियों को रैयतों के हितों की रक्षा करने एवं सभी गांवों के लोगों के लिए पेयजल व स्थानीय लोगों-रैयतों को रोजगार मुहैया कराने की बात कहीं। मौके पर उपस्थित लिट्टीपाड़ा विधायक श्री दिनेश विलियम मरांडी ने स्वास्थ्य के लिए क्या क्या व्यवस्था की गई है, इसकी जानकारी ली। ओर कहा कि कभी कभी गांव के लोगों को गंभीर बीमारी हो जाती है, वैसे लोगों को इलाज कराने को लेकर कंपनी को निर्देशित किया। साथ ही साथ माननीय विधायक ने कहा कि 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय को देना सुनिश्चित करें।

## न्यूज फटाफट

### उपडाकपाल विक्रम बने डाक निरीक्षक



**हुसैनाबाद :** पलामू प्रमण्डल के जपला मुख्य डाकघर के प्रभारी उप डाकपाल विक्रम कुमार ने फरवरी 2023 में डाक निरीक्षक के लिये आयोजित विभागीय परीक्षा दिया जिसका प्रकाशित परीक्षा परिणाम में उतीर्ण हुये । इससे उनका डाक निरीक्षक बनने का रास्ता साफ हो गया । विभाग द्वारा उन्हें शीघ्र ही डाक निरीक्षक पद पर योगदान के लिये पत्र जारी किया किया जायेगा । जपला मुख्य डाकघर के लिये यह गौरव की बात है । उनके इस सफलता पर डाक कर्मियों,अभिकताओं एवं शुभचिंतको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है जिनमें अरविन्द कुमार ओझा,रंजीत कुमार, संतोष टुड्डू,हैदरनगर के उप डाकपाल विनोद चौधरी,श्रवण कुमार, देवेन्द्र नाथ गुप्ता,डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, सुबोध कुमार कश्यप, रामकृष्ण मिश्रा,संतोष ठाकुर, शशि कुमार,कैलाश मेहता,रविकांत सिंह,रंजीत सिंह,राजेन्द्र पाल, अरुण सिंह,संजय कुमार, जपला सीएफ के उप डाकपाल सुनील सिंह,मोहम्मदगंज के उप डाकपाल रत्नेश कुमार, देवरी खुर्द के शाखा डाकपाल मनीष कुमार,अभिषेक कुमार शामिल हैं।

### विधायक ने सड़क व चेकडैम को दिलाई स्वीकृति



**पलामू :** जपला नहर मोड़ से पिपरा होते हुए दुबटिया एनएच 98 तक करीब 16 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद कुछ लोग वाहवाही लेने का प्रयास कर रहे हैं। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पुल,पुलिया,सड़क और कई चेकडैम की स्वीकृति दिलाई है ।उक्त बातें एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने हरिहरगंज में एनसीपी प्रखण्ड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह के आवास पर पत्रकार वार्ता में कही ।उन्होंने कहा कि विधायाक सिंह अपने कार्यकाल में सभी प्रमुख सड़कों की स्थिति सुधारने में जुटे हैं। इस वर्ष कई सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने का काम किया है। कुछ का टेंडर भी हो चुका है। पिपरा क्षेत्र के होलेया से पुनपुन उद्गम स्थल होते बनाडीह तक,पीडब्ल्यूडी रोड से कलीपुर तक,कुलहिया पंचायत के लादी बादी शिकारपुर तक, तेंदुआ से हल्का तक सड़क निर्माण,तुरी पंचायत के बटाने नदी पर अर्ध निर्मित पुल कार्य के अलावा दर्जनों सड़क पुल पुलिया के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है ।इसके अलावा अनेक गांवों में विधायक कोटा की राशि से छोटी छोटी योजनाओं पर काम हुआ है और चल रहा है। जो आज सड़कों को लेकर राजनीति कर रहे हैं, उन्हे बताना चाहिए कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कितने किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया। उन्होंने कहा कि कमलेश कुमार सिंह के पहले कार्यकाल और दूसरे कार्यकाल को छोड़ दिया जाए तो अन्य के कार्यकाल में एक भी सड़क पर काम नहीं हुआ किंतु अब सभी ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। जपला नहर मोड़ से पिपरा होते दुबटिया मोड़ एनएच 98 तक की सड़क को लेकर फरवरी 2021 को विधानसभा में आवाज उठाने का काम किया ।विधायक के द्वारा इस सड़क के लिए कई बार सरकार व विभाग को पत्राचार के बाद मुख्य अभियंता पथ निर्माण विभाग ने इस सड़क की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। जल्द ही इस पथ निर्माण की निविदा निकाली जाएगी। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इसी माह हुसैनाबाद क्षेत्र की सात सड़कों की जीर्णोद्धार के लिए 18 करोड़ की निविदा निकाली गई है।

## स्थानांतरित बीडीओ को दी विदाई



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** सदर प्रखंड मेदिनीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत का पश्चिमी सिंघभूम जिला के चाईबासा सदर प्रखंड में स्थानांतरण हो गया है। स्थानांतरण हो जाने पर उनके सम्मान में सदर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में गुरुवार को बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति एवं प्रखंड कमीर्यों के द्वारा विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित सम्मान सह विदाई समारोह में बीडीओ को शॉल, अंगवस्त्र, गुलदस्ता व बुके देकर सम्मानित किया गया 20 सूत्री प्रतिनिधि मंडल ने नवनियुक्त अंचल अधिकारी को भी शॉल देकर स्वागत किए। इस मौके पर बीडीओ अमिताभ भगत ने अपने संबोधन में कहा कि तमाम 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति, अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों, सभी कार्यरत कर्मी व ग्रामीण लोगों का सहयोग एवं प्यार हमेशा यादगार बना रहेगा । वहीं समारोह को संबोधित करते हुए 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने कहा कि स्थानांतरित बीडीओ अपने कर्तव्य के प्रति जवाबदेह थे मृदुभाषी सुझबुझ से समस्याओं का समाधान ढूंढने में भी माहिर थे। बीडीओ की कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके दीघार्यु एवं सुखमय जीवन की कामना की।

## बच्चे का शव कुआं से बरामद, हत्या की आशंका



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** थाना क्षेत्र के पिपरा घाघरा गांव में स्थित एक जीर्णशीर्ण अवस्था में पड़े कुआं से बच्चे का शव बरामद किया गया है । जिसकी पहचान लंगुराही गांव निवासी नंदकेश्वर भुईयां के 8 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार के रूप में हुई है । घटना के बाद मृतक के स्वजनों ने हत्या की आशंका जताई है ।बताया जाता है कि बुधवार की शाम पड़ोस में ही रहने वाले पिपरा घाघरा गांव निवासी युगेश भुईयां का पुत्र 22 वर्षीय संदीप भुईयां बच्चे को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया । देर शाम तक घर नहीं लौटने के बाद स्वजन उसकी खोजबीन करने लगे । इसी क्रम में आसपास के लोगों ने कुआं में कुछ गिरने की आवाज सुनाई देने की बात कही । ग्रामीणों ने पंप के सहारे रात्रि में ही कुआं के पानी को सूखाया। घंटों मशक्कत के बाद गुरुवार की सुबह शव को निकाला गया ।इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने बच्चे को साथ ले गये युवक की जमकर पिटाई की । सूचना के बाद एसआई अनूप कुमार, निरंजन कुमार, एएसआई संजय कुमार सिंह, मनोज कुमार दास मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद भेज दिया । वहीं पुलिस ने आरोपी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया ।इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बच्चे की मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत संग्रहित मिट्टी को भेजा गया दिल्ली



राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** भारतीय जनता पार्टी देवघर विधानसभा के देवघर नगर देवघर प्रखंड जसीडीह नगर माणिकपुर सिमरा मंडल में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम कार्यक्रम जिला अध्यक्ष विधायक नारायण दास की अध्यक्षता में हुआ इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सत्संग चौक होटल मनोरमा से पार्टी के कार्यकताओं ने विशाल पदयात्रा निकाली। इस पदयात्रा में विधायक नारायण दास ने मेरी माटी मेरा देश का कलश हाथ में लिए मंडलों के कार्यकताओं के साथ राष्ट्रीय ध्वज को लहराते हुए गाजे बाजे के साथ भारत माता की जय के उद्घोष के साथ देवघर प्रखंड कार्यालय पहुंचे पहुंचे जहां अतिथियों का स्वागत खुशी झा ने अपने उद्बिबोधन के साथ कि। वहीं विधायक नारायण दास ने कहा की खुशी की बात है कि हम नटराज की नगरी बैद्यनाथधाम देवघर में रहते हैं और यहां की मिट्टी दिल्ली जाएगी और इस मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण होगा। यह काफी खुशी का विषय है ,हम महापुरुषों को नमन करते हैं, शहीदों को नमन करते हैं, सभी महापुरुषों को वीर शहीदों को देश के प्रधानमंत्री अमृत वाटिका बनाकर सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम कर रहे हैं। जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा वो भारत देश है मेरा आज देश दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाया है और विश्व गुरु बनकर उभरा है । कार्यक्रम प्रभारी राकेश नरोने ने कहा हम बहुत भाग्यशाली हैं जो हम लोग के गांव की मिट्टी अमृत वाटिका के लिए जा रही है, यह काफी गर्व की बात है। विधायक नारायण दास दास , प्रदेश कार्य समिति सदस्य रीता चौरसिया, संजीव जजवाड़े ,राकेश नरोने, अधीर चंद्र भैया, पंकज सिंह भदोरिया, किशोर कुमार , राजू राम, बजरंगी शाह आदि उपस्थित थे।

## तंबाकू नियंत्रण व मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित यूनिक करियर पब्लिक स्कूल के प्रशाल में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षकों एवं कर्मचारियों के द्वारा विद्यालय के बड़े बच्चों एवं शिक्षकों के बीच एक कार्यशाला एवं संबंधित विषयों पर ज्ञान-विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्य कुमारी अर्पणा गुप्ता एवं स्वास्थ्य विभाग से आए हुए प्रशिक्षकों ने सम्मिलित रूप से किया। कार्यक्रम में बच्चों को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा बच्चे कैसे मानसिक रूप से मजबूत बने ताकि उनके बौद्धिक क्षमता का विकास हो सके तथा राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकें इसके लिए बच्चों को जागरूक किया गया। ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता में सुष्मिता कुमारी कक्षा सप्तम प्रथम स्थान, दुर्गेश कुमार कक्षा नवम द्वितीय स्थान पर तथा लक्ष्मी कुमारी कक्षा नवम तृतीय स्थान, प्राप्त किया । इन बच्चों को विभाग के द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जेम्स मुर्मू,अजय कुमार झा,रितेश कुमार,अभिनव आनंद,अमन कुमार,चमन कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

सेवा

#### जरूरतमंदों के मदद की बीड़ा उठा रही है अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति के सदस्य

# 200 गरीबों के बीच खाना व पुराने कपड़े का किया वितरण

- जरूरतमंदों को के लिए सेवा शिविर लगाया
- कई लोगों के बीच पुराने कपड़ों का वितरण किया गया



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** पाकुड़ स्टेशन में ऐसे लोग है जिन्हें एक वक्त का खाना भी नसीब नहीं हो पाता, कई बार भूखे पेट सोना पड़ता है या फिर मन मसोसकर रह जाना पड़ता है। लेकिन हमारे समाज में ही कई ऐसे लोग भी है जो ऐसे जरूरतमंदों का मसीहा बनकर समाज में एक नई रोशनी फैला रहे हैं। हम बात कर रहे हैं।

पाकुड़ जिला मारवाड़ी समिति की जो मुफ्त में जरूरतमंदों को खाना खिलाने की सोच रख कर स्टेशन परिसर के करीब 200 व्यक्तियों को निशुल्क भोजन कराया। दरअसल पाकुड़ में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति ने रेलवे स्टेशन परिसर में जरूरतमंदों को के लिए सेवा शिविर लगाया। शिविर में समिति के दर्जनों सदस्यों ने जरूरतमंदों को भोजन कराने के साथ कई लोगों के बीच पुराने कपड़ों का वितरण किया। समिति की अध्यक्ष चंदा अग्रवाल ने कहा कि समाज के सभी लोग अपने परिवार की तरह है ।अगर हमें कुछ ज्यादा मिला है तो उसे हमें बांटना चाहिए, यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। ऐसे कई जो मजदूर है जिन्हें एक वक्त की रोटी के लिए सोचना पड़ जाता है। इस तरह के कार्य से ना सिर्फ मुझे खुशी मिलती है बल्कि पूरे समाज का भला होता हैं। वही समिति के प्रिति टेबरीबाल ने बताया कि समाज में अगर हमें कुछ ज्यादा मिला है तो उसे हमें बांटना चाहिए, यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। ऐसे कई रेजा मजदूर है जिन्हें एक वक्त की रोटी के लिए सोचना पड़ जाता है। इस तरह के कार्य से ना सिर्फ मुझे खुशी मिलती है बल्कि पूरे समाज का भला होता है।

## भाजपा कार्यकताओं ने नए सीओ का किया स्वागत



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** सदर अंचल कार्यालय मेदिनीनगर में योगदान दिए नए सीओ अमरदीप सिंह मलहोत्रा का गुरुवार को भाजपा कार्यकताओं और सांसद प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने कहा कि भाजपा के द्वारा नए अंचल अधिकारी का पूरे सम्मान के साथ स्वागत किया गया है साथ ही उम्मीद जताई गई है कि अंचल कार्यालय में बिचौलिए हावी नहीं होंगे। आम जनमानस का कार्य सहूलियत पूर्वक होगा ।सांसद प्रतिनिधि सुशील सिंह ने कहा की जनता की हर समस्याओं को समय पर निदान हो ।नए सीओ शिव अमरदीप सिंह मलहोत्रा ने कहा की किसी प्रकार की कठिनाई होती है तो शीघ्र संपर्क करें समस्याओं का निदान किया जाएगा। लोगों की समस्याओं के समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी ।बिचौलियों को कभी पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से सहयोग का आग्रह किया है ।इस अवसर पर भाजपा एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह पोलपोल मंडल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी एवं कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहर >> अपडेट

### मोटरसाईकिल दुर्घटना में छह घायल

कोडरमा: सतगावां थाना क्षेत्र के आदेश मध्य विद्यालय बासोडीह के समीप शुक्रवार को मोटरसाईकिल दुर्घटना में तीन छात्रा व तीन युवक घायल हो गए। बताया जाता है कि छात्राएं सुलोचना कुमारी (16 वर्ष, पिता स्व धनेश्वर प्रसाद यादव, ग्राम बदाल.), पूजा कुमारी (17 वर्ष, पिता कपिल प्रसाद यादव, ग्राम बदाल), खुशबू कुमारी (20 वर्ष, पिता श्याम सुन्दर सिंह, ग्राम मर्चोई) प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह जा रही थी। मोटरसाइकिल पर सवार बिपुल कुमार (20 वर्ष, पिता मदन प्रसाद यादव, ग्राम बाद), संदीप कुमार (21वर्ष, पिता गांधी प्रसाद यादव, ग्राम बाद) और मिथलेश कुमार (16 वर्ष, पिता इंद्रदेव प्रसाद यादव, ग्राम बाद) अपने मोटरसाइकिल से बासोडीह की ओर आ रहा था। बासोडीह मध्य विद्यालय के समीप छात्राओं से जा टकराया जिससे तीनों युवक मोटरसाइकिल सहित गिर गया जिससे तीनों युवक व तीनों छात्रा घायल हो गई।

## सिटी अपडेट्स >>

### सड़क हादसे में तीन लोग घायल

मरकच्चो: नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग पर नवलशाही चौक के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान गिरिडीह जिले राजधानवार थाना क्षेत्र निवासी निखत प्रवीन (24 वर्ष), शाहिद अंसारी (22 वर्ष) व कहकशा परवीन (8 वर्ष) के रूप मे की गई है। जानकारी अनुसार तीनों मोटरसाइकिल पर सवार हो कर इलाज हेतु डोमचांच जा रहे थे। इसी दौरान आगे जा रहे एक पिकअप के द्वारा एक मोटरसाइकिल को बचाने के क्रम में अचानक ब्रेक लगा देने से उक्त बाईक पिकअप से टकरा गया जिससे बाईक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को नवलशाही थाना पुलिस द्वारा इलाज हेतु सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। चिकित्सकों ने शाहिद अंसारी की गंभीर अवस्था को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया, जबकि निखत प्रवीन व कहकशा प्रवीन का इलाज जारी है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### डीईजीएस, पीजी पोर्टल, जीआरएस पोर्टल पर आवेदनों के निस्तारण करने को लेकर बैठक

कोडरमा: समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में डीईजीएस, पीजी पोर्टल, जीआरएस पोर्टल पर आवेदनों के निस्तारण करने को लेकर बैठक किया गया। उपायुक्त ने अपर समाहर्ता, अंचल कार्यालय कोडरमा, चंदवारा, जयनगर, डोमचांच नगर परिषद् झुमरी तिलैया नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच, जिला आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग, रजिस्ट्री कार्यालय, श्रम, नियोजन कार्यालय, कृषि विभाग, बैंक, प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा, सतगावां, विद्युत विभाग, खनन विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, अनुमंडल कार्यालय समेत अन्य विभागों के पीजी पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा किया गया। उपायुक्त महोदया ने सभी संबंधित पदाधिकारीयों को पोर्टल पर लंबित आवेदनों को निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं से संबंधित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करेंगे। आवेदनों के निस्तारण को लेकर वरीय पदाधिकारी को मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यालय में आने वाले आमजनों की समस्या का समाधान करेंगे। आमजन कार्यालय का चक्कर न काटें, इसके लिए समस्या का सुनते हुए उसका समाधान करेंगे। गया। साथ ही राशन वितरण को लेकर भी आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

**रैली** माइका वर्कर्स यूनियन ने जेएसएमडीसी की निष्क्रियता को लेकर निकाला हाहाकार रैली

# ढिबरा खरीदारी का नियमन शीघ्र : मेधा भारद्वाज

- उच्चाधिकारियों से बात कर सरकार की नियमावली के तहत को-ऑपरेटिव के माध्यम से ढिबरा की खरीदारी शीघ्र शुरू
- ढिबरा खरीदारी नहीं होने के कारण मजदूरों की दारुण हो गई स्थिति
- जिस काम का उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री कर चुके हैं, उसका धरातल पर नहीं उतरना शर्मनाक




राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** माइका वर्कर्स यूनियन ने जेएसएमडीसी की निष्क्रियता को लेकर गुरुवार को हाहाकार रैली निकाला और धरना दिया। धरना के बाद उपायुक्त मेधा भारद्वाज ने आश्वस्त किया कि वह खान विभाग एवं जेएसएमडीसी के उच्चाधिकारियों से बात कर सरकार की नियमावली के तहत को-ऑपरेटिव के माध्यम से ढिबरा की खरीदारी शीघ्र शुरू करवाने का प्रयास करेंगी। उपायुक्त ने यह आश्वासन माइका वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के दौरान दिया। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को नियमावली के तहत ढिबरा खरीदारी नहीं होने के कारण मजदूरों की दारुण हो गई स्थिति की जानकारी देते हुए उनसे हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम पर मांग पत्र भी सौंपा गया। इसके पूर्व माइका वर्कर्स यूनियन की ओर से सैकड़ों ढिबरा मजदूरों ने जेएसएमडीसी की निष्क्रियता के कारण खराब हालात की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के हाहाकार रैली निकाली।

रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। रैली उपायुक्त कार्यालय जाकर सभा में परिणत हो गई। रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने हैरानी जाहिर करते हुए कहा कि जिस काम का उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री कर चुके हैं, उसका धरातल पर नहीं उतरना शर्मनाक है। जेएसएमडीसी की निष्क्रियता के कारण कोडरमा और गिरिडीह के लाखों गरीब ढिबरा मजदूरों के घर का चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। मुख्यमंत्री ने संवेदनशील कदम जरूर उठाया है पर सरकारी तंत्र विफल साबित हुआ है। मजदूरों की को-ऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि नियमावली के तहत ढिबरा का मालिक मजदूरों को बनाया गया है लेकिन दुर्भाग्यवश मालिक ही भूख मरने के कगार पर है।

जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि मजदूरों का त्योहार फीका पड़ गया है। उन्होंने ढिबरा की खरीदारी अविलंब शुरू करने की मांग की। सभा को यूनियन के संयोजक महेंद्र तुरी, सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति, बबन मेहता, सरस कुमार बबलू, ग्यास हुसैन व सविता देवी ने भी संबोधित किया।

## वन अधिकार समिति का अध्यक्ष बने परमेश्वर महतो, सचिन गुड़िया देवी



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत बुंडू पंचायत सचिवालय में वन अधिकार समिति का गठन करने को लेकर गुरुवार को मुखिया निहारिका सुकृति की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। यह ग्राम सभा बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी के पत्रांक 381 दिनांक 30 सितंबर एवं अंचल अधिकारी पेटरवार के पत्रांक 900 दिनांक 9 अक्तूबर 23 के आलोक में की गई। ग्राम सभा के माध्यम से अबुआ वीर दिशोम अभियान 2023 के तहत वन अधिकार समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष परमेश्वर महतो व सचिव गुड़िया देवी का चयन सर्वसम्मति से किया गया जबकि इस समिति में अभय महतो, अरविंद कुमार, मो.बशीर, हीरालाल महतो, सुनीता देवी, सरस्वती देवी, सबिता देवी, उर्मिला देवी, शांति देवी व शारदा देवी को सदस्य बनाया गया।

# स्थानीय लोगों को नियोजन देना अनिवार्य :लंबोदर महतो



राष्ट्रीय खबर

**तेनुघाट:** झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवार को नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के तहत स्थानीय लोगों को नियोजन देना अनिवार्य डॉक्टर लंबोदर महतो गोमिया विधयक तेनुघाट नियोजन कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला में कहा।नियोजनालय कार्यालय में विधायक डॉ लंबोदर महतो की अध्यक्षता में स्थानीय नियोजन नीति लागू करने के संबंध में गैर सरकारी संस्थानो के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी व एजेंसियों के साथ की गई बैठक । निजी क्षेत्र के अधिकारियों के अनुपस्थि होने एवं उदासीन रवैया से विधायक हुए नाराज बोले सभी संस्थान के मालिकों एवं अधिकारियों को नियोजन नीति कानून के उलंघन करने मामले के पांच लाख जुमार्ना लगा कर नोटिस देने का दिया निर्देश नियोजन पदाधिकारी बम बैजू को दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में नियोजन नीति में 75 प्रतिशत नियोजन एवं चालीस हजार से नीचे मासिक बेतन का बहाली नियोजनालय के द्वारा की जाना एवं स्थानीय के आधार पर लेना निश्चित रूप लागू करना होगा।चाहे भारत माला रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी हो या फॉर लाइन सड़क निर्माण हो।प्राईवेट स्कूल, गोमिया स्वांग,कथारा सीसीएल, ओरिका, टीटीपीएस, ओ एन जी सी,गेल, बिजली विभाग, के जी एम को नोटिस देने के निर्देश दिया गया।नियोजन पदाधिकारी बम बैजू बताया कि झारखंड राज्य में 10 या 10 से अधिक व्यक्तियों को नियोजित करने वाले सभी प्रतिष्ठानों पर यह नियम लागू होगा।

## मंदिर परिसर में शांति समिति की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में बड़की चांपी दुर्गा मंदिर परिसर एवं सलगी दुर्गा पूजा मंदिर परिसर में शांति समिति का बैठक की गई। इस बैठक में कुडू थाना प्रभारी ने दोनों पूजा समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों को दुर्गा पूजा के अच्छी तरह से मनाने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर थाना प्रभारी ने सभी उपस्थित लोगों को मिलजुलकर, आपसी सौहार्द के साथ पूजा पाठ मनाने का निर्देश दिया। इस मौके पर कुडू प्रखंड प्रमुख मुनि देवी, कुडू थाना के एएसआई लवकुश सिंह, प्रेम प्रकाश , बड़की चाँपि दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, सचिव अमोद पाठक, कोषाध्यक्ष मुकेश प्रजापति, सामाजिक कार्यकर्ता अरबिंद पाठक, भूपाल पाठक, लाल गौरीशंकर नाथ शाहदेव, लाल पंचम नाथ शाहदेव, कामेश यादव, अशोक तिवारी, विनय कुमार, ओमप्रकाश प्रजापति, भरत वर्मा, संतोष पांडेय,चंद्रकांत पाठक, तुलसी भगत, राजेश राम, प्रवीण गोयल, रौशन अग्रवाल, बिट्टू सिंह, रिशु साहू, दुबराज वर्मा, सलगी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अमोद साहू, सचिव अजय चौरसिया, धीरज साहू, जितेंद्र लाल नाथ शाहदेव , प्रदीप कुमार , आकाश मोदी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अवैध माइका खनन रोकने के लिए छापेमारी



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** कोडरमा ज़िले के वन परिक्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कार्य जारी है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर जेसीबी मशीन जप्त किया। रेंजर रविंद्र कुमार और डोमचांच पुलिस व ढाब पुलिस के द्वारा मसनोडोह के क्षेत्र जंगल में मेन पहाड़ी अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक जेसीबी मशीन को जब्त किया है। रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मेन पहाड़ी में छापेमारी कर अवैध खनन कार्य में लागे एक जेसीबी मशीन जब्त किया गया है, जबकि चालक फरार हो गये। इस मामले में अवैध खनन को लेकर अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। जब्त वाहन को कोडरमा वन विभाग परिसर में जब्त कर रखा गया है।

**बैठक** जिला प्रशसान ने दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को लेकर की बैठक

# उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी: उपायुक्त



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने आगामी त्योहारों को लेकर जिले के एसपी, एसडीएम, वरीय पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी के साथ बैठक की। बैठक में दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को लेकर उपायुक्त ने जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए की गई तैयारियों, शांति समिति, सांप्रदायिक सद्भाव में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान और कार्रवाई, अवैध मादक पदार्थ, शराब से संबंधित मामले त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, साफ-सफाई एवं सुगम यातायात के संबंध में चर्चा की गई। उपायुक्त ने जिले में लाइसेंसी और गैरलाइसेंसी पंडालों की जानकारी ली। साथ ही संवेदनशील स्थानों को जानकारी लेते हुए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करने को कहा गया। किसी प्रकार की छोटी से छोटी घटना की सूचना तत्काल पदाधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, व, अन्य, सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पूजा के दौरान बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण करेंगे। आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई कराने का निर्देश नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच को दिया गया। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि त्योहार के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण या आपत्तिजनक पोस्ट डालकर अथवा अफवाह फैला कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखने, साथ ही त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया। इसके अलावा जिले में नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति करने और प्रत्येक घटित घटना की सूचना पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारियों को देने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप,सिंह,अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, कार्यपालक दंडाधिकारी जयपाल सोय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक समेत सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज फटाफट

### कॉलेज प्रशिक्षुओ ने निकाली अमृत कलश यात्रा



**कुडू :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा के बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में अविराम की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत 150 से भी अधिक स्थलों की मिट्टी को संग्रहित कराया गया जिसमे प्रसिद्ध लरका आंदोलन स्थली के साथ साथ रांची, लोहरदगा, मांडर, चतरा, डाल्टनगंज , कुरू , किसको ,चंदवा, गुमला, सिसई, लातेहार,कुलाबेरा, बालूमाथ,आदि से विविध गांव, कस्बे भी सम्मिलित है। और अमृत कलश यात्रा शहीद स्थली और टिको के पोखरा टोली तक पारंपरिक वाद्य मांदर, नगाड़ा के साथ भारत माता के रूप में काजल कुमारी , महात्मा गांधी के रूप में निरपति, सुभाष चंद्र बोस के रूप में किनन , रानी लक्ष्मी बाई के रूप में रिया , रूनिया के रूप में नीलम तिर्की, झुनिया के रूप में सत्यवती , डॉ भीमराव अंबेडकर के रूप में निशांत आदि प्रशिक्षुओ ने सुसज्जित हुए जो आकर्षक का मुख्य बिंदु रहा। कलश लिए प्रशिक्षु और भारत का झंडा लिए भारत माता की जय मेरी माटी मेरा देश के स्वरों से समग्र वातावरण देशभक्ति मय हो गया। यात्रा को दीप प्रज्जवलित कर सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा कलश में अपनी जन्म भूमि की मिट्टी डाल कर पंच प्रण प्रतिज्ञा सभी द्वारा ली गई और हर्षोल्लास के साथ अमृत कलश यात्रा को भेजा गया। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि अमृत उद्यान जो देश के वीर शहीदों को समर्पित होगा उसका निर्माण किया जाएगा ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों और प्रशिक्षुओं में अपनी मातृभूमि के प्रति और भी प्रेम का भाव जागृत होता है। रांची विश्विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ बृजेश कुमार का मार्गदर्शन इस कार्यक्रम की सफलता में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम में पंकज, पवन, जंगबहादुर, ऋतु,ममता, शिव, शशि, चिनिबास, अर्चना, प्रियंका, दीपिका, तबस्सुम, आदि उपस्थित थे।

### आरजेडी कार्यकताओं ने बूथों की समीक्षा की

**सतगावां :** प्रखंड में शुक्रवार को आर जे डी कार्यकताओं ने बूथ कमेटी की समीक्षा की। आर जे डी कार्यकर्ता शिवपूजन यादव व प्रवीण यादव ने बताया कि शुक्रवार को सतगावां प्रखंड के मीरगंज, पोखरडीहा, भखरा, ढाब, दुमदुमा गांव का दौरा कर बनाये गये बूथ कमेटी की समीक्षा की गई। बनाए गए बूथ कमेटी के सदस्यों से मिलकर भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कई स्थानों में बूथ कमेटी को चुस्त एवं दुरुस्त बनाने के लिए कार्यकताओं को लगाया गया है। उन्होंने यह भी कहा है कि सुभाष यादव के द्वारा चुनाव मैदान में उतरने से पहले बूथ कमेटी को चुस्त एवं दुरुस्त बनाने के लिए सैकड़ो कार्यकर्ता लगे हुए हैं और प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर कार्यकर्ता बूथ कमेटी बनाएंगे। मौके पर उपेंद्र यादव, शंभू यादव, सुखदेव यादव, रमेश यादव, गणेश यादव, सोहन यादव उपस्थित थे।

### ज्ञान विज्ञान समिति ने की अंडा अभियान का शुभारंभ



**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत अंतर्गत घांसी टोला में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में भोजन का अधिकार अभियान झारखंड तथा ज्ञान विज्ञान समिति बोकारो के तत्वावधान में अंडा अभियान का शुरूआत गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर बुंडू मुखिया निहारिका सुकृति, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ठाकुर एवं जिला उपाध्यक्ष पंकज कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केंद्र के 30 बच्चों के बीच अंडा का वितरण किया तथा साथ में अंडा अभियान को आगे बढ़ते हुए सरकार से प्रतिदिन आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को प्रतिदिन अंडा देने की मांग की गई। जैसा की राज्य सरकार के कैबिनेट में अंडा देने का प्रस्ताव पहले ही कर चुकी परंतु अभी तक कोई पहल नही किया गया। इस विषय पर ध्यान आकर्षित करने के लिए ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से अंडा अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर पंकज कुमार सिन्हा ने कहा कि यदि आंगनबाड़ियों में प्रतिदिन अंडा दिया जाता तो बच्चों में कुपोषण कम होती। इस कार्यक्रम में रितेश कुमार सिन्हा,आंगनबाड़ी के सेविका रेखा कश्यप , रमेश मुंडा, दिलीप कुमार महतो, पार्वती देवी एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


### जलापूर्ति ठप पर बिल की वसूली कर रहा विभाग: बसंत



कोडरमा: सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने विगत 17 दिनों से जलापूर्ति ठप रहने एवं इस महीने में सिर्फ एक दिन गंदे पानी की आपूर्ति पर नगर पंचायत के साथ ही कार्यपालक अभियंता, जल एवं स्वच्छता विभाग की कार्य प्रणाली पर प्रश्न खड़ा किया है। कोडरमा मुख्यालय में कई महीनों से महीने में 2 से 4 दिन ही जलापूर्ति की जाती है और नगर पंचायत के प्रशासक पानी के बिल हेतु लोगों को डरा रहे हैं एवं इस विषय पर यहां के जनप्रतिनिधि के साथ ही पदाधिकारी भी चुप्पी साधे रहते हैं। दुर्भाग्य यह है कि यहां का कुआं एवं बोरिंग का पानी खारा है जो पीने योग्य नहीं है। यही कारण है कि यहां के निवासियों को जलापूर्ति पर पूर्णतया निर्भर रहना पड़ता है। एक तरफ सरकार द्वारा हर घर नल की बात की जाती है एवं इस पर करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं पर यह सफेद हाथी बन गया है और सरकार के मुखिया भी अपनी उपलब्धियां गिना अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, पर धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आता। जलापूर्ति की समस्या के पूर्ण समाधान हेतु स्थाई लोक अदालत में पीएलए नंबर 833/ 23 द्वारा केस दर्ज कर कार्यपालक अभियंता एवं प्रशासक नगर पंचायत को पार्टी बनाया है। श्री बसंत ने नियमित जलापूर्ति हेतु जनहित में अविलंब निर्णय लेने की मांग की है।

## न्यूज फटाफट

### मणिकांत ने 100 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, बने भारत के सबसे तेज धावक



**नई दिल्ली:** मणिकांत एचएच ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुष 100 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।सेना के मणिकांत एचएच ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुष 100 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।21 साल के मणिकांत तीसरी हीट (शुरूआती दौर) में 10.23 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रहे और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने ओडिशा के अमिया कुमार मलिक के 2016 में बनाए 10.26 सेकेंड के रिकॉर्ड में सुधार किया।

### ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद निशानेबाजों को टीम से हटाना निराशाजनक : ढिल्लों



**नई दिल्ली:** पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता टी एस ढिल्लों का मानना है कि ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले निशानेबाजों को अगले टूनार्मेंट से बाहर रखने की भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की नीति से निशानेबाजों का मनोबल गिरता है क्योंकि प्रतिस्पर्धा के अभाव में वे बड़े टूनार्मेंटों का दबाव नहीं झेल पाते। देश के लिये अधिकतम ओलंपिक कोटा हासिल करने की कवायद में एनआरएआई ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके निशानेबाजों को या तो बाहर कर देता है या उन्हें न्यूनतम क्वालीफिकेशन स्कोर्स (एमक्यूएस) में डाल देता है जिससे वे पदक की दौड़ से बाहर हो जाते हैं।काहिरा में विश्व चैम्पियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक जीतकर 10 मीटर एयर राइफल में कोटा हासिल करने वाले रूद्रांक्ष पाटिल को अजरबैजान के बाकू में अपने खिताब की रक्षा करने का मौका नहीं दिया गया।

उत्साह | वर्ल्ड कप 2023 में 14 अक्टूबर का दिन क्रिकेट फैंस के लिए बेहद अहम है

# भारत पाकिस्तान मुकाबले से पहले आसमान छू रहे होटलों के दाम

- दोनों ही टीमों की नजर लगातार तीसरी जीत दर्ज करने पर होंगी
- इस मैच को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है

एजेंसियां




**नई दिल्ली:** वर्ल्ड कप 2023 में 14 अक्टूबर का दिन क्रिकेट फैंस के लिए बेहद अहम है। दरअसल, इस दिन क्रिकेट जगत की दो चिर परिचित टीमे भारत-पाकिस्तान एक-दूसरे से भिड़ेंगी। वहीं दोनों ही टीमों की नजर लगातार तीसरी जीत दर्ज करने पर होंगी। इस मैच को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। इस मैच का क्रेज फैंस में इतना है कि उन्होंने टिकट के बाद अब होटल के कमरे बुक करने के लिए लाइन लगानी शुरू कर दी है।
भारत में हो रहे वर्ल्ड कप के शेड्यूल का जब ऐलान किया गया था तो पहले ये मैच 15 अक्टूबर को होना तय हुआ था लेकिन सुरक्षा कारणों की वजह से शेड्यूल में बदलाव हुआ और इस मैच को एक दिन पहले यानी शनिवार को आयोजित करवाने का फैसला किया गया। इस बीच फैंस ने शेड्यूल के मुताबिक बुकिंग करवा ली थी लेकिन जब शेड्यूल में बदलाव हुआ था तो एक बार फिर फैंस को होटल बुकिंग में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इस मैच को लेकर फैंस के बीच क्रेज को देखते हुए स्टेडियम के आस-पास मौजूद होटल हाउसफुल हो चुके हैं और जिन होटल में जगह खाली हैं उनके कीमतें आसमान छू रही हैं।
ज्यादा 5 सितारा होटलों ने अपने कमरे की कीमत 150-200 प्रतिशत तक बढ़ा दी है। फिर भी वे बिक चुके हैं। भारत बनाम पाकिस्तान मैच का शेड्यूल आने के बाद ऐसी खबरें भी सामने आई थी कि फैंस मैच देखने के लिए अहमदाबाद के अस्पतालों में रहने के लिए भी तैयार हैं। लोग बॉडी चेकअप के लिए पूरी रात रुकने के लिए अपॉइटमेंट ले रहे हैं और फिर वहां से मैच देखने भी जाएंगे।

शुभमन गिल अहमदाबाद पहुंचे, कैसी है तबीयत!

## क्या भारत-पाकिस्तान मैच में खेलेंगे?

एजेंसियां



**नई दिल्ली:** भारतीय टीम ओपनर शुभमन गिल विश्व कप में होने वाले भारत-पाकिस्तान मुकाबले से पहले अहमदाबाद पहुंच गए हैं। गिल बुधार रात ही अहमदाबाज पहुंचे हैं। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप में टक्कर 14 अक्टूबर को होनी है। यानी उनके पास फिटनेस हासिल करने के लिए दो ही दिन का वक्त बचा है। अगर गिल फिट हो जाते हैं तो उनका पाकिस्तान के खिलाफ खेलना तय है। हालांकि, इसका फैसला मेडिकल टीम की रिपोर्ट के बाद ही होगा। वैसे, गिल डेंगू से रिकवर हो गए हैं। इसी वजह से उन्हें एक दिन चेन्नई के अस्पताल में भी रहना पड़ा था और वो अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में भी नहीं उतरे थे।शुभमन गिल इस साल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस साल अबतक 20 मैच में 72 की औसत से 1230 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 105 से ऊपर का रहा है। उन्होंने 5 शतक और इतने ही अर्धशतक भी लगाए हैं। बीसीसीआई से जुड़े सूत्र ने इंडिया टुडे को बताया, 'गिल बिल्कुल ठीक हैं और चेन्नई से अहमदाबाद के लिए रवाना हो चुके हैं। उनकी रिकवरी ठीक है लेकिन पक्के तौर पर अभी ये नहीं कहा जा सकता है कि वो पाकिस्तान के खिलाफ मैच में खेलेंगे।

## गेल से ही प्रेरणा ली है, सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद बोले रोहित




एजेंसियां

**नई दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्कों का क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उन्हें इस सफर में खुद 'यूनिवर्सल बॉस' से प्रेरणा ली है। अफगानिस्तान के खिलाफ फिरोजशाह कोटला मैदान पर विश्व कप के मैच में रोहित ने 81 गेंद में 131 रन बनाये। उन्होंने पांच छक्के लगाकर तीनों प्रारूपों में 556 छक्के पूरे किये जो गेल से तीन ज्यादा है। रोहित ने 453 मैचों में यह आंकड़ा छुआ जो गेल से 30 मैच कम है। रोहित ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किये गए वीडियो में कहा ,ह्यह्य यूनिवर्सल बॉस तो यूनिवर्सल बॉस है। मैने उनसे ही प्रेरणा ली है। इतने साल में हमने देखा है कि वह छक्के लगाने की मशीन है।' उन्होंने कहा ,'' वह भी यही जर्सी (नंबर 45) पहनता है। मुझे यकीन है कि वह खुश होगा क्योंकि 45 नंबर की जर्सी के नाम ही विश्व रिकॉर्ड है।'' रोहित ने कहा कि छक्के लगाने की काबिलियत हासिल करने में काफी मेहनत लगी है। उन्होंने कहा ,' जब मैने खेलना शुरू किया तो कभी सोचा नहीं था कि छक्के लगा सकूंगा। इसके लिये काफी मेहनत की है और मुझे खुशी है कि वह रंग लाई।' उन्होंने कहा ,' मैं कभी संतुष्ट नहीं होता और मैं इस लय को कायम रखना चाहता हूं। मेरा फोकस उसी पर है। मेरे लिये यह खुशी का छोटा सा पल है।' उन्होंने कहा ,' यह विश्व कप है जिसका प्रारूप अलग है। नौ लीग मैच , सेमीफाइनल और फिर फाइनल। हमारे लिये यह महत्वपूर्ण है कि मैच दर मैच रणनीति बनायें।

## अफ्रीकी बल्लेबाजों का धमाकेदार खेल ऑस्ट्रेलिया की हालत पतली

एजेंसियां



**नई दिल्ली:** आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में शानदार मुकाबलों का दौर जारी है। आज (12 अक्टूबर) वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्लॉकबस्टर मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में है। मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। इस मुकाबले से जुड़ी अपडेट के लिए हमारे साथ बने रहिए।।टॉस हारकर पहसे बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरूआत काफी शानदार रही। कप्तान टेम्बा बावुमा और विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने मिलकर पहले विकेट के लिए 108 रन जोड़े। ग्लेन मैक्सवेल ने बावुमा को आउट करके इस पार्टनरशिप का अंत किया। बावुमा ने दो चौकों की मदद से 55 गेंदों पर 35 रन बनाए। बावुमा के आउट होने के बाद रस्सी वैन डर डुसेन और डिकॉक के बीच 58 रनों की पार्टनरशिप हुई। 28 रन बनाने वाले डुसेन को लेग-स्पिनर एडम जाम्पा ने चलता किया।डुसेन के आउट होने के कुछ ही देर बाद विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने पैट कमिंस की गेंद पर छक्का लगाकर अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। डिकॉक का मौजूदा वर्ल्ड कप में यह लगातार दूसरा शतक रहा। डिकॉक ने 106 गेंदों का सामना करते हुए 109 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और पांच छक्के शामिल रहे।

## ऐश्वर्या ने तस्वीर से किया सास जया बच्चन को क्रॉप, फिर दी ससुर अमिताभ को बधाई



एजेंसियां

**मुंबई:** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने 11 अक्टूबर को अपना 81वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। बिग बी के जन्मदिन पर फैंस और सितारों ने उन्हें ढेर सारी दुआएं दीं। लेकिन एक्ट्रेस के पोस्ट शेयर करते ही सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कमेंट सेक्शन में लोग सास जया संग ऐश्वर्या के रिश्ते पर सवाल उठा रहे हैं। दरअसल, ऐश्वर्या की पोस्ट में उनके ससुर अमिताभ बच्चन और बेटी आराध्या बच्चन नजर आ रही हैं। फोटो में ना जया बच्चन दिखीं और ना ही नव्या। ऐश्वर्या से पहले सेम फोटो को नव्या नंदा ने पोस्ट करके अमिताभ को बर्थडे विश किया था। श्वेता बच्चन ने भी वही फोटो शेयर करके पिता को विश किया। लेकिन श्वेता और नव्या की फोटो में अमिताभ-आराध्या के साथ जया बच्चन, नव्या खुद और अगस्त्य नंदा भी दिखाई दिए। लेकिन ये सभी लोग ऐश्वर्या की फोटो से गायब थे।
ऐसे में कई लोग ये दावा कर रहे हैं कि ऐश्वर्या ने सास जया और नव्या, अगस्त्य को अपनी फोटो से क्रॉप कर दिया है।एक यूजर ने लिखा- जब फोटो पहले से ही सोशल मीडिया पर है तो इसमें से नव्या, अगस्त्य और जया बच्चन को क्रॉप करने की क्या जरूरत थी?
दूसरे ने लिखा-अगर सिर्फ आराध्या-अमिताभ की फोटो ही पोस्ट करनी थी, तो कोई दूसरी तस्वीर शेयर कर देतीं, क्रॉप करने की जरूरत नहीं थी। वहीं, एक यूजर ने ऐश्वर्या से पूछा कि वो सास जया बच्चन के बर्थडे पर कोई पोस्ट क्यों शेयर नहीं करतीं? अब ऐश्वर्या राय की इस फोटो के पीछे क्या माजरा है। इस बारे में तो वो खुद ही बता सकती हैं।

ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद हुईं ट्रोल

## लैक्मे फैशन वीक के रैंप पर किया डांस, वीडियो वायरल

एजेंसियां

**मुंबई :** ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद ने बीती रात लैक्मे फैशन वीक के रैंप पर परफॉर्म किया है। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें सबा को रैंप पर डांस करते हुए देखा गया। वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

**सबा ने रैंप वॉक पर किया डांस**

वीडियो में सबा पीच आउटफिट में स्टेज पर दिखाई दे रही हैं। स्पोर्ट्स शूज और हैवी मेकअप के साथ उन्होंने इस लुक को कम्पलीट किया। हाथ में माइक लिए सबा रैंप पर चलते- चलते डांस मूव्स करती हुई नजर आ रही हैं। जैसे ही ये वीडियो सामने आया सोशल मीडिया पर यूजर्स उनका खूब मजाक उड़ा रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने उनके कॉन्फिडेंस की सराहना भी की है।

**फैंस के रिएक्शन**

सबा जिस तरह डांस कर रही थीं और उनके एक्सप्रेशंस देख वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- अच्छा डांस है लेकिन इसे दोबारा मत करना। दूसरे ने लिखा- इसी डांस की कला को देखकर ऋतिक रोशन ने इसे चुना है। तीसरे ने लिखा- ऐसा लग रहा है की रानू मंडल को तैयार कर दिया गया हो। वहीं एक और यूजर ने लिखा- इसको माता आई है क्या।

**ऋतिक से 12 साल छोटी हैं सबा**

बता दें, सबा एक्ट्रेस और सिंगर भी हैं। ऋतिक और सबा की डेटिंग की अफवाहें फरवरी 2022 में शुरू हुई जब अभिनेता को उनके साथ डिनर डेट पर देखा गया। बाद में सबा को कई बार ऋतिक की फैमिली के साथ देखा गया। दोनों करण जौहर के 50वें बर्थडे में भी एक साथ शामिल हुए थे। बता दें कि ऋतिक और सबा के बीच पूरे 12 साल का अंतर हैं। ऋतिक 49 साल के हैं, जबकि सबा महज 37 की हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो दोनों जल्द शादी भी करने वाले हैं।

**सुजैन खान से तलाक ले चुके हैं ऋतिक**

ऋतिक की पहली शादी सुजैन खान से हुई थी। दोनों ने 2014 में एक दूसरे से तलाक ले लिया था।



माशाल्लाह!! Mahira Khan की हल्दी की तस्वीरें

## पीले लिबास में बला की खूबसूरत दिखी एक्ट्रेस

एजेंसियां



**मुंबई:** पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान तब से सुर्खियों में बनी हुई हैं, जब उन्होंने उद्यमी सलीम करीम के साथ अपनी शादी के वीडियो और तस्वीरें साझा की हैं। रईस अभिनेत्री ने अपने हल्दी समारोह से तस्वीरों का एक सेट साझा किया। तस्वीरों में वह पीले रंग की साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज और चूड़ियां पहने देखी जा सकती हैं। अपनी टीम के साथ कैमरे के सामने पोज देते हुए उन्हें मुस्कुराते, हंसते और उत्साहित देखा जा सकता है। उन्होंने तस्वीरों के कैप्शन में लिखा, 'मेरी खदीजा ने मेरे लिए यह साड़ी बनाई...माहिरा ने भुर्बन के रिसॉर्ट शहर में एक अंतरंग समारोह में सलीम करीम के साथ शादी के बंधन में बंधी। कुछ दिन पहले माहिरा ने अपनी मेहंदी सेरेमनी का वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया था। मोरनी रंग का अनारकली सूट पहने अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों को अपनी अदाओं से आश्चर्यचकित कर दिया। वीडियो में दूल्हे को थिरकते हुए भी दिखाया गया है। उनकी पहली शादी 2007 में अली अस्करी से हुई थी। हालाँकि, शादी के 8 साल बाद, उन्होंने 2015 में अपने रास्ते अलग कर लिए। वे 13 साल के बेटे, अजलान के माता-पिता हैं। पेशेवर मोर्चे पर माहिरा को हाल ही में पाकिस्तानी ब्लॉकबस्टर 'द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' में उनके लगातार सहयोगी रहे फवाद खान के साथ देखा गया था। दोनों कलाकार आगामी नेटफ्लिक्स सीरीज ह्यजो बचाए हैं संग समेट लोह्य में भी स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे, जिसमें सनम सईद भी हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### मिश्रा ने कैलाश मैथिल के निधन पर शोक जताया

**भोपाल:** कांग्रेस के मीडिया प्रभारी के के मिश्रा ने आज कैलाश मैथिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मिश्रा ने एक्स पर कांग्रेस सेवादल उज्जैन के वरिष्ठ पार्टीजन कैलाश मैथिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनका निधन पार्टी की कभी भी न पूरी होने वाली क्षति है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बंगलादेशी संसद की अध्यक्ष शरमिन चौधरी ने की नारी शक्ति वंदन की सराहना

**नयी दिल्ली:** बंगलादेशी संसद की अध्यक्ष शिरीन शरमिन चौधरी ने भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटों पर आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम की सराहना करते हुए दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करने के इच्छा व्यक्त की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ एक बैठक में सु चौधरी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक सराहनीय कदम बताया। सु चौधरी यहां कल से शुरु हो रहे पी:20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत यात्रा पर हैं। उन्होंने गुरुवार को सम्मेलन स्थल यशोभूमि में बिरला से द्वि:पक्षीय मुलाकात की। बैठक के दौरान बिरला ने जी:20 देशों सम्मेलन में 'नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन' का उल्लेख किया और कहा कि इससे इससे समकालीन वैश्विक मुद्दों के व्यावहारिक समाधान की राह खुलेगी। बिरला ने कहा कि सु चौधरी के विचारों और अनुभवों से पी : 20 की चर्चा अधिक सार्थक, समावेशी और प्रभावकारी होगी। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए साथ मिलकर कार्य करने के इच्छा व्यक्त की।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जिहादी कट्टरता की पैरोकार बन गई कांग्रेस : शर्मा

**भोपाल:** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पार्टी विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधाते हुए आज कहा कि कांग्रेस पार्टी और आतंकवाद तथा मुस्लिम कट्टरता के बीच आपस में क्या संबंध है और पूरी पार्टी ही जिहादी कट्टरता की पैरोकार बन गई है। शर्मा ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि एक तरफ कांग्रेस इजराइल पर हमला करने वाले हमास आतंकियों की क्रूरता पर चुप्पी साध कर उनका परोक्ष समर्थन कर रही है। दूसरी तरफ सरकार जब प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करती है, तो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आपत्ति उठाते हैं। आखिर कांग्रेस पार्टी और आतंकवाद तथा मुस्लिम कट्टरता के बीच में क्या कनेक्शन है उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस ही आतंकवाद की प्रवक्ता और इस्लामिक कट्टरता की पैरोकार बन गई है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सरताज सिंह का निधन

**भोपाल:** पूर्व केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश में मंत्री रहे सरताज सिंह का आज सुबह देहांत हो गया। सूत्रों के अनुसार उन्होंने भोपाल में अंतिम सांस ली। उनका पिछले कुछ समय से बीमारी के चलते उपचार चल रहा था। स्वर्गीय सिंह पांच बार सांसद और दो बार मध्यप्रदेश में विधायक रह चुके हैं। वे स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 13 दिन की सरकार में केन्द्रीय मंत्री भी रहे थे। इसके बाद वे मध्यप्रदेश में भी 2009 से 2016 तक शिवराज सिंह चौहान सरकार में मंत्री रहे। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्हें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ सीतासरण शर्मा से हार का सामना करना पड़ा था।

---

प्रशिक्षण

### हमला करने के लिए यूक्रेनी लड़ाकों को प्रशिक्षण भी दे रहा है

# रूसी परमाणु ठिकानों पर हमला चाहते हैं पश्चिमी देश

- पश्चिम रूस का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन का उपयोग कर रहा
- यूक्रेन रूस के खिलाफ वास्तव में आतंकवादी तरीकों का उपयोग कर रहा है

राष्ट्रीय खबर



**मॉस्को:** रूस के विदेशी खुफिया निदेशक का मानना है कि पश्चिमी देश यूक्रेन को रूसी परमाणु सुविधाओं पर हमला करने के लिए उकसा रहे हैं। रूसी विदेशी खुफिया सेवा के निदेशक सर्गेई नारीश्किन ने दावा किया है कि पश्चिम रूस का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन का उपयोग कर रहा है और यहां तक कि रूस में परमाणु ऊर्जा सुविधाओं पर हमला करने के लिए यूक्रेनी लड़ाकों को प्रशिक्षण भी दे रहा है। सीआईएस सदस्य देशों के सुरक्षा निकायों और विशेष सेवाओं के प्रमुखों की परिषद की 53वीं बैठक में सर्गेई नारीश्किन ने कहा यह उस बिंदु पर आ गया है जहां पश्चिमी खुफिया सेवाएं रूसी संघ में परमाणु ऊर्जा सुविधाओं पर हमला करने के लिए यूक्रेनी तोड़फोड़ और आतंकवादी समूहों को प्रशिक्षण दे रही हैं। निस्संदेह, ऐसे हमलों को हमारी गुप्त सेवाओं द्वारा रोका गया था... कुर्स्क, स्मोलेंस्क और जापोरिज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया था, यूक्रेन के इलाके में था और मार्च 2022 से रूस द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में, पश्चिमी विशेष सेवाओं के साथ सहयोग के स्तर को बनाए रखना पहले से ही मुश्किल है। नारीशिन भी, परिचित रूसी प्रचार की भावना में, दावा करता है कि पश्चिम रूस का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन का उपयोग कर रहा है, और यूक्रेन रूस के खिलाफ वास्तव में आतंकवादी तरीकों का उपयोग कर रहा है, संपूर्ण रूसी विश्व के विरुद्ध। वह पत्रकारों, लेखकों और राय देने वाले नेताओं के साथ-साथ रूसी संघ के आवासीय क्षेत्रों, शहरों और कस्बों के खिलाफ, नागरिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ आतंकवादी हमलों की कल्पना करता है।

नारीश्किन आश्वस्त हैं कि दुनिया में बड़ी घटनाएं हो रही हैं, दुनिया बहुध्रुवीयता में संक्रमण की प्रक्रिया में है।यही कारण है कि रूस की गुप्त सेवाएँ, काफी हद तक, अन्य राज्यों की विशेष सेवाओं, अर्थात वैश्विक दक्षिण के राज्यों और सहयोगी देशों के साथ बातचीत और सहयोग करती हैं। दूसरी तरफ यूक्रेन की रक्षा खुफिया (डीआईयू) के मेजर जनरल वाड्याम स्कीविटस्की के मुताबिक विशेष अभियानों का उद्देश्य मुख्य रूप से उन सुविधाओं को लक्षित करना है जो रूस के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और अपनी तरह की अनूठी हैं। स्किबित्स्की ने कहा कि यूक्रेन की रक्षा खुफिया की अपनी कार्यप्रणाली है, जिसके अनुसार वह रूसी सैन्य उद्योग की सबसे महत्वपूर्ण सुविधाओं की पहचान करती है और उन्हें न केवल ड्रोन हमलों से, बल्कि अन्य तरीकों से भी निष्क्रिय कर देती है।

## जनता ने कांग्रेस सरकार को विदा करने का मन बना लिया है: शुक्ल



एजेंसियां

**अजमेर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने राजस्थान के वर्तमान परिदृश्य पर चिन्ता जाहिर करते हुए कहा है कि जनता ने कांग्रेस सरकार को विदा करने का मन बना लिया है। शुक्ल ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बेरोजगार और युवाओं से झूठे वादे कर सत्ता में आई गहलोत सरकार से सभी वर्ग परेशान हैं। कांग्रेस सरकार राज्य में भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, बलात्कार के अनवरत बढ़ते मामले, लोकसेवा आयोग प्रश्नपत्र लीक जैसे मुद्दों पर किरकिरी करा चुकी है। युवाओं, विद्यार्थियों तथा बेरोजगारों के साथ धोखा कर झूठी वाहवाही लूट रही है। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा एवं विद्यार्थी चुनाव में अपनी भूमिका निभायेगा। अजमेर यात्रा के दौरान उन्होंने पुष्कर में जगतपिता ब्रह्मा जी के दर्शन कर आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान एबीवीपी के प्रदेश पद्धाधिकारी अश्विन शर्मा, सुरेंद्र शक्तावत भी साथ रहे। अजमेर महानगर संगठन की ओर से शुक्ल का भव्य स्वागत किया गया।

## हमास का प्रत्येक सदस्य 'मरा हुआ व्यक्ति' है: नेतन्याहू



एजेंसियां

**यरुशलम :** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास का प्रत्येक सदस्य 'एक मरा हुआ व्यक्ति' है। नेतन्याहू ने ये बातें आपातकालीन सरकार की पहली बैठक के दौरान कही। इस बीच विपक्षी नेता बेनी गैंट्ज़ ने कहा कि यह युद्ध का समय है। उधर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि उन्होंने ( बाइडेन) नेतन्याहू से बात की है और स्पष्ट कर दिया है कि इज़रायल को युद्ध के नियमों के अनुसार काम करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हमास द्वारा किए गए हमलों में इज़रायल में मरने वालों की संख्या 1,200 तक पहुंच गई है। गाजा पर इजरायली हवाई हमलों में 1,100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। बाइडेन ने कहा कि वह इजरायली लोगों के गुस्से और हताशा को समझते हैं, लेकिन उन्होंने इजरायल से जिनेवा सम्मेलनों के सिद्धांतों का पालन करने का आग्रह किया है। उन्होंने हमास के हमले का स्वागत करने वाले ईरान को भी सावधान रहने की चेतावनी दी है।

इससे पहले बुधवार को नेतन्याहू और गैंट्ज़ कड़वी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को दूर करने पर सहमत हो गए। गैंट्ज़ ने इज़रायली नागरिकों से कहा, नवगठित सरकार एकजुट है और हम हमास नामक चीज़ को पृथ्वी से मिटा देने के लिए तैयार हैं। नेतन्याहू और मध्यमार्गी नेशनल यूनिटी पार्टी के नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री गैंट्ज़ के साथ नयी अस्थायी कैबिनेट में रक्षा मंत्री योव गैलेंट भी शामिल होंगे। वहीं इजरायल के मुख्य विपक्षी नेता येयर लैपिड गठबंधन में शामिल नहीं हुए हैं। नेतन्याहू और गैंट्ज़ ने . हालाँकि एक संयुक्त बयान में कहा कि युद्ध कैबिनेट में उनके ( गैलेंट) लिए एक सीट आरक्षित की जाएगी। एक बयान में कहा गया, युद्ध की अवधि के दौरान ऐसे किसी भी विधेयक या सरकारी निर्णय को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा,जो युद्ध के संचालन से संबंधित न हो। सभी वरिष्ठ नियुक्तियां युद्ध अवधि के दौरान स्वचालित रूप से बढ़ा दी जाएंगी। आपातकालीन सरकार सैन्य कार्रवाई को व्यापक राष्ट्रीय सहमति देगी। यह युद्ध मंत्रिमंडल में दो ऐसे लोगों को भी शामिल किया गया है, जो सैन्य रणनीति में विशेषज्ञ हैं।

## कांग्रेस ने की 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना की घोषणा



एजेंसियां

**मंडला:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज कहा कि मध्यप्रदेश में पार्टी की सरकार बनने पर 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत स्कूली विद्यार्थियों को पांच सौ रुपए से लेकर पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह तक दिए जाएंगे। मती वाड्रा ने राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महाकौशल अंचल के आदिवासी बहुल मंडला में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। मती वाड्रा ने स्थानीय रामनगर ग्राउंड पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनने पर पढ़ो पढ़ाओ योजना लागू की जाएगी। इसके तहत कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों को पांच सौ रुपए प्रतिमाह, नवीं और दसवीं के बच्चों को एक हजार रुपए और ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों को पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे।

कांग्रेस महासचिव ने आदिवासी बहुल इस अंचल के लोगों को संबोधन के दौरान अपनी दादी एवं पूर्व प्रधानमंत्री मती इंदिरा गांधी का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इस अंचल के लोग मती गांधी को इंदिरा माता के नाम से जानते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि वे सभी मती गांधी पर भरोसा करते थे और उन्होंने उनके भरोसे के अनुरूप इस अंचल के लोगों के लिए काम भी किए।

उन्होंने आदिवासियों को सबसे बड़ा विवेकशील बताते हुए कहा कि वे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान के दिन उनकी (प्रियंका गांधी वाड्रा) बातों को ध्यान में रखकर वोट दें। उन्होंने कहा कि वे और कांग्रेस पार्टी जो भी वादे कर रही हैं, उन्हें सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। कांग्रेस अन्य दलों के नेताओं की तरह 'जुमले' नहीं दे रही है। मती वाड्रा ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य की तरह मध्यप्रदेश में भी धान और तेंदूपत्ता पर बढ़ा हुआ बोनस दिया जाएगा।

## इजराइल ने लेबनान पर मशीनगन से गोले दागे

एजेंसियां



**बेरुत:** इजरायली सैन्य बलों ने बुधवार शाम को दक्षिणपूर्व लेबनान में मशीन गन से गोले दागे और बमबारी की। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने दावा किया कि इजरायली बलों ने हुला अक्ष से सीमा के दोनों किनारों पर फ्लेयर बम तैनात किए हैं।

उन्होंने मशीनगन से खियाम शहर के हुला और मेस अलःजबल के गांवों को जोड़ने वाली सड़क को निशाना बनाया है। लेबनान स्थित सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल पर हमास के हमले के समर्थन में रविवार सुबह इजरायली सैन्य स्थलों की ओर कई मिसाइलें दागने के बाद लेबनानी-इजरायल सीमा तनाव व्याप्त हो गया, जिसके बाद इजरायली बलों ने लेबनान के कई दक्षिण-पूर्व क्षेत्रों में बमबारी और गोलीबारी की। इससे पहले बुधवार को, हिजबुल्लाह ने लेबनानी सीमा के पास अल-जर्दा के इजरायली सैन्य स्थल पर मिसाइलों से हमला किया और उसने दावा किया कि गोलाबारी के कारण इजरायली बलों के बीच कई लोग हताहत हुए।

अपहरण

### अंधनंगी दिखाई गयी जर्मन युवती शायद जिंदा है

# हमास की इस हरकत की दुनिया भर में आलोचना हुई

- हमास के लड़ाकों ने अचानक क्षेत्र पर हमला किया
- संगीत समारोह, जिसमें लगभग 3,500 युवाओं ने भाग लिया था

राष्ट्रीय खबर



**बर्लिन:** शनि लौक, जिसका आंशिक रूप से नग्न शरीर एक ट्रक में घुमाया गया था, गाजा में जीवित है। ऐसी उसकी माँ का कहना है। 22 वर्षीय जर्मन नागरिक शनि लौक की मां, जिनके बारे में माना जाता है कि हाल ही में इजराइल पर उनके अप्रत्याशित हमले के दौरान हमास के आतंकवादियों ने उनका अपहरण कर लिया था, को पुष्टि मिली है कि उनकी बेटी जीवित है। यह घटना गाजा पट्टी के पास नेगेव रेगिस्तान में ट्राइब ऑफ सुपरनोवा संगीत समारोह के दौरान हुई, जहां हमास लड़ाकों ने कार्यक्रम पर धावा बोल दिया, जिसके परिणामस्वरूप कई अपहरण और मौतें हुईं। शुरूआती आशंकाओं के बाद कि शनि लौक की हत्या कर दी गई है, नई जानकारी सामने आई है कि वह जीवित हो सकती है, उसकी मां ने स्विस जर्मन भाषा की समाचार वेबसाइट ब्लिक को बताया। जब हमास के लड़ाकों ने अचानक क्षेत्र पर हमला किया, तो टैटू कलाकार शनि लौक संगीत समारोह में उपस्थित लोगों में से थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उसे आतंकवादियों ने पकड़ लिया था और एक पिकअप ट्रक के पीछे सड़कों पर घुमाया था। उसकी मां, रिकार्डा को शुरू में एक वीडियो देखने के बाद अनिष्ट की आशंका हुई थी, जिसमें शनि एक कार में बेहोश था, जिसे हमास के लड़ाकों ने अपहरण कर लिया था। परिवार ने फुटेज में उसकी विशिष्ट ड्रेडलॉक और टैटू के माध्यम से उसकी पहचान की। मदद की गुहार में शनि की मां ने अपनी बेटी की स्थिति से संबंधित कोई जानकारी या सहायता मांगी। मंगलवार को, शनि लौक के परिवार ने आशा की एक किरण साझा करते हुए घोषणा की कि उन्हें उसके जीवित होने की पुष्टि करने वाले सबूत मिले हैं। वेबसाइट ने बताया कि शनि की मां ने गाजा अस्पताल में अपनी बेटी की उपस्थिति का खुलासा किया, जहां उसके सिर की गंभीर चोटों का इलाज किया जा रहा है। हालांकि इस घटनाक्रम से राहत मिली है, शनि की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसके लिए जर्मन सरकार से त्वरित कार्रवाई और समर्थन की आवश्यकता है। शनि की माँ ने कहा, हर मिनट मायने रखता है। इजराइल पर हमास के अचानक हमले के परिणामस्वरूप कम से कम 150 व्यक्तियों का अपहरण होने का अनुमान है, जिन्हें अब गाजा में अज्ञात स्थानों पर रखा गया है। उनकी भलाई और सटीक ठिकाना अनिश्चित बना हुआ है। सुपरनोवा संगीत समारोह, जिसमें लगभग 3,500 युवाओं ने भाग लिया था, हमास के हमले का केंद्र बिंदु था, जिसमें शनि लौक सहित कई उपस्थित लोगों को बंदी बना लिया गया था। परेशान करने वाले सोशल मीडिया वीडियो में उग्रवादियों द्वारा त्योहार पर आए लोगों को पकड़कर वाहनों में बिठाने का वीडियो जारी किया गया है। इस आतंकी कार्रवाई की दुनिया भर में आलोचना हो रही है।

---

## न्यूज फटाफट

### ऑस्ट्रेलिया की फैक्ट्री में रासायनिक विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत, 30 लोगों को बचाया

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में गुरुवार को एक फैक्ट्री में रासायनिक विस्फोट हुआ जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 30 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। विक्टोरिया पुलिस की ओर से जारी बयान के अनुसार रासायनिक विस्फोट की रिपोर्ट के बाद स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 09:45 बजे मेलबर्न के पश्चिम में एक उपनगर डेरीमुट में स्वान ड्राइव पर एक औद्योगिक इमारत में आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। कम से कम 30 लोगों को इमारत से बाहर निकाला गया। जब अग्निशमन कर्मियों ने विस्फोट से लगी आग पर काबू पा लिया, तो इमारत के अंदर एक 44 वर्षीय व्यक्ति मृत पाया गया। पुलिस ने कहा कि घटना में कोई और घायल नहीं हुआ।

### अलास्का में भूकंप के झटके

**बीजिंग:** अलास्का में निकोल्स्की से 162 किमी पश्चिम में गुरुवार को भूकंप के मध्यम स्तर के झटके महसूस किये गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक स्थानीय समयानुसार 02 : 41 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 52.40 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 171.10 डिग्री पश्चिम देशांतर तथा पृथ्वी की सतह से 128.0 किमी की गहराई पर रहा।

### इजराइल में फंसे ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए उड़ानें

**कैनबरा:** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने इजरायल में फंसे अपने नागरिकों की स्वदेश वापसी के लिए उड़ानें संचालित करने की घोषणा की है। विदेश मामलों के मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार शाम को पुष्टि की कि ध्वजवाहक क्वांटास उन आस्ट्रेलियाई लोगों के लिए तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे से लंदन के लिए दो उड़ानें संचालित करेगा, जिनकी पहले से ही क्षेत्र छोड़ने की योजना नहीं है। यात्रियों के लिए उड़ानें नि:शुल्क संचालित की जाएंगी, जिसका खर्च क्वांटास वहन करेगा। विदेश मामलों और व्यापार विभाग के अनुसार इजरायल में 10 हजार से 12 हजार के बीच ऑस्ट्रेलियाई नागरिक रहते हैं।

### गाजा में इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,100 हुई

**गाजा:** इजरायली हवाई हमलों में फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 1,100 तक पहुंच गया है। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। ये हवाई हमले शनिवार को इस्लामिक रेजिस्टेंस मूवमेंट (हमास) द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए अचानक हमले के जवाब में किए गए। बयान में कहा गया, (इजरायली) सेना द्वारा किये गये हमले में 1,217 बच्चों और 744 महिलाओं सहित लगभग 5,339 फिलिस्तीनी घायल हो गए। मंत्रालय के अवर सचिव यूसुफ अबू अल:रिश ने संवाददाताओं से कहा कि फिलिस्तीनी एन्क्लेव में सभी अस्पताल के बेड़ भर गये है और संघर्ष जारी रहने के कारण दवाएं खत्म होने वाली है। अबू अल:रिश ने कहा कि मंत्रालय घायल और बीमार लोगों के लिए आपातकालीन सेवाएं जारी रखने के लिए जनरेटर की सीमित शक्ति का उपयोग कर रहा है, क्योंकि गाजा पट्टी के बिजली संयंत्र में ईंधन खत्म हो गया है और इज़राइल द्वारा बिजली काट दी गई है।

### सीतारमण ने की ब्राजील के आर्थिक मामलों के मंत्री से की मुलाकात

**माराकेच (मोरक्को) :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां चौथी जी 20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नरों (जी 20 एफएमसीबीजी) और आईएमएफ विश्व बैंक वार्षिक बैठक के इतर ब्राजील के आर्थिक मामलों के मंत्री हद्दाद फर्नांडो से भेंट की और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने आज सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर जारी कहा कि दोनों मंत्रियों ने आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें बहुस्तरीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने, जलवायु परिवर्तन के लिए वित्त जुटाने,क्रिप्टो संपदा, भविष्य के शहरों का वित्तपोषण, वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने, वैश्विक ऋण कमजोरियों का प्रबंधन और ब्रिक्स उर विस्तार शामिल हैं। मती सीतारमण ने फर्नांडो को ब्राजील के जी 20 की 2024 के लिए अध्यक्षता संभालने के लिए शुभकामनायें देते हुये भारत की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया। इससे पहले फर्नांडो ने मती सीतारमण को ब्राजील के जी 20 की अध्यक्षता संभालने की जानकारी दी थी। मती सीतारमण ने कहा कि ब्राजील की जी 20 अध्यक्षता ग्लोबल साउथ के मुद्दों को सकारात्मक गति और ऊंचाई प्रदान करने का उत्कृष्ट अवसर है।

### पाकिस्तान: सिंध में सड़क दुर्घटना में 12 की मौत, 11 घायल

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के खैरपुर जिले में बुधवार शाम एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिले के उपायुक्त अहमद फवाद शाह ने मीडिया को बताया कि खैरपुर के बाबरलोई बाईपास इलाके के पास एक यात्री वैन और कार की आपस में टक्कर हो गई।

### आज का इतिहास

- 1976 : बोलीविया में बोइंग जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त, करीब 100 मरे।
- 1987 : कोस्टारिका के राष्ट्रपति ऑस्कर आरियास को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला।
- 1999 : कोलम्बिया विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री प्रो. राबर्ट मुंडेल को वर्ष 1999 को नोबेल पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा। अटल बिहारी वाजपेयी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने।
- 2000 : दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति किम दाई जुंग को शांति को नोबेल पुरस्कार।
- 2001 : नाइजीरिया में अमेरिका विरोधी प्रदर्शन के दौरान भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में लगभग 200 व्यक्ति मारे गये।
- 2002 : इंडोनेशिया के बाली नाइट क्लब में हुए भीषण विस्फोट में 200 लोग मारे गये और 300 से अधिक घायल हुए।
- 2003 : डलास में एक साल चिकित्सकीय योजना और 26 घंटे तक चले जटिल आपरेशन के बाद मिस्र के जुड़वां बच्चों के आपस में जुड़े सिर को अलग करने में आपरेशन सफल रहा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए एक भारतीय छात्र का चयन। जर्मनी ने स्वीडन को हराकर पहली बार विश्व कप फुटबाल टूर्नामेंट जीता। पहली बार मानव को लेकर चीनी अंतरिक्ष यान लांग मार्च 2 एफ़ उड़ा। नई दिल्ली में इंटरपोल सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन प्रारम्भ।
- 2004 : सऊदी अरब का हर साल एक लाख श्रमिकों की कटौती की घोषणा। चीन ने ताइवान की शांति पहल ठुकराई।
- 2005 : जर्मनी के प्रख्यात नाटककार हेराल्ड पिंटर को वर्ष
- 2005 के साहित्य का नोबल पुरस्कार देने की घोषणा।
- 2006 : बांग्लादेश के मा. युनुस और उनके द्वारा स्थापित ग्रामीण बैंक को नोबेल पुरस्कार।
- 2008: रायबरेली में रेल कोच फैक्ट्री की स्थापना के लिए दी गई ज़मीन के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने यथास्थिति बनाये रखने के आदेश दिए।
- 2011: दफ़्तरों में इस्तेमाल होने वाले हिंदी के कठिन शब्दों की जगह उर्दू, फ़ारसी, सामान्य हिंदी और अंग्रेज़ी के शब्दों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की सचिव वीणा उपाध्याय ने इस सिलसिले में सभी मंत्रालयों और विभागों को दिशा:निर्देश जारी किए।
- 2012 : पाकिस्तान के दारा अदम में आत्मघाती हमले में 15 लोगों की मौत।
- 2013 : मध्य प्रदेश के दतिया जिले में भगदड़ से 109 लोगों की मौत।

## जगरनाथपुर थाना क्षेत्र से महिला लापता



रांचीः जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के सेक्टर-2 की रहने वाली 35 वर्षीय अल्का कुमारी बुधवार से अपने घर से गायब है। शादीशुदा अल्का कुमारी सीडी-624 में अपनी भाभी और मां के साथ रहती थी। उसकी शादी सीतामढ़ी के धीरेंद्र कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसे ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था। इसलिये वह अपने भाभी और मां के साथ जगरनाथपुर में रहती थी। ससुराल की प्रताड़ना की वहज से वह मानसिक तनाव में रहती थी। अल्का के घर से गायब होने पर उसके जीजा संजय सिंह ने जगरनाथपुर में गुमसुदगी की सनहा दर्ज कराया है।

**समीक्षा** निबंधन, परिवहन, उत्पाद, खनन और वाणिज्यकर से प्राप्त राजस्व

# समीक्षा बैठक में राजस्व संग्रह का लक्ष्य पूरा करने का डीसी का निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को आंतरिक संसाधन एवं कार्य बल (खनन उत्पाद एवं परिवहन) समेत निबंधन से प्राप्त राजस्व की समीक्षा की। बैठक में रांची अवर निबंधक ने जानकारी दी कि दस्तावेज के निबंधन, शहरी क्षेत्रों में फ्लैटों के निबंधन और अन्य से राजस्व की प्राप्ति हो रही हैं। डीसी ने वित्तीय वर्ष के शेष माह में शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने को कहा। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया वित्तीय वर्ष-2023-24 तक कुल वसूली का 60 प्रतिशत तक लक्ष्य की प्राप्ति हो गई है।



डीसी ने शतप्रतिशत राजस्व प्राप्ति करने के साथ जिला परिवहन पदाधिकारी को कबाड़ी वाहन विभिन्न भवनों और अन्य जगहों में कबाड़ के रूप में पड़ी हैं, उसे स्क्रैब कराने को कहा। इसके साथ ही डीसी ने शहर में पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित कराने का निर्देश दिया, ताकि शहर को जाम से मुक्त करने की दिशा में कार्य हो सके।

बैठक में संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि सितंबर तक पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के व्यवसायी भारत पेट्रोलियम से 2724।60 लाख एवं शराब के व्यवसायियों से 3639।05 लाख कम कर की प्राप्ति हुई है। डीसी ने कहा की एमआरपी मूल्य से ज्यादा वसूली करने वाले शराब दुकानदारों पर कार्रवाई करें। अधिकारी से बालू उठाव की जानकारी लेते हुए डीसी ने पूछा कि कितने लोगों पर अवैध ईंट भट्ठे, अवैध खनन, भंडारकर्ता, परिवहनकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

ऐसे लोगों पर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीसी ने मत्स्य से प्राप्त राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए अधिकारी को वित्तीय वर्ष 2023-24 तक शतप्रतिशत राजस्व प्राप्त करने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर समाहर्ता रांची राजेश कुमार बरवार, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची प्रवीण प्रकाश, सहायक आयुक्त उत्पाद रांची, सहायक खनन पदाधिकारी रांची, अवर निबंधक बुंडू प्रक्षेत्र, अवर निबंधक शहरी-2 डोरंडा, अवर निबंधक, ग्रामीण क्षेत्र रांची, अवर निबंधक कांके प्रक्षेत्र, अवर निबंधक रांची, पणन सचिव, कृषि उत्पाद बाजार समिति, राज्यकर पदाधिकारी (रांची, विशेष प्रमंडल, पूर्वी अंचल रांची) उपस्थित थे।

# बरियातू में दो युवाओं ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राजधानी के बरियातू थाना क्षेत्र में डबल सुसाइड का मामला सामने आया। बरियातू के चिरौंदी स्थित एक घर में एक युवक और युवती का शव बरामद किया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।जिस कमरे से युवक और युवती का शव बरामद किया गया। वह अंदर से बंद था। मृतकों में युवती की पहचान गुमला की रहने वाली अन्नू टोप्पो के रूप में हुई है। वहीं युवक का नाम रूपेश कुमार है, जो एकमा का रहने वाला था। वह फिलहाल रामगढ़ के घाटो में रह रहा था। दोनों एक ही कंपनी में काम करते थे। आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक और युवती प्रेमी प्रेमिका थे और दोनों के बीच



बुधवार की रात में किसी मामले को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद युवक ने युवती को मार डाला और फिर खुद सुसाइड कर लिया।युवती रंजन सोरेन नाम के व्यक्ति के घर में बतौर किरायेदार पिछले चार महीने से रह रही थी। युवती एक प्राइवेट कंपनी में काम किया करती थी। गुरुवार की सुबह जब दस बजे के बाद भी युवती अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तब मकान मालिक उसे देखने गए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, खिड़की से देखने पर दोनों के शव दिखाई दिए, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस मौके पर जांच में जुटी हुई है। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है ताकि तमाम तरह के सबूत इकट्ठा किए जा सके।

# फेक प्रोफाइल से लड़की को कॉल गर्ल बताकर करता था ब्लैकमेल

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राजधानी की एक युवती का फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाकर उसे ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की वजह से युवती की शादी तक टूट गई थी। आरोपी युवती से 5 लाख रुपये की मांग भी कर रहा था।ये पूरा मामला रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। सुखदेव नगर इलाके में रहने वाली एक युवती को अजय कुमार नामक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाया है। लड़की द्वारा कहा गया कि फेसबुक पर उसका फेक प्रोफाइल बनाकर उसकी तस्वीरों को मार्प कर अश्लील फोटो में तब्दील कर दी गई। इतना ही नहीं उन अश्लील



तस्वीरों को फेसबुक में यह कहते हुए पोस्ट किया गया कि युवती एक कॉल गर्ल है। फेसबुक पर युवती का नंबर भी जारी कर दिया गया। यहां तक की युवती के मार्प चेहरे वाली नग्न तस्वीरों पर कॉल गर्ल रेट चार्ट लिख दिया गया। जब युवती को पूरे मामले की जानकारी मिली तब उसने अजय को फटकार लगाते हुए सभी अश्लील तस्वीर डिलीट करने को कहा। इस पर अजय ने उससे पांच लाख रुपये की डिमांड की, इतना ही नहीं उसने ब्लैकमेल कर युवती को गलत नीयत से अपने पास बुलाने का भी प्रयास किया।पहले अजय ने फेसबुक पर युवती से दोस्ती की, उसके बाद फेसबुक पेज से उसकी तस्वीरें निकाल कर उसकी एक फेक प्रोफाइल बना दी। जिसमें युवती को कॉल गर्ल बताकर उसका नंबर भी जारी कर दिया, लड़की का नंबर जारी होते ही उसके पास कई तरह के लोगों के कॉल आने शुरू हो गए। अनजान लोग लड़की से गंदी गंदी बातें करने लगते थे। शातिर अजय ने ब्लैकमेल करने के लिए युवती की तस्वीर उसके रिश्तेदारों तक को भेज दी, इसकी वजह से युवती की शादी तक टूट गई। एक बार तो युवती ने सुसाइड करने का भी मन बना लिया था लेकिन परिवार वालों के समझाने के बाद वह सीधे थाना पहुंची और अजय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी।

## आइआइसीएम में क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रांची:** कोल इंडिया लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड तथा आइआइसीएम के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय कोयला प्रबंधन संस्थान (आइआइसीएम), रांची में गुरुवार को क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। निवारक सतर्कता रणनीतियाँ, अनुशासनात्मक कार्यवाही और आईओ/पीओ की भूमिका विषय पर आयोजित यह कार्यक्रम तीन महीने लंबे सतर्कता अभियान का हिस्सा है।उद्घाटन समारोह में सीसीएल के सीएमडी डॉ। बी। वीरा रेड्डी और सीएमपीडीआईएल के सीएमडी मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कोयला उद्योग का ईमानदारी और सतर्कता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिव को दिया एक और मौका

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान विधानसभा के प्रभारी सचिव की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है। विधानसभा सचिवालय ने जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय आयोग से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की जांच की रिपोर्ट का मूल प्रतिवेदन मांगी है।कोर्ट ने कोर्ट ने विधानसभा सचिव को जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का एक और मौका देते हुए मामले की सुनवाई 9 नवंबर निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान विधानसभा सचिव की ओर से जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय को भेजे गए पत्र की प्रतिलिपि कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई। सुनवाई के दौरान विधानसभा की ओर से अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश और अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। इस दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया गया कि विधानसभा में गलत तरीके से नियुक्त अधिकारियों की प्रोन्नति के लिए आयोग से सुझाव मांगा गया है। सरकार की मंशा विधानसभा में गलत रूप से चयनित अधिकारियों को बचाने की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। बता दें कि पिछले सुनवाई में कोर्ट ने विधानसभा सचिव की ओर जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें अन्यथा अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी।

## दक्षिण भारत की ओर चलने वाले ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

**रांची:** राज्य से दक्षिण मध्य रेलवे की ओर चलने वाले ट्रेनों के मार्ग में एक फिर से बदलाव किया गया है। ये बदलाव दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल में चल रहे विकास कार्यो की वजह से ब्लॉक लिये जाने के कारण लिया जा रहा है। इसमें ट्रेन संख्या 13351 धनबाद अल्लपुझा एक्सप्रेस की यात्रा 15 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का ताडेपल्लीगुडेम और एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

# हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राइट टू एजुकेशन के तहत तहत 300 विद्यार्थी वाले मेदिनीडीह ग्राम पंचायत, माध्यमिक विद्यालय, देवघर में शिक्षकों की संख्या 9 करने को लेकर दाखिल सोनी कुमारी की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि उक्त सरकारी स्कूल में जो दो शिक्षक है उनमें से एक के ट्रांसफर की बात है, क्या वह सरप्लस शिक्षक की श्रेणी में आते हैं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई एक नवंबर निर्धारित की है। दरअसल प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि सरकार के राइट टू एजुकेशन के तहत सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का अनुपात तय है। सरकारी स्कूलों में 35 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक होना अनिवार्य है। लेकिन इसका पालन मेदिनीडीह, माध्यमिक विद्यालय देवघर में नहीं किया जा रहा है। प्रार्थी ने उस स्कूल में 300 छात्रों की संख्या को देखते हुए 9 शिक्षकों की बहाली सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

# पीड़क कार्रवाई पर 18 जनवरी तक रोक

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड स्टेट बार काउंसिल द्वारा बनाए गए मॉडल रूल को चुनौती देने वाली एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि इसी तरह का एक मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा वाले खंडपीठ ने कहा कि चूंकि इस तरह का एक मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए मामले की अगली सुनवाई 18 जनवरी 2024 निर्धारित की जाती है साथ ही कोर्ट ने प्रार्थी एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाईकोर्ट के खिलाफ अगली सुनवाई तक पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है।सुनवाई के दौरान बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा, बीसीआई के सदस्य प्रशांत कुमार सिंह, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण एवं एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष रितु कुमार एवं सचिव नवीन कुमार ने पैरवी की।

**लापरवाही** करोड़ों की लागत से बनी बिल्डिंग हो रही जर्जर

# 10 वर्षों में एक दिन भी नहीं खुला आवास बोर्ड के मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का ताला

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** एक ओर आवास बोर्ड नई दुकान और फ्लैट बनाकर राजस्व संग्रह की तैयारी में है वहीं दूसरी ओर पिछले दस साल से बनकर तैयार मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स यूं ही पड़ा हुआ है राजधानी के बीचोबीच हरमू में बने इस मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का उद्देश्य यह था कि खुले आसमान के नीचे सब्जी और अन्य दुकान लगाने वाले लोगों को छत मुहैया करायी जा सके जिससे उनकी परेशानी दूर हो सके।



दुखद पहलू यह है कि आवंटन लेने के बावजूद दुकानदारों ने एक दिन भी इसमें दुकान नहीं लगाई बल्कि इसका इस्तेमाल वे गोदाम के रूप में कर रहे हैं और पहले की तरह खुले आसमान में हरमू बाजार में सब्जी बेचने का काम करते हैं ऐसे में रखरखाव नहीं होने की वजह तीन मंजिला इस बिल्डिंग की हालत दयनीय हो चुकी है यहां गंदगी का अंबार लग गया है इसके अलावा उसमें असमाजिक तत्वों का अड्डा आम हो चुका है स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता जयशंकर चौधरी कहते हैं कि जिस उद्देश्य के साथ यह वेजिटेबल मार्केट कॉम्प्लेक्स बना वह पूरा नहीं हो पाया दस साल बीतने के बाद भी आवास बोर्ड इसमें बने बैक्वेट हॉल को चालू नहीं करा पाया कुछ दुकानें सब्जी विक्रेताओं को आवंटित हुए मगर वे वहां यहां आना नहीं चाहते अब तो बिल्डिंग की स्थिति भी जर्जर हो चुकी है आवश्यकता इस बात की है कि इसे फिर से तैयार किया जाए जिससे बैक्वेट हॉल को गरीब गुरबों की शादी या अन्य सामाजिक कार्य के लिए इस्तेमाल किया जा सके।

2013 में बना मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू ने किया था तीन मंजिला इस मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स में ग्राउंड और पहले तल्ले का आवंटन वेंडर्स को किया गया है जबकि तीसरे फ्लोर पर कम्युनिटी हॉल है और 11 दुकानें हैं, जो आज तक आवंटित नहीं है जबकि पूरी बिल्डिंग में 200 से अधिक दुकान हैं पिछले दिनों आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने बदहाल पड़े इस मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स को देखने गए थे जब जमीनी हकीकत देख तो पता चला की लाखों की लागत से बना इस मार्केटिंग परिसर का क्या हाल हैहाउसिंग बोर्ड ने इसके लिए जिम्मेदार आवंटियों को मानते हुए नोटिस जारी कर दुकान में शिफ्ट होने का आदेश दिया है यदि ऐसा नहीं होता है तो आवास बोर्ड आवंटन रद्द करते हुए संबंधित व्यक्ति पर केस करने का निर्णय लिया है बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने कहा है कि खुले आसमान के नीचे दुकान लगाने वाले लोगों की सुविधा के लिए ही आवास बोर्ड ने यह व्यवस्था दी थी ऐसे में यदि वह अपने दुकान में शिफ्ट नहीं करते हैं तो कार्रवाई निश्चित रूप से होगी।